वर्ष- 11 अंक-208
लखनऊ, शनिवार 16 मार्च, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



बीमारी के खिलाफ इम्युनिटी बढ़ाने के लिए टीकाकरण कराना जरूरी : ब्रजेश पाठक 03

डॉ. दिनेश शर्मा ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां 12

## संक्षिप्त समाचार

### बुंदेलखंड में सपा को लोस चुनाव से पहले बड़ा झटका

**झांसी।** जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव की तिथि नजदीक आ रही है राजनैतिक गलियारों में भी दलबदल की हलचल तेज हो गई है। इसी भगदड़ रूपी हलचल का नमूना शुक्रवार को देखने को मिला। समाजवादी पार्टी को लोकसभा चुनाव की तिथियों की घोषणा होने से ठीक पहले बड़ा झटका लगा। जब समाजवादी पार्टी के पूर्व एमएलसी श्याम सुंदर सिंह अपने दर्जनों समर्थकों के साथ लखनऊ में भाजपा में शामिल हो गए। हालांकि इससे पूर्व वह एक बार कमल की सवारी पहले भी कर चुके हैं। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के पूर्व एमएलसी श्याम सुंदर सिंह परीछा लखनऊ पहुंचे और साइकिल की सवारी छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। श्याम सुंदर सिंह को भाजपा के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह समेत तमाम दिग्गजों ने भाजपा की शपथ दिलाते हुए उन्हें भाजपा में शामिल कराया। बुंदेलखंड में श्याम सुंदर सिंह यादव सपा के कद्दावर नेता माने जाते रहे हैं। वह दो बार एमएलसी रह चुके हैं। जबकि सपा 4 बार उन्हें एमएलसी उम्मीदवार बना चुकी है।

### संदेशखाली की महिलाओं ने की राष्ट्रपति से मुलाकात

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं ने शुक्रवार को अपनी वेदना, पीड़ा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सामने बयां की। पश्चिम बंगाल के उत्तरी-24 परगना जिले के संदेशखाली में रहने वाली आदिवासी और दलित समाज की 6 पीड़ित महिलाओं ने राष्ट्रपति के सामने अपने साथ हुए घटना की विस्तृत जानकारी रखते हुए इंसाफ और सुरक्षा की मांग की। उन्होंने राष्ट्रपति के सामने अपने और अपने परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई। उन्होंने मांग की उनके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। पीड़ित महिलाओं ने कहा कि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, अनुसूचित जाति आयोग और महिला आयोग की टीम ने भी संदेशखाली का दौरा कर उन्हें इंसाफ दिलाने का वादा किया है। मगर राज्य सरकार के संरक्षण के कारण आज भी दोषी खुले घूम रहे हैं। पीड़ित महिलाओं का कहना था कि शाहजहां शेख को भले ही सीबीआई ने हिरासत में ले लिया हो मगर उसके दो भाई सिराज शेख और आलमगीर लगातार जान से मार देने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित महिलाओं का दुख सुन कर राष्ट्रपति भी आहत हुईं और उन्होंने पीड़ित महिलाओं का भरोसा दिलाया कि सभी को हर हाल में इंसाफ दिलाया जाएगा।

### उत्तर प्रदेश में दो आईएएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ।** यूपी में दो आईएएस अफसरों की तैनाती में फेरबदल किया गया है। आईएएस विपिन मिश्रा और आईएएस केपी सिंह के तबादले किए गए हैं। यूपी में दो आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। आईएएस विपिन मिश्रा को नगर आयुक्त शाहजहांपुर बनाया गया है। वहीं, अभी तक नगर आयुक्त शाहजहांपुर के पद पर रहे आईएएस केपी सिंह की तैनाती आयुक्त, खाद्य रसद एवं सचिव सर्तकता आयोग के पद पर की गई है।

## सीएम योगी ने 1878 करोड़ रुपए की 76 विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास व लोकार्पण, कहा

# भारत जल्द बनेगा तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था

**मंच पर नया सवेरा में कियॉस्क पाने वाले स्ट्रीट वेंडर को आवंटन प्रमाण पत्र भी वितरित**

समृद्धि न्यूज



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बीते दस साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत बदल चुका है। सुरक्षित और समृद्ध हुआ भारत, दुनिया का सिरमौर बनने की ओर अग्रसर हो चुका है। दस वर्ष में यह विश्व की ग्यारहवीं से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अब मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का मतलब देश में हर व्यक्ति की आय कई गुना बढ़ जाएगी। तब जन कल्याण की हर योजना संतृप्तीकरण के शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त कर लेगी।

मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को दोपहर बाद मानबेला में गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की 1878 करोड़ रुपये की 76 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नई टाउनशिप राप्तीनगर विस्तार एवं स्पोर्ट्स सिटी के साथ 25 परियोजनाओं का शिलान्यास तथा 51 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने मंच पर नया सवेरा में कियॉस्क पाने वाले स्ट्रीट वेंडर को आवंटन प्रमाण पत्र भी वितरित किया जबकि मंचीय कार्यक्रम से पूर्व भूमिपूजन, विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन तथा नन्हे-मुन्ने बच्चों का अन्नप्राशन कराया। समारोह को सांसद रविकिशन शुक्ल और महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया जबकि मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने लोकार्पण और शिलान्यास की परियोजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। लोकार्पण और शिलान्यास समारोह में विधायक विपिन सिंह, फतेह बहादुर सिंह, श्रीराम चौहान, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### हम समस्या नहीं समाधान पर विश्वास करते हैं

योगी ने 2014 में मानबेला में हुई नरेंद्र मोदी की जनसभा का स्मरण कराते हुए कहा कि तबकी सरकार ने खाद कारखाना परिसर में अनुमति नहीं दी। तब नागरिकों के सहयोग से इसी मैदान पर मोदी जी की ऐतिहासिक सभा हुई। उन्होंने पूर्व की सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि समाज को जाति में बांटने वाले, शोषण करने वाले, लोगों के सामने समस्या खड़ी करते थे। उन्होंने किसानों को मुआवजा देने में आनाकानी की, जबकि हम समस्या नहीं, समाधान पर विश्वास करते हैं।

### नई परियोजनाओं से बनेगी गोरखपुर की नई पहचान

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राप्तीनगर विस्तार एवं स्पोर्ट्स सिटी प्रोजेक्ट की तारीफ करते हुए कहा कि इस परियोजना से हर वर्ग को उसकी जरूरत के अनुसार आवासीय सुविधा का लाभ मिलेगा तो साथ ही यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम युवाओं की खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि खेल को आगे बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार सभी जिलों में खेलो इंडिया सेंटर बना रही है तो उसी तरह प्रदेश सरकार खेलो यूपी सेंटर बना रही है। उन्होंने गोरखपुर की उपलब्धियों में खाद कारखाना, फोरलेन सड़कों, एम्स, रामगढ़ताल के साथ स्पोर्ट्स सिटी और नई टाउनशिप को जोड़ते हुए कहा कि जब यह प्रोजेक्ट पूरा होगा तो गोरखपुर की एक नई पहचान बन जाएगी।

### जल्द जारी करेंगे फेमिली आईडी कार्ड

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सरकार हर परिवार को जल्द फेमिली आईडी कार्ड जारी करने वाली है। इस कार्ड में परिवार के हर व्यक्ति का विवरण होगा। यदि किसी के पास काम नहीं होगा तो सरकार उसे काम दिलाएगी। जिसके पास मकान, शौचालय, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड नहीं होगा, उसके पास खुद जाकर सरकार यह सुविधा उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में युवा के लिए आजीविका है तो आस्था का सम्मान है। और बहन, बेटियों, व्यापारियों को सुरक्षा भी। सरकार विकास को आगे बढ़ाने और विरासत के संरक्षण का कार्य कर रही है।

### मनरेगा में अनियमितता पर ग्राम प्रधान, ग्राम रोजगार सेवक व सचिव से वसूली



**लखनऊ।** अम्बेडकर नगर के विकास खण्ड रामनगर की ग्राम पंचायत अरमां में मनरेगा कार्यों में अनियमितता व भ्रष्टाचार की आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायत की जांच ग्राम्य विकास आयुक्त द्वारा करायी गयी, खण्ड विकास अधिकारी रामनगर जिला अम्बेडकर नगर द्वारा की गयी जांच में दोषी पाए जाने पर ग्राम प्रधान, ग्राम रोजगार सेवक व सचिव से 56304 रूपये की वसूली की गयी है। ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि वसूली की धनराशि मनरेगा के सम्बन्धित खाते में जमा करायी गयी है एवं एक ही कार्य पर दो बार भुगतान करने के सम्बन्ध में सम्बन्धितों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करने एवं प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने हेतु सम्बंधित थानाध्यक्ष को भी तहरीर प्रेषित की गयी है।

## एनसीआर की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में बनेगा एससीआर

**आधा दर्जन जिलों को मिलाकर होगा तैयार**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तरप्रदेश के राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राज्य राजधानी क्षेत्र बनाने के यूपी सरकार के फैसले को मंजूरी दे दी है। यूपी की राजधानी लखनऊ में एनसीआर की तरह एससीआर बनाया जाएगा।

इसी को लेकर उत्तर प्रदेश में योगी सरकार की कैबिनेट ने मार्च के महीनें के शुरुआती दिनों में श्राज्य राजधानी क्षेत्र विधेयक का ड्राफ्ट तैयार किया था. अब इस ड्राफ्ट को मंजूरी मिल चूकी है और एससीआर को बनाए जाने का रास्ता साफ हो गया है। एससीआर में 6 जिलों को शामिल किया जाएगा। इन 6 जिलों में लखनऊ समेत हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली और बाराबंकी जिलों को शामिल किया जाना चाहिए। एससीआर बनने के बाद जनता को लखनऊ जैसी हाईटेक सुविधाओं का फायदा मिलेगा। जो भी गांव एससीआर में शामिल होगे, उनमें तेजी के साथ विकास होगा। लोगों को हर तरह की सुविधाएं मिलेंगी ,वे हेल्थ की सुविधा हो या शिक्षा से जुड़ी सुविधाएं हो। नोटिफिकेशन के बाद तय किया जाएगा कि कितने गांव इस परियोजना का हिस्सा बनेंगे।

### अदालत ने खारिज की अरविंद केजरीवाल की समन पर रोक वाली याचिका

**नयी दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट की सत्र अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर शिकायतों के आधार पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जारी समन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। केजरीवाल ने उन्हें जारी समन से बचने के लिए ईडी द्वारा दायर दो शिकायतों पर संज्ञान लेने के बाद मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा जारी समन को चुनौती दी है। सेशन कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल के वकीलों से कहा कि पेशी से छूट के लिए आप ट्रायल कोर्ट में आवेदन दे सकते हैं। केजरीवाल ने उन्हें जारी समन से बचने के लिए ईडी द्वारा दायर दो शिकायतों पर संज्ञान लेने के बाद मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा जारी समन को चुनौती दी थी।

## चुनावी बांड की पूरी जानकारी नहीं देने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**एसबीआई सोमवार तक मामले में दे जबाव**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को चुनावी बांड के यूनिक अल्फ़ा न्यूमेरिक नंबरों सहित संपूर्ण विवरण (जो चुनाव आयोग को वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए) का खुलासा नहीं करने पर शुक्रवार को फटकार लगाई और उसे नोटिस जारी करके सोमवार तक अपना जबाव दाखिल करने का निर्देश दिया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ , न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की संविधान पीठ ने एसबीआई को नोटिस जारी करते हुए कहा कि अदालत को सूचित किया गया कि चुनावी बांड जारी करने वाले बैंक ने प्रत्येक बांड की यूनिक अल्फ़ा न्यूमेरिक संख्या का खुलासा नहीं किया है। शीर्ष अदालत के समक्ष वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दलील दी कि 15 फरवरी 2024 के संविधान पीठ के फैसले के अनुसार सभी विवरणों का खुलासा किया जाना था। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि चूंकि एसबीआई फैसले में एक पक्ष है इसलिए उसे नोटिस जारी किया जा सकता है। पीठ ने कहा कि एसबीआई के वकील को यहां होना चाहिए था। पीठ ने कहा, यदि आप फैसले को देखें तो पता लगेगा कि हमने निर्दिष्ट किया है कि बांड नंबर प्रदान करना होगा। मुख्य याचिकाकर्ता एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से अधिवक्ता प्रशांत भूषण पेश हुए।

### सुप्रीम कोर्ट सीएए पर 19 को करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को नागरिकता संशोधन नियम 2024 (11 मार्च 2024 को अधिसूचित) के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की याचिका पर 19 मार्च को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग की ओर पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की गुहार स्वीकार करते हुए कहा कि मामले को मंगलवार के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उन्हें मामले को सूचीबद्ध करने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन याचिकाकर्ताओं को नागरिकता पर सवाल उठाने का अधिकार नहीं है। इससे पहले केरल की इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और अन्य ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर नागरिकता संशोधन नियम- 2024 के कार्यान्वयन पर रोक लगाने का निर्देश देने की गुहार लगाई थी। डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया ने एक अलग याचिका में नागरिकता संशोधन नियमों को संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन बताते हुए कहा है कि यह असंवैधानिक, भेदभावपूर्ण, स्पष्ट रूप से मनमाना, अनुचित और तर्कहीन है। याचिकाकर्ताओं ने अदालत से सीएए-2019 और नियमों के निरंतर संचालन पर रोक लगाने का अनुरोध किया है।

## यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में ट्रासपोर्ट कंपनी का कर्मचारी गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2023 के पेपर लीक मामले में शुक्रवार को कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने पुलिस मुख्यालय में वार्ता की। अहमदाबाद से परीक्षा का पेपर लीक किया गया है।

लीक करने वाले आरोपित उस कंपनी के कर्मचारी हैं जिन्हें पेपर को सुरक्षित रखने और ट्रांसपोर्ट करने की जिम्मेदारी मिली थी। इसमें एक आरोपित पूर्व कर्मचारी है। उन्होंने बताया कि परीक्षा लीक मामले के मास्टर माइंड प्रयागराज निवासी अभिषेक शुकला, शिवम गिरी और रोहित पाण्डेय को गिरफ्तार किया है। जिस एजेंसी द्वारा यह कार्य किया जा रहा था, उसकी एक ट्रांसपोर्ट एजेंसी टीसीआई है। इस एजेंसी का वह पूर्व कर्मचारी है। शिवम और रोहित वर्तमान कर्मचारी है। जिस एजेंसी को तय किया था, उसने प्रश्नपत्र छपने के बाद इस एजेंसी टीसीआई को स्टोरेज और ट्रांसपोर्टेशन की जिम्मेदारी दी थी। इसके दो कर्मचारी और एक अन्य पूर्व कर्मचारी पुलिस की गिरफ्त में है। इसके अलावा बिहार निवासी डॉ. शुभम मंडल को पुलिस हिरासत में लिया गया है। मास्टर माइंड गौतमबुद्धनगर निवासी रवी अत्री और प्रयागराज निवासी राजीव नयन मिश्रा फरार है। वह भोपाल भी आता-जाता है। राजीव का पूर्व इतिहास भी है। यूपी टेट परीक्षा में भी गिरफ्तार हो चुका है। मध्य प्रदेश में संविदा स्टॉफ नर्स परीक्षा लीक कराने में मुकदमा दर्ज है। रवि भी इसमें शामिल है, उसके खिलाफ रोहतक, हरियाणा में केस दर्ज है। इस प्रकार पूरे गैंग ने इस प्रश्न पत्र को लीक किया है। डीजीपी ने बताया कि रवि अत्री ने अभिषेक को बताया कि जैसे ही पेपर वेयर हाउस में पहुंचेगा तो इसकी सूचना उन्हें दे।

### चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति विवाद पर सुप्रीम कोर्ट 21 को करेगा सुनवाई

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिसंबर 2023 के (संशोधित) कानूनी प्रावधानों (जिसमें मुख्य न्यायाधीश की जगह एक केंद्रीय मंत्री को रखने का प्रावधान है) के तहत कई चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर तत्काल रोक लगाने की गुहार वाली याचिकाओं पर शुक्रवार को असहमति व्यक्त करते हुए कहा कि इस मामले में वह 21 मार्च को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक की याचिका पर कहा कि मामला पहले भी दो बार शीर्ष अदालत के समक्ष आ चुका है। अदालत आमतौर पर अंतरिम आदेश के जरिए किसी कानून पर रोक नहीं लगाती।

## लोस चुनाव : सपा ने सात सीटों पर घोषित किए उम्मीदवार

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा)ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में लोकसभा के सात उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। जारी सूची में एक सीट गठबंधन के तहत पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को दी है।

समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी के प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की है। सपा ने पीडीए गठबंधन के दावे को पूरा करते हुए इस बार बिजनौर से यशवीर सिंह, नगीना से मनोज कुमार, मेरठ से भानु प्रताप सिंह, अलीगढ़ से विजेंद्र सिंह, हाथरस से जसवीर वाल्मीकि, लालगंज से दरोगा सरोज को लोकसभा का उम्मीदवार बनाया है। जबकि एक सीट आईएनडीआईए गठबंधन की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के खाते में दी है। विपक्षी गठबंधन ने भदोही से तृणमूल कांग्रेस की टिकट ललितेश पति त्रिपाठी को चुनाव मैदान में उतारने का निर्णय लिया है।

### दरबार समेत कई ने थामा भाजपा का दामन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के एक और पूर्व विधायक ने आज पार्टी का साथ छोड़ कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं न्यू ज्वॉइनिंग टोली के प्रदेश संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा के समक्ष आज यहां स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में इंदौर के महू से कांग्रेस के पूर्व विधायक अंतरसिंह दरबार, इंदौर के वरिष्ठ नेता पंकज संघवी भाजपा में शामिल हो गए। उनके साथ ही धामनौद नगरपालिका अध्यक्ष सीमा विष्णु पाटीदार और कांग्रेस के पूर्व महासचिव बसंत चौरसिया भी भाजपा में शामिल हो गए। श्री दरबार के कई और भी समर्थक अब भाजपा में शामिल हो गए।

## लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का आज ऐलान करेगा निर्वाचन आयोग

**निर्वाचन आयोग आज दोपहर तीन बजे करेगा प्रेस कॉन्फ्रेस**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** आम चुनाव 2024 और कुछ राज्य विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेस कल यानी 16 मार्च को दोपहर 3 बजे आयोजित की जाएगी। देश में लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान कल यानी शनिवार को कर दिया जाएगा। इसके साथ ही कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा भी की जाएगी। चुनाव आयोग की ओर से बताया गया कि लोकसभा चुनाव और कुछ राज्य विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा कल की जाएगी।

चुनाव आयोग दोपहर 3 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसका एलान करेगा। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है और उससे पहले नई सरकार के गठन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। लोकसभा चुनाव के साथ आंध्र प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव की तारीखों का भी एलान हो सकता है। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर में चुनाव होंगे या नहीं? यह भी कल साफ हो जाएगा।

### 2019 में 10 मार्च को हुआ था चुनावों का ऐलान

पिछली बार लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान 10 मार्च 2019 को हुआ था। तब देश में सात चरण में मतदान हुआ था। 11 अप्रैल को पहले दौर का मतदान हुआ जबकि, 19 मई को सातवें यानी आखिरी दौर की वोटिंग हुई थी। वोटों की गिनती 23 मई को हुई थी।

**संबोधन**

### चतरा के भद्रकाली मंदिर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की पूजा-अर्चना

## चौथी बार भी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे नरेन्द्र मोदी : राजनाथ

एजेंसी



**चतरा (झारखंड)।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को रांची पहुंचने के बाद एयरपोर्ट से सीधे चतरा जिले के इटखोरी आए। माता भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की और चुनरी चढ़ाई। साथ ही मंदिर परिसर में रुद्राक्ष का पौधरोपण किया। इसके बाद उन्होंने चतरा संसदीय क्षेत्र स्तरीय बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लिया। यहां प्रदेश के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

अपने संबोधन में राजनाथ ने कहा कि झारखंड से उनका आत्मीय रिश्ता है। उनकी पत्नी झारखंड की हैं। भाषण के दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में जितने भी मंत्री रहे, सबों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे लेकिन भाजपा के किसी भी मंत्री पर एक भी भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में जितने भी विकास कार्य हुए वह रुकने वाला नहीं है। पहले भारत को अंतरराष्ट्रीय मंचों में बोलने का मौका नहीं दिया जाता था लेकिन आज प्रधानमंत्री मोदी को सबसे पहले मंच पर मौका दिया जाता है। उन्होंने कहा कि संगठन सर्वोपरि होता है। संगठन का जो भी निर्णय होता है, उसे स्वीकार करना चाहिए। राजनाथ ने कहा कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में हिंदुओं, सिखों, बौद्धों, ईसाइयों और पारसियों, जैनियों पर धार्मिक उत्पीड़न हुआ।

वे शरण के लिए भारत आए। हमने उन सभी को नागरिकता देने का फैसला किया। इसके लिए भाजपा को सांप्रदायिक पार्टी कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनेगा और ईश्वर की इच्छा है कि नरेन्द्र मोदी न केवल तीसरी बार, बल्कि चौथी बार भी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि झारखंड एक संपन्न राज्य है लेकिन यहां के मुख्यमंत्री पुलिस के डर से दो दिन गायब रहे। आज जेल में हैं। झारखंड के राज्यसभा सदस्य के घर में छापेमारी के इतने रुपये मिलते हैं कि मशीनों से गिनने में भी कई दिन लग जाते हैं। पूर्व की रघुवर सरकार ने माता भद्रकाली मंदिर विकास के लिए 500 करोड़ रुपये दिए थे लेकिन इस सरकार ने कार्य होने से रोक दिया। भाजपा सरकार जो बोलती है वह करके दिखाती है। राजनाथ ने कहा कि नरेन्द्र मोदी की सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर किया। हमारी सरकार ने महिलाओं के सम्मान के लिए घर-घर शौचालय व रसोई गैस उपलब्ध कराया। आयुष्मान कार्ड मुहैया कराकर गरीबों को पांच लाख तक मुक्त इलाज की व्यवस्था की है।

# मंडलायुक्त ने किया निर्वाचन तैयारियों का निरीक्षण

**बैठक कर स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल का भी लिया जायजा**



**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

मंडलायुक्त, अयोध्या गौरव दयाल ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में शामिल प्रत्येक कर्मी पूरी सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करे और इस प्रकार चुनाव प्रक्रिया में शामिल हों कि मतदान के प्रति जागरूकता में और अधिक बढ़ोतरी हो सके। उन्होंने कहा कि निर्वाचन बूथों पर मूल भूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में किसी भी स्तर पर कोताही नहीं होनी चाहिए और दूर सुदूर के ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान बूथों का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। मंडलायुक्त आज लोक सभागार में आसन्न लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, अपर आयुक्त अजय कांत सैनी, मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह सहित सभी सम्बंधित अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। मंडलायुक्त ने चुनाव प्रभारी अधिकारियों से कहा कि वे अपने अपने क्षेत्रों में संवेदनशील बूथ आदि सबसे पहले चिन्हित करें, क्षेत्र के असामाजिक तत्वों की निशानदेही करें और अभी से सुनिश्चित करें कि मतदान तक उनके क्षेत्र में किसी भी स्तर पर शांति व्यवस्था में व्यवधान नहीं होने पाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ज़िलाधिकारी से लगातार समन्वय बना कर चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराएं। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रशिक्षण चुनाव प्रक्रिया की महत्वपूर्ण कड़ी है, ये प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

मंडलायुक्त ने कहा कि अभी तक उन्होंने यहां की कार्य प्रणाली मे किसी प्रकार की कमी नहीं पाई है, यहां पर सभी कार्य निर्धारित मानक अनुसार चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता, मतदाता सूची पुनरीक्षण एवं ईवीएम रख रखाव आदि के कार्य संतोषजनक हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव से सम्बंधित अन्य कार्य विशेष रूप से आवागमन आदि के कार्य की प्रगति संतोषजनक है। बैठक से पूर्व मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी न्यायालय, संयुक्त कार्यालय, नज़ारत, राजस्व अभिलेखागार, पुराने अभिलेखागार, आपदा कंट्रोल रूम आदि का निरीक्षण किया और सम्बंधित को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने न्याय सहायक से जनपद में खनन के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की और नजारत में वाहन, गाड़ियों के अनुरक्षण से सम्बंधित अल्मारियों को खुलवा कर कार्यो का रजिस्टर एवं पत्रावलियों को देखा और सम्बंधित को निर्देश दिए। उन्होंने पेंशन से सम्बंधित प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निपटाने को निर्देश दिए और अभिलेखागार के दस्तावेजों के डिजिटलीकृत करने की प्रक्रिया के सम्बंध में भी जानकारी प्राप्त की। बैठक के बाद मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी के साथ नवीन मंडी स्थल में ईवीएम तथा वीवीपैट सहित अन्य निर्वाचन सामग्री वितरण स्थल, स्ट्रॉग रूम एवं मतगणना स्थल का भी स्थलीय निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिए।

# ईमानदारी से करें दायित्वों का निर्वहन: रामदेव सिंह

**हैदरगढ़,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



ब्लॉक संसाधन केंद्र हैदरगढ़ में आज शिक्षा विभाग द्वारा ग्राम प्रधान स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों प्रधानाध्यापको का ब्लॉक स्तरीय एकदिवसीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने हिस्सा लिया।

मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने माता सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कहा कि ग्राम प्रधान व अध्यापक आपस में सामंजस्य से स्थापित करके शिक्षा के क्षेत्र में चल रही योजनाओं को भली भांति लागू करना है जिससे उनका लाभ बच्चों को मिल सके और बच्चों की शैक्षिक योग्यता में प्रगति हो आप सभी को ईमानदारी और कर्मठता के साथ अपने दायित्व्यों का निर्वहन करना चाहिए। खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ ने संगोष्ठी का उद्देश्य बताते हुए कहा कि उन्मुखीकरण कार्यक्रम का उद्देश्य बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों योजनाओं व सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म स्कूल बैग व स्टेशनरी क्रय हेतु धनराशि अभिभावकों के बैंक खाते में प्रेषित किया जाना है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह सोनू प्रधान आनंद प्रताप सिंह अलगू प्रधानाध्यापिका आशा गुप्ता लवकुश पांडे श्रवण शुक्ल सहित ब्लॉक एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# इंडिया गठबंधन का जनसंपर्क अभियान शुरू

**लोकसभा 53 बाराबंकी से प्रत्याशी तनुज पुनिया ने शुरू किया जनसंपर्क अभियान**

**हैदरगढ़,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**



लोकसभा चुनाव को अब कुछ ही हफ्ते बचे हुए हैं सभी राजनीतिक दल चुनाव की तैयारी में जोर-शोर से लगे हुए हैं इसी क्रम में लोकसभा 53 बाराबंकी से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया और उनके समर्थकों द्वारा विधानसभा हैदरगढ़ में जगह-जगह जनसंपर्क कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। नगर के ब्रम्हनान वार्ड में युवा नेता रोहित मिश्रा द्वारा आयोजित बैठक में तनुज पुनिया ने कहा कि देश और प्रदेश के भविष्य निर्माण के लिए जनता के मुद्दों पर चुनाव लड़ना जरूरी है उन्होंने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सिर्फ समाज को बांटने की राजनीति कर रही है हम सबको भाजपा की इस चालबाजी से सावधान रहना है और खुशहाल भारत का निर्माण करने में मिलकर सहयोग करना है।

तत्पश्चात पुनिया ने ग्राम पंचायत थलवारा में चल रहे ब्रह्म भोज में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और लोगों से उनके कुशल छेम जाना। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजकुमार सिंह दिनेश शुक्ला संजीव सिंह डिंपल युवा सपा नेता पप्पू सिद्दीकी सभासद शब्बीर राईन सूरज दीक्षित सरवर सिद्दीकी अली रिजवी आसिफ कुरैशी पवन कुमार यादव सहित कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## स्कार्पियो के पलटने से चार लोग घायल

**हैदरगढ़,बाराबंकी।** बिटिया की विदायी कराने के लिए जा रहे परिजन स्कार्पियो पलट जाने से गम्भीर रुप से घायल हो गये। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुचाए गये घायलो को प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के तारागंज गांव निवासी राम जस की पुत्री लक्ष्मी का विवाह गत 11 मार्च को बम्हरौली गांव से हुआ था। सुबह लगभग साढ़े11 बजे परिजन और रिश्तेदार स्कॉर्पियो पर सवार होकर बिटिया की विदाई कराने के लिए जैसे ही पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर चढ़ने लगे तभी स्कार्पियो अनियंत्रित होकर खेतों में पलट गई जिसकी वजह से उसमें सवार इसी गांव निवासी मंगली पाल पुत्र परवानी 37 वर्ष, राम नेवाज पुत्र नन्हऊ 35 वर्ष, रायबरेली जनपद के थाना शिवगढ़ के मंजूपुर निवासी सुनीता पत्नी अनुज 35 वर्ष एवं थाना लोनी कटरा त्रिवेदीगंज के जमुनीपुर निवासी हिमांशु पुत्र गुरु चरन 11 वर्ष घायल हो गए ।सभी घायलों को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया।

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निकाली गई मशाल रैली

**बाराबंकी।** मतदाता जागरूकता अभियान 'स्वीप' के अंतर्गत आज सांय एक मशाल रैली का आयोजन किया गया।

यह मशाल रैली ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार तथा पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर से पुलिस लाइन तक निकाली गई। लोकतांत्रिक महोत्सव यानी चुनाव के इस अवसर पर कलेक्ट्रेट से लेकर पुलिस लाइन तक मशाल को सभी ने एक दूसरे के हाथों से लेकर पहुंचाया। पुलिस लाइन में जिलाधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार ने उपस्थित जन को मतदान में सम्मिलित होने एवं चुनावी प्रक्रिया के प्रति जागरूकता की शपथ भी दिलाई।

# महिला सहित छह पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**जैदपुर, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

**पीड़ित ने बताया कि शातिर महिला से उसे खतरा है**

कोर्ट के आदेश पर जैदपुर कस्बा निवासी एक युवक को विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाली एक महिला सहित छह लोगो के विरुद्ध थाना कोठी पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। बताते चले कि विदेश भेजने के नाम क्षेत्र मे दलालो के शिकार लोग पैसे वापस पाने के लिए दर दर भटक रहे है। ऐसे दलाल पूरे क्षेत्र मे अपना मकरजाल फैलाये हुए है जिसमे भोले-भाले बेरोजगार युवा विदेश मे अच्छी नौकरी के नाम पर इसमे फंस जाते है। मामला जैदपुर के मोहल्ला मुतफर्रिक आबादी कैनरा बैंक के निकट रहने वाले शकील पुत्र अय्यूब आटो चालक का है।

जिससे विदेश भेजने हेतु जैदपुर कस्बे के इस्लामनगर निवासी सलमान पुत्र ईसा व सलमान की पत्नी उजमा ने अन्य चार ने मिलकर एक लाख सत्तर हजार रूपये लेकर विदेश भेजने का बीजा दिलाने की बात कही थी। परन्तु धोखाधड़ी करते हुए टूरिस्ट वीजे से विदेश भेजा गया था। जहां पहुंचने पर काम न मिलने से गरीब आटो चालक किसी तरह पैसो की व्यवस्था करते हुए टिकट कराकर वापस आने पर अपने पैसे वापस मांगा तो गंदी गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया गया। जिसकी शिकायत कोठी थाने मे करने के पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की। पीड़ित ने इंसाफ़ व दलालो पर कार्यवाही हेतु कोर्ट की शरण ली थी। कोर्ट के आदेश बाद कोठी थाने मे उजमा पत्नी सलमान, सलमान पुत्र ईसा इस्लामनगर थाना जैदपुर, इरफान,धरावा ईदगाह सुल्तानपुर, वफात अजमेरी, पुत्र नय्यूम प्रदीप, जावेद निवासीगण गोदहा प्रतापगढ़ राजस्थान के विरुद्ध धारा 419, 420, 467,468,471, 406, 504, 506 धाराओ मे मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गयी है।इस संबंध मे पीड़ित शकील ने बताया कि शातिर महिला से उसे खतरा है। वह उसको झूठे आरोपो मे फंसाने की धमकी भी दे रही है।

## खबरें एक नजर में

### मनरेगा में नही हुए कार्यों का भुगतान

**हैदरगढ़,बाराबंकी।** मनरेगा योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार को 450 करोड रुपए की धनराशि आवंटित की गई। फिर भी विकास खण्ड हैदरगढ़ में एक भी एफ टी ओ का भुगतान नहीं हुआ। जिससे आहत स्थानीय विकास खण्ड की सरायरावत ग्राम पंचायत के प्रधान एवं प्रधान संघ के उपाध्यक्ष संतोष शुक्ला ने अपने पास से इस्तीफा दे दिया है और अपना त्यागपत्र प्रधान संख्या अध्यक्ष हनुमान प्रसाद द्विवेदी को भेज दिया है। यही नहीं उन्होंने अपने त्यागपत्र को सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिया है जिस पर प्रधानों द्वारा तमाम क्रिया प्रतिक्रिया व्यक्त की जा रही है।

### श्रीमद्भागवत कथा में राजा बाली की कथा सुनाई गई

**मसौली,बाराबंकी।** ग्राम पंचायत बड़ागांव के मोहल्ला नाली पार स्थित दुर्गा मंदिर पर चल रही 7 दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के 5 वे दिन कथावाचक उमेश महराज ने राजा बाली की तीन त्रिलोक की कथा सुनाकर श्रोताओ को भाव विभोर कर दिया। कथावाचक उमेश महराज ने धार्मिक पौराणिक कथा के अनुसार, त्रेता युग में राजा बलि भगवान विष्णु का अनन्य भक्त रहा. राजा बलि ने राक्षस कुल में जन्म लेने के बाद भी अपनी असाधारण भक्ति से भगवान विष्णु को प्रसन्न कर लिया। इस मौके पर श्रवण कुमार कश्यप, कन्हैयालाल चौहान, राकेश कश्यप, सुरजन सिंह यादव, राजेंद्र यादव, जसकरण कश्यप, सुभाष कश्यप, देशराज यादव, राजमल रावत, सोनापति, लल्लू यादव सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

### जिला पंचायत में लहराया 45 मीटर ऊंचा तिरंगा



**बाराबंकी।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य मे जिला पंचायत कार्यालय परिसर में स्थापित 45 मीटर (150 फिट) ऊँचे राष्ट्रीय ध्वज का उद्घाटन राजरानी रावत, अध्यक्ष जिला पंचायत द्वारा किया गया। इस समारोह में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, सीडीओ अ0 सुदन, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार मौर्य, जिला महामंत्री संदीप गुप्ता, गुरुशरण लोधी प्रमोद तिवारी,अपर मुख्य अधिकारी, पल्लवी यादव, कार्य अधिकारी, रवीन्द्र सिंह, अमित कुमार सिंह, एवं जिला पंचायत के समस्त अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### अवैध कब्जा मुक्त कराने के लिए की शिकायत

**भीरा खीरी।** एक तरफ सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ अवैध कब्जा हटाओ अभियान चला रहे है वही गोला तहसील प्रशासन उनके आदेशो की जमकर धज्जियाँ उड़ा रहा है। लखीमपुर कलेक्ट्रेट में आयोजित जनता दरबार में युवक ने की सरकारी भूमि पर से अवैध कब्जा हटाने की मांग। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट लखीमपुर में लखनऊ कमिश्नर रोशन जैकब की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में बिजुआ विकासखंड के कस्बा बिजुआ निवासी इरशाद ने प्रार्थना पत्र दिया जिसमें बताया कि ग्रामसभा बिजुआ में लखीमपुर -भीरा हाइवे मार्ग पर सरकारी भूमि गाटा सँख्या 2444/ 0.0224 हेक्टेयर नवीन परती इंतिखाब पर दर्ज है।बेशकीमती जमीन पर मनिक चन्द मिश्रा ने अवैध कब्जा कर भवन बना रखा है जिसके विरुद्ध तहसीलदार गोला द्वारा 30 जुलाई 2008 को उक्त भूमि से बेदखली का आदेश दिया जा चुका है।

# शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण करें अफसर: आयुक्त

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**



जनशिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता में शामिल है, शुक्रवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कमिश्नर रोशन जैकब ने कलक्ट्रेट सभागार में शिकायतों की सुनवाई की। कमिश्नर द्वारा सुनवाई की सूचना पाकर शिकायतकर्ताओं का सैलाब उमड़ पड़ा, सुबह 11 बजे से शिकायतों की सुनवाई और उनका निस्तारण शाम चार बजे तक चला।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि 223 शिकायतें सुनी गईं, इसमें से कुछ शिकायतों के निस्तारण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को भेज कर उनका निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई के दौरान आयुक्त ने निर्देश दिया कि तहसील स्तर पर एसडीएम मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के कैंप लगवाएं। प्राप्त मामलों का गंभीरता से निस्तारण कराए। कमिश्नर डॉ रोशन जैकब ने बताया कि ,जनशिकायतों का निस्तारण मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में है। शिकायतकर्ताओं के संबधित जनपद में ही किया जाए, लोगों को अपनी शिकायतों के निस्तारण के लिए बेवजह लखनऊ तक की दौड़ न लगानी पड़े। इसलिए मंडलीय जनता दर्शन को विकेंद्रीकृत कर जनपद स्तर पर किया जा रहा है। रोस्टर के मुताबिक वो जनशिकायतों को सुनने व निस्तारित करने के लिए यहां पहुंची हैं।

कहा उनकी कोशिश रहेगी दर्ज की गई शिकायतों का एक सप्ताह के अंदर निस्तारण कर दिया जाए। हर स्तर पर सुनवाई बेहतर हो। अधिक संवेदना, समयबद्ध निस्तारण मौके पर और धरातल पर निस्तारण हो, इसके लिए हर अधिकारी को कोशिश करनी चाहिए। जनसुनवाई में जनशिकायतों को निस्तारित करने के लिए मंडलीय अधिकारियों के साथ ही जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कमिश्नर ने बताया कि अधिकांश शिकायतें भूमि संबधी व आपसी लड़ाई-झगड़े की आईं। तहसील स्तर पर वरासत व भूमि अभिलेखों से संबधित शिकायतें भी बहुत आईं। निर्देश दिए गए इस तरह की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से कर दिया जाए। इसके लिए तहसीलों के अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए। जिम्मेदारों की जबावदेही भी तय की गई। जनसुनवाई में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी पवन गौतम सहित सभी एसडीएम, विभागों के जिम्मेदार उपस्थित रहे।

## स्वीप के तहत मतदाताओं को किया गया जागरूक

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** तहसील क्षेत्र के ग्राम रानीकटरा मजरे अगानपुर भाग संख्या 85 में तथा दुर्जनपुर विद्यालयों में स्वीप रैली के माध्यम से मतदाताओं से मतदान करने की अपील तहसीलदार वैशाली अहलावत की अगुवाई में की गई। शुक्रवार को तहसीलदार ने ग्राम रानीकटरा मजरे अगानपुर एंव दुर्जनपुर विद्यालयों में स्कूली बच्चों के साथ मतदाताओं को मतदान करने को प्रेरित करने हेतु स्वीप रैली में स्लोगन बैनर बोर्ड आदि के माध्यम से जागरुक किया गया। तहसीलदार ने मतदान केन्द्र पर विजली पानी रैम्प टायलेट आदि का निरीक्षण किया। एस डी एम सिरौलीगौसपुर आनन्द कुमार तिवारी ने बरोलिया किन्तूर बरदरी मरकामऊ खुर्दमऊ दरिगापुर इत्यादि बूथों का निरीक्षण किया विजली पानी रैम्प टायलेट आदि ब्यवस्थाओं का जायजा लिया।तथा उपस्थित ग्रामीणों से मतदान करने की अपील किया।

# पूर्व विधायक के घर लाखों की चोरी



**धौरहरा खीरी। समृद्धि न्यूज**

**एसपी ने मौके पर पहुंचकर अधीनस्थों को जल्द खुलासा करने के दिए निर्देश**

ईसानगर थाना क्षेत्र के बेल्तुआ में स्थित पूर्व विधायक बाला प्रसाद अवस्थी के फार्म हाउस में बीती रात चोरों ने कई कमरों के ताले खोलकर करीब 30 लाख की नकदी समेत अन्य सामान व रिवाल्वर चुरा ले गए। सुबह जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। जिसकी जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुचकर जांच पड़ताल में जुट गया वही घटना को गंभीरता से लेते हुए दोपहर बाद पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने बेल्तुआ पहुंचकर जायजा लेकर अधीनस्थों को जल्द ही चोरों को पकड़ने के निर्देश दिए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व विधायक बालाप्रसाद अवस्थी के बेल्तुआ गांव मे स्थित फार्महाउस पर गुरूवार की रात पूर्व विधायक बालाप्रसाद अवस्थी, उनकी पत्नी, बड़े लड़के राजीव अवस्थी व उनका परिवार प्रतिदिन की भांति खाना खाने के बाद अपने अपने कमरे मे जाकर सो गया।

शुक्रवार सुबह करीब बर्तन साफ करने के लिये आये नौकर ने घर के दरवाजों के खुले होने जानकारी परिवार को दी जिसको देख परिवार मे हड़कंप मच गया। आनन फानन में मौके पर क्षेत्राधिकारी धौरहरा, प्रभारी निरीक्षक धौरहरा, प्रभारी निरीक्षक खमरिया व ईसानगर थानाध्यक्ष दलबल के साथ पूर्व विधायक की कोठी पर पहुंच गये। जहां गहनता से जांच व तलाश के दौरान बाउंड्री दीवार के पास से रिवाल्वर बरामद हो गया।

## आजीवन कारावास व अर्थदण्ड की सुनाई सजा

**लखीमपुरखीरी।** जायदाद की लालच मे हत्या करने के मामलें मे न्यायालय खीरी ने आजीवन कारावास व बीस बीस हजार के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया है। ज्ञात हो कि वर्ष 2008 में थाना मोहम्मदी जनपद खीरी पर अभियुक्तगण शरीफ, दोष मोहम्मद पुत्रगण अजमत निवासीगण मोहम्मदपुर दीना थाना मोहम्मदी जनपद खीरी के द्वारा जायदात की लालच मे रहमान पुत्र फकीरे की हत्या करने पर थाना मोहम्मदी जनपद खीरी पर मुकदमा पंजीकृत हुआ था। उक्त मुकदमे का विचारण पर न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश मोहम्मदी खीरी द्वारा करते हुए दिनांक 15.03.2024 को अभियुक्तगण को आजीवन कारावास के अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के अध्यापक हुए लामबंद

**स्थानांतरण प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप**

**लखीमपुरखीरी। समृद्धि न्यूज**

जनपद में संचालित 16 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के अध्यापक, अध्यापिकाओं द्वारा बताया गया है कि जब उनकी नियुक्ति जिला शिक्षा परियोजना समिति के माध्यम से की गई थी, उसमे अध्यापक अध्यापिकाओं का किसी भी प्रकार से स्थानांतरण का कोई उल्लेख नही किया था, जबकि पूरे उत्तर प्रदेश में संचालित हजारों की संख्या में कस्तूरबा विद्यालयों में कहीं भी स्थानांतरण की प्रक्रिया नही की जा रही है। 14 मार्च की शाम को आनन फानन में जनपद खीरी के कार्यालय जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के पत्रांक संख्या 7678-79 दिनांक 14.03.24 के द्वारा एक लेटर जारी कर सभी विद्यालयों में नियुक्त सभी अध्यापक अधापिकाओं के स्थानांतरण किए जाने के लिए सूचनाएं मांगी गई, जिससे कस्तूरबा में नियुक्त सभी में हड़कंप मच गया, और सभी ने जिला मुख्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी से वार्ता करने का निर्णय लिया। पत्र में राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा उप्र लखनऊ पत्रांक के.जी.बी.वी./ 13150/2023-24 दिनांक 01.02.2024 के अनुपालन का उल्लेख करके जनपद में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में कार्यरत शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कार्मियों की वर्ष 2024-25 के लिये नवीन संविदा हेतु जनपदीय चयन समिति की बैठक 14.03.2024 को आहूत की गयी।

# सात करोड़ से लोधेश्वर महादेवा मंदिर के आस-पास का होगा विकास

**पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु 48 करोड़ 70 लाख 19 हजार रुपए स्वीकृत**

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि जनपद बाराबंकी स्थित लोधेश्वर महादेव मंदिर के आस पास की भूमि को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु भूमि क्रय किए जाने के सम्बंध में शासन से प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है। उन्होंने बताया कि इस सम्बंध में पहली किस्त 6,71, 71, 095.00 (रूपये छः करोड़ इकहत्तर लाख इकहत्तर हजार पंचानवे मात्र) जारी करने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। उन्होंने कहा कि बाराबंकी में यह एक ऐतिहासिक कार्य होने की शुरुआत है। जिलाधिकारी ने बताया कि उनके प्रस्ताव पर शासन ने लोधेश्वर महादेव मंदिर के आस पास की भूमि को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किये जाने हेतु क्रय किये जाने रूपए 51,11,29,456.00 में से स्टाम्प शुल्क की धनराशि रूपए 2,41,09,880.00 कम करते हुए रूपए 48,70,19,576.00 की भूमि क्रय किए जाने का प्रस्ताव उपलब्ध कराते हुए चालू विलीय वर्ष 2023-24 में रूपए 48, 70, 19.576.00 (रूपये अडतालिस करोड़ सत्तर लाख उन्नीस हजार पाँच सौ छिहत्तर मात्र) प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति एवं रूपए 6,71,71,095.00 (रूपये छः करोड़ इकहत्तर लाख इकहत्तर हजार पंचानवे मात्र) की धनराशि निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया था। ज़िलाधिकारी के अनुसार उप सचिव राजेंद्र प्रसाद द्वारा महानिदेशक, उत्तर प्रदेश पर्यटन को भेजे गए स्वीकृति पत्र में कहा गया है कि जनपद बाराबंकी में स्थित लोधेश्वर महादेव मंदिर के आस पास की भूमि को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किये जाने हेतु क्रय किये जाने हेतु रुपए 48.70.19.576.00 (रूपये अड़तालिस करोड़ सत्तर लाख उन्नीस हजार पाँच सौ छिहत्तर मात्र) की प्रशासकीय स्वीकृति एवं वित्तीय स्वीकृति तथा प्रथम किश्त के रूप में रूपए 6,71,71,095.00 (रूपये छः करोड़ इकहत्तर लाख इकहत्तर हजार पंचानवे मात्र) व्यय किये जाने हेतु जिलाधिकारी के निवर्तन पर रखे जाने की राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

यह धनराशि निवर्तन पर रखी जा रही है और इसका उपयोग नियमानुसार उसी कार्यमद हेतु किया जायेगा, किसी अन्य मद/प्रयोजन हेतु नहीं किया जायेगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि इस प्रायोजन हेतु यदि नयी भूमि का अधिग्रहण किया जाता है, तो इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी, बाराबंकी के माध्यम से अधिग्रहण के सम्बन्ध में राजस्व विभाग के संगत शासनादेश की व्यवस्था अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी।

## व्यापारियों ने किया रोड जाम

**लखीमपुर खीरी।** शहर के संकटा देवी रोड के चौड़ीकरण के मामले में व्यापारियों को समस्या उत्पन्न हो गई है। सड़क का चौड़ीकरण होने के बाद संकटा देवी रोड पर बेहतर आवागमन के लिए सड़क के बीच डिवाइडर बनाया जा रहा है लेकिन सड़क के बीच बन रहे डिवाइजर से संकटा देवी और गल्ला मंडी के व्यापारियों को समस्या हो रही है। व्यापारियों का कहना है कि डिवाइडर बनने से जाम की स्थिति उत्पन्न होगी। आक्रोशित व्यापारियों ने शुक्रवार को संकटा देवी रोड पर जाम लगा दिया है। व्यापारियों का कहना है कि डिवाइडर बनने से गल्ला मंडी में आने वाले माल से भरे ट्रक माल खाली कराएंगे।

# रिपोर्ट दर्ज होने के बाद हुआ युवक का अंतिम संस्कार

**मृतक के शरीर पर थे चोट के निशान परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को दी थी तहरीर**



**बिजुआ खीरी। समृद्धि न्यूज**

गुलरिया चीनी मिल यार्ड में हुई युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। बृहस्पतिवार को परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज न होने पर अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया था। गुलरिया चीनी मिल प्रबंधक व सिक्योरिटी हेड पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद शुक्रवार दोपहर युवक के शव का अंतिम संस्कार किया गया। मृतक आशीष का शव घर पहुंचते ही घर में कोहराम मच गया।

मृतक की मां राम सहेली रोते रोते बेहोश होकर गिर गईं। गुलरिया चीनी मिल में गन्ना लेकर आए भीरा थाना क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी किसान पुत्र आशीष कुमार उम्र करीब 20 वर्ष का शव चीनी मिल परिसर के गन्ना यार्ड में बुधवार को पड़ा मिला था। मृतक आशीष के शरीर पर चोट के निशान थे। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। जिस पर परिजनों ने पोस्टमार्टम होकर आए आशीष के शव को बृहस्पतिवार को अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया और शव को घर पर ही रखे रहे। परिजन इस बात पर अड़े थे कि जब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं होगी तब तक शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।

# हर घर नल से जल योजना का लक्ष्य 80 प्रतिशत तक पूरा : दुर्गा शंकर

**मुख्य सचिव ने की हर घर नल से जल योजना की समीक्षा**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने जल जीवन मिशन की हर घर नल से जल योजना की गहन समीक्षा की। मुख्य सचिव ने योजना की प्रगति पर खुशी जाहिर की और उन्होंने कहा कि 80 प्रतिशत का लक्ष्य जिस तरह से उत्तर प्रदेश ने बहुत तेज गति से प्राप्त किया है। इसी तरह से आगे शत प्रतिशत लक्ष्य को भी प्रदेश हासिल कर लेगा।

उन्होंने इसको लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने यूपी के गांवों में घर तक नल से जल पहुंचाने की प्रगति के बारे में अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की और जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने इस बात पर खुशी जाहिर की कि अन्य बड़े राज्यों के मुकाबले उत्तर प्रदेश की प्रगति इस दिशा में बहुत ही अच्छी है। उत्तर प्रदेश में अब तक करीब 2.12 करोड़ ग्रामीण घरों में नल कनेक्शन दे दिये गए हैं, जबकि जल जीवन मिशन के तहत यह लक्ष्य 2.65 करोड़ का है। उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करके प्रदेश के हर गांव को हर घर नल से जल योजना से संतृप्त किया जाये।

# यीडा के आठ भूखंडों पर होगा 86 करोड़ का निवेश, 600 लोगों को मिलेगा रोजगार

## प्राधिकरण ने आठ भूखंडों के लिए ई ऑक्शन प्रक्रिया की संपन्न, 37 करोड़ रुपए से ज्यादा की धनराशि हुई प्राप्त

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** यीडा ने गुरुवार को अपने 8 संस्थागत भूखंडों के ई ऑक्शन के जरिए 37 करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि प्राप्त की है। इन भूखंडों पर आवंटी द्वारा लगभग 86 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा, जिससे लगभग 600 लोगों को रोजगार मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि प्राधिकरण की संस्थागत भूखंडों के आवंटन की योजना के तहत गुरुवार को ई ऑक्शन की प्रक्रिया पूर्ण हुई है। इसमें यीडा को बिड साइज से 5 करोड़ रुपये से भी ज्यादा की धनराशि मिली है।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि इन सभी फाइनल बिड के माध्यम से करीब 600 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। नर्सिंग होम के लिए फाइनल हुई सभी 6 बिड के माध्यम से यीडा क्षेत्र में 52.03 करोड़ रुपया का निवेश किया जाएगा। इन सभी 6 नर्सिंग होम परियोजनाएं के धरातल पर उतरने से लगभग 450 लोगों को नौकरी के अवसर प्राप्त होंगे। वहीं कॉर्पोरेट ऑफिस के लिए फाइनल बिड 9.48 करोड़ से ज्यादा की रही, जिसके जरिए क्षेत्र में 14.69 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इससे 120 नौकरियों के अवसर सृजित होंगे। सीनियर सेकेंडरी स्कूल के लिए फाइनल बिड 13.36 करोड़ से ज्यादा की रही, जिसके माध्यम से 19.13 करोड़ रुपये का निवेश होगा और लगभग 30 लोगों को रोजगार प्राप्त हो सकेगा।

### पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई ई ऑक्शन की प्रक्रिया

योजना के तहत ई ऑक्शन के माध्यम से आवंटन किए जाने के लिए 11 दिसम्बर 2023 को सूचना प्रकाशित की गई थी। 14 मार्च 2024 को इन भूखंडों का यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में ई ऑक्शन सीईओ अरुणवीर सिंह के दिशा निर्देशों में पारदर्शी तरीके से संपन्न हुआ, जिसमें 8 भूखंडों के सापेक्ष कुल बिड प्राइज लगभग 31.48 करोड़ की थी। प्राधिकरण को 37.12 करोड़ की धनराशि प्राप्त होगी जो कि बिड प्राइज से 5.65 करोड़ रुपये अधिक है। परियोजनाओं में कुल लगभग 86 करोड़ का निवेश किया जाएगा तथा परियोजनाओं के क्रियाशील होने पर लगभग 600 व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त होगा। इससे यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के विकास में गतिशीलता आएगी।

### प्राप्त हुए थे कुल 29 आवेदन

इस योजना में नर्सिंग होम के 6 भूखंडों के सापेक्ष कुल 14, कारपोरेट ऑफिस के 1 भूखंड के सापेक्ष 14 एवं सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 1 भूखंड के सापेक्ष 1 आवेदन प्राप्त हुए थे। भूखंडों में सबसे अधिक भूखंड (सीनियर सेकेंडरी स्कूल) का क्षेत्रफल 10115 वर्ग मीटर है जोकि 2.5 एकड़ से भी अधिक है। यह भूखंड मेसर्स सुभाष इंफ्राइंजिनियर्स प्रा. लि. को प्राप्त हुआ है। इसके अलावा कॉर्पोरेट ऑफिस का एक भूखंड जो मेसर्स फ्लवस कैपिटल प्रा. लि. को प्राप्त हुआ। इसकी बिड प्राइज से लगभग दो गुना रेट पर लगी है।

# खबरें एक नजर में

### डिप्लोमाधारियों ने लोक निर्माण विभाग का किया घेराव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अपने भविष्य को लेकर चिंतित हजारों डिप्लोमा धारियों ने आज लोक निर्माण विभाग के विभागाध्यक्ष का घेराव किया। डिप्लोमाधारियों ने डिप्लोमा को लेकर विभागाध्यक्ष वी.के. श्रीवास्तव द्वारा जारी विवादास्पद पत्र को सरकार की नियमावली एवं उच्च न्यायालय के आदेश के विपरीत बताया। डिप्लोमा धारियों का कहना था कि उच्च न्यायालय की वृहद पीठ द्वारा अपने एक निर्णय में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि जूनियर इंजीनियर की अर्हता नियमावली में डिप्लोमाधारी हैं। यह पूर्णतया उचित हैं। आन्दोलन कारियों का कहना था कि विभागाध्यक्ष को इस तरह सरकार के नियम के विरुद्ध एवं न्यायालय के निर्णय के विपरीत विवादास्पद पत्र नहीं लिखना चाहिए। इस तरह के गैर वाजिब आदेश से भर्ती प्रक्रिया उलक्ष जाएगी तथा कम आय वाले परिवारों के डिप्लोमाधारी बच्चों का भविष्य अंधेरे में चला जाएगा। उन्होंने डिप्लोमा इसी कारण से लिया था कि वे भविष्य में जूनियर इंजीनियर बनकर प्रदेश और देश के विकास की रीढ़ कहे जाने वाले अभियंत्रण विभाग में अपनी भूमिका का निर्वहन कर अपने परिवार का भरण पोषण कर सकेगें।

### ट्रक के अंदर फंदे से लटकता मिला चालक का शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के निगोहां थाना क्षेत्र में हाइवे किनारे खड़े ट्रक के अंदर संदिग्ध परिस्थिति में फांसी के फंदे से लटका मिला चालक का शव। अंदर से बंद खड़े ट्रक की छत में लगे पंखे में रस्सी के सहारे लटकता मिला चालक का शव। ढाबे के कर्मचारियो ने ट्रक के अंदर चालक का शव लटकता देख पुलिस को दी सूचना। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मृतक चालक के शव को कब्जे में लेकर जांच में जुटी। चालक की पहचान राजन पाल जोकि कानपुर देहात का रहने वाला बताया जा रहा है।

### लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने जारी किया वचन पत्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रेस वार्ता कर आगामी लोकसभा चुनाव से पहले जनता के सामने पार्टी का वचन पत्र जारी किया। इस दौरान अजय राय ने भर्ती घोटाला, इलेक्टोरल बॉन्ड और पाकिस्तान की कंपनी से पुलवामा अटैक के बाद लिए चंदे जैसे मुद्दों बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। यूपी में लोकसभा चुनाव से पहले इंडिया गठबंधन को यूपी में मिले 17 सीटों पर विजय हासिल करने के लिए आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने आज वचन पत्र जारी किया। कांग्रेस के वचन पत्र में आदिवासी से लेकर महिला सुरक्षा, रोजगार, किसानों के हित में स्वामीनाथन की रिपोर्ट लागू करने जैसे वादे शामिल हैं।

### लखनऊ विवि की महिला खिलाड़ियों ने जीता रजत पदक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** देहरादून स्थित डी आई टी विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय स्फूर्ति इंटर यूनिवर्सिटी बास्केटबॉल प्रतियोगिता में लखनऊ विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ियों ने फाइनल मुकाबले में रजत पदक प्राप्त कर लिया। लखनऊ विश्वविद्यालय की महिला बास्केटबॉल टीम को मेरठ विश्वविद्यालय की टीम ने अंतिम मुकाबले में 40 और 35 के अंतर से जीत लिया। लखनऊ विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने महिला बास्केटबॉल टीम की इस उपलब्धि हासिल करने पर सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है। लखनऊ विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रो रूपेश कुमार ने टीम की सभी महिला टीम के सदस्यों निधि पाल, जाह्नवी रावत, दिव्यांशी शर्मा, विदुषी गुप्ता, और शरीन विलियम आदि खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

### कांशीराम की जयंती पर सीएम सहित कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने बसपा के संस्थापक कांशीराम की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, दलितों, वंचितों और शोषितों के अधिकारों तथा उनके समग्र विकास के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले लोकप्रिय राजनेता कांशीराम की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। अखिलेश यादव ने भी 'एक्स पर लिखा, ''दलितों, वंचितों एवं शोषितों को अधिकार दिलाने के लिए जीवनपर्यंत संघर्ष करने वाले मान्यवर कांशीराम जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन एवं भावभीनी श्रद्धांजलि। वहीं, बसपा सुप्रीमो ने भी 'एक्स के जरिए कांशीराम को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### पुलिस आवासीय-अनावासीय भवनों के निर्माण को राशि मंजूर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपदों में तैनात पुलिस कर्मियों के लिये आवासीय व अनावासीय भवनों आदि के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए कमिश्नरेट कानपुर व गौतमबुद्धनगर के लिये कुल 1753.41 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत कर दी है। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि पुलिस आधुनिकीकरण के तहत कमिश्नरेट कानपुर नगर के थाना विधनू के अन्तर्गत नवीन थाना सेन पश्चिम पारा के अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य हेतु धनराशि रूपये 816.42 लाख की लागत पर प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में धनराशि रूपये 4 करोड़ 8 लाख 21 हजार निर्गत कर दी गयी है। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के थाना ईकोटेक-3 के टाईप बी आवासीय भवनों के 22 नग के निर्माण कार्य हेतु धनराशि रूपये 936.99 लाख की लागत पर प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में धनराशि रूपये 4 करोड़ 68 लाख 49 हजार अवमुक्त कर दी गयी है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार स्वीकृत भवनों का निर्माण कार्य निर्धारित मानक एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिये गये है।

**मुख्यमंत्री योगी ने एमएमएमयूटी में 24.69 करोड़ की फॉर्मेसी बिल्डिंग का किया शिलान्यास, कहा**

# फॉर्मा क्षेत्र का उत्पादक-निर्यातक बनेगा यूपी

**फॉर्मेसी बिल्डिंग का शिलान्यास व टैबलेट और स्मार्टफोन वितरण**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि फॉर्मा सेक्टर में उत्तर प्रदेश पहले कंज्यूमर (उपभोक्ता) स्टेट था। दवाएं व अन्य जरूरी मेडिकल उत्पाद बाहर से आते थे। अब यूपी फॉर्मा सेक्टर का उत्पादक और निर्यातक बन जाएगा। इसके लिए सरकार 2000 एकड़ में फॉर्मा पार्क बना रही है। यूपी में मेडिकल डिवाइस पार्क भी बन रहा है। इससे फॉर्मेसी के क्षेत्र में युवाओं को भी व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे।



मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) में 24.69 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली फॉर्मेसी बिल्डिंग के शिलान्यास एवं स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत 4000 विद्यार्थियों के टैबलेट और स्मार्टफोन वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 15 विद्यार्थियों को अपने हाथों से टैबलेट और स्मार्टफोन दिया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज से सात साल पहले भी यूपी में सब कुछ था लेकिन आगे बढ़ने के संकल्प का अभाव था। प्रदेश वही है, लोग वही हैं, मशीनरी भी वही है लेकिन कार्य संस्कृति बदली तो परिणाम सबके सामने है। आज उत्तर प्रदेश नया और बदला हुआ उत्तर प्रदेश नजर आता है। यह प्रगति और निवेश का प्रदेश बन गया है। यहां हरेक सेक्टर में पर्याप्त अवसर और आगे बढ़ने की संभावनाएं हैं।

### जीवन में असंभव कुछ भी नहीं

युवाओं को प्रेरित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जीवन में असंभव कुछ भी नहीं है। यह शब्द उनके लिए है जिन्हें कुछ नहीं करना है। जिनके पास सामर्थ्य, विश्वास और साहस है उनके लिए सब कुछ संभव है। जहां चुनौतियां होंगी, वहीं संभावनाएं भी होती हैं। संभावनाओं और अवसर से चूकना नहीं चाहिए।

### एमएमएमयूटी की उपलब्धियों को सराहा

आजादी के नायकों में शामिल और बीएचयू के संस्थापक मदन मोहन मालवीय को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मालवीय जी के नाम पर बना एमएमएमयूटी लगातार उपलब्धियों के पथ पर बढ़ रहा है। पीएम मोदी के विजन के अनुरूप आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करते हुए यह विश्वविद्यालय फॉर्मेसी बिल्डिंग का निर्माण अपने स्रोत से करा रहा है। समारोह को सांसद रविकिशन शुक्ल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सीएम योगी का स्वागत करते हुए एमएमएमयूटी के कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विधायक विपिन सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### युवाओं को डिजिटली सक्षम बना रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना से स्मार्टफोन और टैबलेट से आच्छादित कर यूपी के युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश में 2 करोड़ युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे। स्मार्टफोन और टैबलेट में केंद्र और राज्य सरकार की उन योजनाओं को भी जोड़ा गया है जो युवाओं के भविष्य और उनकी आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक हैं। तकनीकी रूप से सक्षम होकर युवा आगे बढ़ेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में अपना योगदान देंगे। विकसित भारत बनाने में तकनीकी रूप से सक्षम युवाओं की बड़ी भूमिका होगी।

# भाजपा को जो चंदा मिला, वो ईडी सीबीआई की वसूली : अखिलेश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर जोरदार हमला बोला है। इलेक्टोरल बॉण्ड के बहाने भाजपा पर तंज कसा है। अखिलेश ने कहा, भाजपा सरकार में यह चंदा नहीं वसूली है। बीजेपी को जो चंदा मिला है। वो ईडी, सीबीआई की वसूली है। भाजपा सरकार पीडीए के हक का आरक्षण मारने के लिए सरकारी नौकरी खत्म कर रही है। भाजपा खाऊ पार्टी है। इनके नेताओं ने कहा था, ना खाएंगे ना खाने देंगे, लेकिन ये नहीं कहा था डकारेंगे नहीं।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नौकरी का मुद्दा उठाते हुए कहा, श्पढ़े लिखे युवाओं को आज नौकरी नहीं मिल रही है। उन्हें दर-दर की ठोकरे खानी पड़ रही है। भाजपा सरकार में आवाज उठाने पर उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। उन्हें लाठी -डंडों से पीटा जा रहा है। उन पर झूठे मुकदमें दर्ज किए जा रहे हैं। मैं युवाओं से कहना चाहता हूं, बीजेपी हटाओ नौकरी पाओ। महंगाई पर सरकार को घेरते हुए कहा, ष्जनता की जेब ढीली हो रही है। लोग बढ़ती महंगाई से परेशान हैं। लोगों को समझ में नहीं आ रहा, क्या करे। जबकि सरकार अपना खजाना भरने में जुटी हुई है। इलेक्ट्रोल बांड आम जनता के दुख दर्द और दमन की बीजेपी की गारंटी है। पैसे के बल पर समाज मे सोशल मीडिया और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ना बीजेपी की गारंटी है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने आज पार्टी कार्यालय पर विधायकों और पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है। जिसमें विधायक अतुल प्रधान, कमाल अख्तर, शाहिद मंजूर सहित अन्य विधायक और पदाधिकारी मौजूद हैं। अखिलेश उनके साथ 2024 के चुनाव को लेकर रणनीति तैयार कर रहे हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा, चुनाव बहुत करीब आ गया है। बीजेपी मुद्दों के अलावा बहुत अलग तरीके से चुनाव जीतने के लिए तैयारी कर रही है। बीजेपी कोई ऐसी बात नहीं करती। जिस पर जनता को भरोसा हो।

# पीआरडी जवानों के प्रशिक्षण के दौरान गिरा टेंट, एक दर्जन घायल

**प्रमुख सचिव चिकित्सा की अध्यक्षता में हुई अन्तर्विभागीय बैठक**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मोहनलालगंज के मऊ में स्थित पीआरडी मण्डलीय प्रशिक्षण केन्द्र में बीते 8 मार्च से पीआरडी जवानो को पुनः प्रशिक्षण दिया जा रहा है. हरदोई व सीतापुर जनपद के दौ सौ से महिला, पुरूष जवान प्रशिक्षण लेने के लिये आये हुये थे।

पीआरडी जवानों ने बताया शुक्रवार की दोपहर को मिनी स्टेडियम के मैदान में प्रशिक्षण के लिये टेंट लगाया गया था जिसके नीचे बैठकर सभी जवान प्रशिक्षण ले रहे थे, तभी अचानक से तेज हवा चलने के चलते टेंट उड़ कर जवानो के ऊपर गिर गया ओर करीब एक दर्जन महिला, पुरूष जवान घायल हो गये। आनन-फानन मौके पर मौजूद पीआरडी के अफसरों ने घायल जवानो को इलाज के लिये मोहनलालगंज सीएचसी भेजा,जहां इमरजेंसी में मौजूद डाक्टर ने एक पीआरडी जवान की हालत गम्भीर देखते हुये ट्रामा सेंटर रेफर करने के साथ घायल दर्जन भर जवानों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। सीएचसी अधीक्षक डा0 अशोक कुमार ने बताया प्रशिक्षण के दौरान टेंट गिरने से घायल पीआरडी जवानो को इलाज के लिये उनके विभाग द्वारा सीएचसी लाया गया है जहां पर पीआरडी जीतेन्द्र कुमार मिश्रा निवासी हरदोई की हालत गम्भीर देखते ट्रामा सेंटर रेफ्र कर दिया गया है। वही घायल पीआरडी अरविंद, शिल्पी, गुंजा, विद्या, राजेन्द्र, रामलली, रामकिशोर, प्रतीक, शिवदेवी,पुष्पा को हल्की चोटे आयी थी जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी। इंस्पेक्टर आलोक राव ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर घायल जवानो का हाल जाना। इंस्पेक्टर ने बताया प्रशिक्षण के दौरान तेज हवा के चलते टेंट गिरने से कुछ पीआरडी जवान मामूली रूप से घायल हुये है वही एक जवान को ज्यादा चोटे आयी जिसे इलाज के लिये ट्रामा सेंटर भेजा गया हैं।

### जुमे की नमाज के बाद पुलिसकर्मी तैनात, घंटाघर पर कंटीले तारों से बैरीकेडिंग

**लखनऊ।** रमजान के पहले जुमे पर नमाज के बाद नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन की आशंका में प्रदेश के संवेदनशील स्थानों व मस्जिदों के बाहर सुरक्षाकर्मी तैनात कर दिए गए हैं और डीजीपी मुख्यालय के स्तर से निगरानी की जा रही है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने लोगों ने शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हमारी लीगल टीम पूरे मसौदे का अध्ययन कर रही है। जिसके बाद महत्वपूर्ण बातें सामने रखी जाएंगी। सरकार ने लगातार भरोसा दिलाया है कि इस कानून से किसी की भी नागरिकता नहीं जाएगी। मैं सभी से अपील करता हूं कि जुमे के दिन मस्जिदों में नमाज अता करें और किसी भी तरह का प्रदर्शन न करें। शांति बनाए रखें। वहीं, डीसीपी पश्चिम दुर्गेश कुमार ने बताया कि चौक, ठाकुरगंज, बाजारखाला, सआदतगंज और वजीरगंज में रूट मार्च किया गया है। संभ्रांत लोगों और धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई है। सीएए को लेकर 2019 में लखनऊ में ही विरोध हुआ था जिसके बाद शहर की मस्जिदों के बाहर पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए हैं।

# बीमारी के खिलाफ इम्युनिटी बढ़ाने के लिए टीकाकरण कराना आवश्यक : डिप्टी सीएम

**उप मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय टीकाकरण के एक दिन पूर्व दी जानकारी**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बात अगर किसी समाज के विकास की आती है तो इसमें टीकाकरण का भी काफी योगदान होता है। यह टीका ही है जो हमें पूरे जीवन विभिन्न बीमारियों से लड़ने की शक्ति देता है और हम शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से विकसित हो पाते हैं। सिर्फ टीका न लगवा पाने से हमारे देश या प्रदेश की विकास दर काफी कम हो सकती है। इसलिए पूर्ण टीकाकरण अवश्य करवाएं।

यह जिम्मेदारी हर मां-बाप की है। यह कहना है उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का। राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के एक दिन पूर्व उन्होंने दिवस की महत्ता के बारे में बताया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी बीमारी के खिलाफ रोग प्रतिरोधक क्षमता यानि इम्युनिटी बढ़ाने के लिए टीकाकरण बेहतर और आवश्यक उपाय है। संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए टीकाकरण सबसे उपयुक्त, प्रभावी और सस्ता उपाय माना जाता है। इसमें लापरवाही का खामियाजा बच्चे को बाद में असाध्य रोगी के रूप में भोगना पड़ता है। बच्चों को सुपोषित बनाने में भी टीका की बड़ी भूमिका है। इस वर्ष इस दिवस की थीम है टीके सभी के लिए काम करें।टीकाकरण के बाद बुखार आना शुभ संकेत है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के महाप्रबंधक डॉ. मनोज शुक्ल ने बताया कि 16 मार्च वर्ष 1955 में देश में पोलियो का पहला टीका लगा था। तभी से इस दिन को राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि टीका से हमने चेचक और पोलियो जैसी बीमारी पर विजय प्राप्त कर ली है। कई ऐसे टीके हैं जिनके लगने के बाद बुखार आदि महसूस होता है लेकिन इससे घबराएं नहीं बल्कि इसे बीमारी पर जीत का एक शुभ संकेत मानें। उन्होंने बताया कि खसरा और रूबेला को नियंत्रित करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में 12 जानलेवा बीमारी से लड़ने के लिए मां और उनके बच्चों को टीके लगाए जा रहे हैं। इसी को ध्यान में रखकर पांच साल, सात बार और 12 बीमारी खत्म का फार्मूला अपनाया जा रहा है। यानि पांच वर्ष तक सिर्फ सात बार नजदीकी स्वास्थ्य उपकेन्द्र या चिकित्सा केंद्र पर संपर्क कर सम्पूर्ण टीका करवाया जा सकता है।डॉ. मनोज ने बताया कि पूर्ण नियमित टीकाकरण में हम लगातार प्रगति की ओर अग्रसर हैं। एचआईएमएस के अनुसार वर्ष 2020-21 में 83.60 प्रतिशत का पूर्ण टीकाकरण हुआ। 2021-22 में 85.86 प्रतिशत और वर्ष 2022-23 में 98.39 प्रतिशत का लोगों ने सभी टीके अपनाए हैं।



**निर्देश** — उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अफसरों को दिए निर्देश

# ग्रामीण सड़कों के निर्माण में एफडीआर तकनीक पर्यावरण अनुकूल

**कन्वेंशनल तकनीक से बने मार्गों की लागत से 20 प्रतिशत कम**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में उनकी पहल पर उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित की जा रही सड़कों में एफडीआर फुल डेप्थ रिक्लेमेशन तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है, उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पीएमजीएसवाई की सड़कों के निर्माण में अधिक से अधिक एफडीआर तकनीक का उपयोग किया जाय।

पीएमजीएसवाई की सड़कों के निर्माण में एफडीआर टैक्नोलॉजी लागू एवं क्रियान्वित करने वाला उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य है। उत्तर प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार एफडीआर तकनीक सड़कों के निर्माण में प्रति किमी लगभग 100 ट्रक 1600 क्यूबिक मीटर एग्रीगेट तथा इस एग्रीगेट के सापेक्ष ट्रान्सपोर्टेशन में प्रति किमी लगभग 12000 लीटर डीजल, फ्यूल की बचत हो रही है और एफ्डीआर तकनीक से निर्मित मार्गों की लागत कन्वेंशनल तकनीक से बने मार्गों की लागत से 20 प्रतिशत कम होती है। हाईऐन्ड मशीनरी यूज होने के कारण एक दिन में लगभग 500 मीटर एफ्डीआर बेस का निर्माण पूर्ण होता है। एफ्डीआर तकनीक से कार्बन फुट प्रिन्ट को कम किया जा रहा है तथा यह तकनीक पर्यावरण के अनुकूल है। उत्तर प्रदेश मार्ग निर्माण की ग्रीन,न्यू टैक्नोलॉजी फुल डेप्थ रिक्लमेशन के क्रियान्वयन में अग्रणी है तथा देश में फुल डेप्थ रिक्लमेशन एफ्डीआर टैक्नोलॉजी लागू एवं क्रियान्वित करने वाला प्रथम राज्य है। देश के समृद्ध विकास में ग्रामीण मार्गों की अहम भूमिका है। फुल डेप्थ रिक्लमेशन टैक्नोलॉजी में अलग से गिट्टी एग्रीगेट का प्रयोग नहीं किया गया है, जिसके कारण प्राकृतिक एवं राष्ट्रीय संसाधनों का दोहन नहीं हो रहा है । ग्रामीण जीवन में समृद्ध विकास, बदलाव एवं खुशहाली लाने हेतु उत्तर प्रदेश निरन्तर प्रयासरत है।

### ग्रामीण सड़कों के नेटवर्क व इम्प्लॉयमेन्ट में आई क्रान्ति

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत् निर्मित मार्गों से देश की अर्थव्यवस्था, सामाजिक सेवायें, एग्रीकल्चर इन्कम में वृद्धि, स्कूल ग्रामीण एग्रीकल्चर मार्केट, अस्पताल को बेहतर रोड से जोड़ने का कार्य सुदृढ़ हुआ है। ग्रामीण सड़कों के नेटवर्क व इम्प्लॉयमेन्ट में क्रान्ति आयी है। प्रधानमंत्री द्वारा 10 मार्च को नागर विमानन, रेलवे, जलशक्ति, राष्ट्रीय राजमार्ग, शहरी आवासन, ग्राम्य विकास एवं राज्य की कुल 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास किया गया, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि इसमें लोकार्पण हेतु ग्राम्य विकास विभाग की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 के अन्तर्गत निर्मित 59 जनपदों के 744 मार्गों, लम्बाई 5342 किमी लागत 3702 करोड़ की परियोजनायें सम्मिलित हैं। लोकार्पण के मार्गों में 58 प्रोजेक्ट्स 440 किमी लागत 445 करोड़ नई, ग्रीन टैक्नोलॉजी फुल डेप्थ रिक्लमेशन एफडीआर से निर्मित हैं।

### लोकसभा निर्वाचन में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान का किया जाय प्रयास : रिणवा

**लखनऊ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक करने हेतु गठित राज्य स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक आज मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में विभागों के अधिकारियों के साथ की गयी। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों को सम्पादित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्वीप गतिविधियों को और तेजी से संचालित किया जाय, जिससे मतदाताओं को पंजीकरण तथा मतदान हेतु प्रेरित किया जा सके और प्रदेश में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में प्रदेश का मतदान प्रतिशत 70 प्रतिशत से अधिक हो सके।

# एक से 30 अप्रैल तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए जन जागरूकता जरूरी : शर्मा**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश में संचारी रोग नियंत्रण अभियान इस वर्ष 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जायेगा। 10 अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य दस्तक अभियान भी चलाया जायेगा। इस संबंध में शुक्रवार एनेक्सी भवन के सभागार में एक अन्तर्विभागीय बैठक प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा की अध्यक्षता में हुई।

प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य ने बताया कि राज्य स्तर से लेकर ब्लाक स्तर तक अन्तर्विभागीय बैठकों तथा सभी अनुषांगिक विभागों के कर्मचारियों व अधिकारियों के प्रशिक्षण एवं संवेदीकरण के लिए तिथिवार विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

प्रमुख सचिव ने निर्देश दिया कि सभी विभाग अपने स्तर पर किये जाने वाले कार्यों का माइक्रो प्लान तैयार कर लें तथा उसका अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक आदेश भी जारी कर दें। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान सभी विभाग अपने कार्यों के साथ-साथ जन जागरूकता के लिए भी अभियान चलाये तथा समय-समय पर कार्यों की मानिटरिंग व फीडबैक भी प्राप्त करते रहे।श्री शर्मा ने कहा कि इस बार दस्तक अभियान एक सप्ताह अधिक चलाया जायेगा।

# पोस्टमार्टम हाउस बदहाली का शिकार, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

- चीरघर की पहचान बनी टूटी-फूटी दीवार और टूटा हुआ नल, चारों तरफ है गंदगी का अंबार

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

जनपद पर स्थित आधुनिक चीरघर भले ही आपदा और संकट के समय पीड़ितों के आंसू पोंछने में कानूनी दांव पेंच पुख्ता करने के साथ न्याय दिलाने में अहम हो,लेकिन जिम्मेदारों की मनमानी से यहां व्यवस्थाओं का टोटा है।

जनपद में किसी भी दुर्घटना से लेकर अन्य परिस्थितियों में मौत होने पर छोटा बड़ा प्रत्येक व्यक्ति को इसी पोस्टमार्टम हाउस के माध्यम से ही न्याय मिलने में सुलभता होती है।और मौत के बाद स्थिति को साफ करने में चीर घर सहित यहां तैनात डॉक्टर व स्टाफ की अहम भूमिका होती है। लेकिन जिम्मेदारों की मनमानी से यहां की स्थितियां बद से बदतर हैं।जिससे नाम तो आधुनिक है, लेकिन स्थिति पिछड़ी है।

चीर घर के आस पास गंदगी का अंबार लगा है। साथ-साथ पोस्टमॉर्टम के लिए चीर घर पहुंचने वाली लासों के साथ आने वाले लोगों के लिए अगल-बगल कहीं पीने वाले पानी तक की भी व्यवस्था नहीं है। हां नल तो जरूर लगे हैं, लेकिन नल से पानी नहीं निकल रहा है। जिससे दुःख से मारे रोते बिलखते लोगों को ओंठ चाट कर ही प्यास बुझानी पड़ती है।और तो और पोस्टमार्टम हाउस पहुंचने पर कभी कभी लाशों की संख्या के अनुसार साथ में आए लोगों को इंतजार करना पड़ता है, लेकिन ऐसी स्थिति में कन्ही पूरे चीर घर के आस पास कन्ही बैठने की व्यवस्था तक नहीं है। बगल में लाखों रुपए से बने रिलेटिव सेट महज औपचारिकता पूरी करते हुए बदहाली पर आंसू बहा रहा है। और सामने से ही ताला लटकता दिखाई पड़ रहा है। तथा अगल-बगल की स्थिति देखकर ऐसा लगता है कि यहां डॉक्टर,मनुष्य नहीं वाकई में भूतों का ही वास है।



### बैठने की भी व्यवस्था नहीं

झाल झुग्गियां और साफ सफाई का दृश्य देखने से ही बड़ा आश्चर्य होता है, कि जिला मुख्यालय पर और वह भी पुलिस लाइन में बने चीर घर की स्थिती बेहद खराब है। चीरघर के दुर्व्यवस्था को देखकर जब वहां पर तैनात एक डॉक्टर से बात की गई तो उन्होंने बताया की स्टाफ की समस्या है। जो व्यवस्थाएं मिली हैं उनके अनुरूप काम किया जा रहा है। मौके पर लगा नल खराब चल रहा है। जिसके संबंध में सूचित भी किया गया फिर भी नहीं बन पा रहा है। वही पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचे कुछ लोगों ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि व्यक्ति यहां दुखी हालत में ही आता है। और कहीं बैठने तक की व्यवस्था नहीं है। तथा रोते बिलखते जब मुंह सूख जाता है। तो पानी भी मुव्वसर नहीं होता है। जिससे दर्द और बढ़ जाता है। वन्हीं पुलिस लाइन होते हुए चीर घर को पहुंचने वाली सड़क की बदहाली पर मौजूद लोगों से बात की गई तो बताया कि काफी दिन पहले सड़क बनाई गई थी। बिल्कुल टूट चुकी है, इस संबंध में लिखा पढ़ी भी की गई लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

# मानसिक विक्षिप्त के पास से मिले गहनों को किया परिवार के हवाले

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग गोरखपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे पुलिस उपाधीक्षक रेलवे अनुभाग गोरखपुर के निकट प्रर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी गोण्डा के नेतृत्व में थाना जीआरपी गोण्डा की पुलिस टीम द्वारा रेलवे स्टेशन गोण्डा प्लेटफार्म पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति मिला जिसने पूछताछ करने पर बताया कि मेरी पत्नी मायके चली गयी है इसलिए मै घर से मजदूरी करने के लिए परदेश जा रहा था ,संदिग्ध प्रतीत होने पर चेकिंग की गयी तो झोले में कुछ गहने मिले जिसके बारे में पूछने पर कुछ नही बता रहा था उसके परिजनो से जरिये दूरभाष सम्पर्क कर थाना हाजा पर बुलाया गया ,परिजन आये पहचान किये व बताये कि मो0 हमजा जो मानसिक रुप से विक्षिप्त है घर से नाराज होकर कही जा रहा था इसके पास जो गहने है वह इसकी पत्नी के शादी में भेट मे मिला था उक्त मो0 हमजा व उसके पास मिले गहने को उसके परिजनो को सकुशल सुपुर्द किया गया । परिजनो द्वारा जीआरपी थाना गोण्डा की भूरि - भूरि प्रशंसा की गयी।

# ईओ व अन्य कर्मचारियों ने फरियादी से की अभद्रता और जान से मारने की दी धमकी

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद में व्याप्त बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व उससे संबंधित सूचना मांगना एक पूर्व सभासद को महंगा पड़ गया। मामले में फर्जीवाड़े का खुलासा होने व अपनी गर्दन फंसने के भय से जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा एक राय होकर शुक्रवार को नगर पालिका कार्यालय में आवेदक के साथ अभद्रता करते हुए फर्जी मुकद?मा लिखवा देने और उसको जान से मार डालने की धमकी दिये जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री के आनलाईन पोर्टल, जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी से की है। मामला कर्नलगंज नगर पालिका परिषद से जुड़ा है। यहाँ के शिवशंकर भट्ट ने अधिकारियों को दिये गये पत्र में कहा है कि उसने नगर पालिका परिषद कर्नलगंज से जन सूचना अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत सूचना मांगी थी। जिसके संबंध में शुक्रवार को वह ईओ धनुषधारी सिंह से मिलने नगर पालिका गया,जहां पर ईओ के कमरे में पहले से मौजूद नगर पालिका के कर्मचारियों आशीष सिंह, शिवकुमार आदि लोगों ने उसके साथ अभद्रता की व धनुषधारी सिंह के द्वारा कहा गया कि हमारे पास बहुत हथकंडे है व कई जमादार हैं। किसी से कहकर तुम्हारे ऊपर फर्जी मुकदमा लिखवा देंगे और उसे जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने बताया कि उनके साथ कोई भी घटना घटित हो सकती है। पीड़ित ने उपरोक्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने की मांग की है। बता दें कि नगर पालिका में हो रहे भ्रष्टाचार की शिकायत कस्बे के श्री नारायन भट्ट ने भी इसके पूर्व आयुक्त देवीपाटन मंडल से करके अवगत कराया था कि यहाँ पूर्व चेयरमैन का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर व तत्कालीन बोर्ड अधिवक्ता के राय के विपरीत कार्य करते हुए नजूल भूमि के बैनामा को गृह कर रजिस्टर मे दर्ज कर दिया गया है। मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए आयुक्त ने इसकी जांच कर कार्यवाही करने हेतु उप जिलाधिकारी कर्नलगंज को आदेश दिया था, उसमें भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

**नगर पालिका परिषद से सूचना मांगना पड़ा महंगा, हुई शिकायत**

# शीतल जल मशीन खराब होने के कारण बिक रहा है दूषित पानी

**मनकापुर /गोन्डा, समृद्धि न्यूज।**

विकसित भारत बनाने के लिए जहां भारत सरकार दिन , रात एक करके जुटी है ।लेकिन विकसित भारत निर्माण मे आखिरकार प्रशासन से जुडे जिम्मेदार अधिकारी ही अमली जामा पहनाने का कार्य किया करते है।जब प्रशासनिक स्तर से लापरवाही होगी तो किसी की मजाल नही कि हो रहे भ्रष्टाचार पर कोई रोक लगा पाये।जांच ऊपर के अधिकारी करवाते अवश्य है जो शासन के प्रशासनिक अंग है।फिर जाच होती भी है।परन्तु जाच के समय अपने भ्रष्ट अधिकारी को बचाने के लिए उच्च अधिकारी को गुमराह करके जांच रिपोर्ट भेज कर उस अधिकारी को भ्रष्टाचार के लिए फ्रीहिट कर देता है



खावो और खिलावो कुछ नही बिगड़ने वाला है।जो भारत सरकार के सुंदर शासनिक व्यवस्था पर अपनी भ्रष्टाचार की मोहर लगाने से नही चूकते,जो हास्य प्रद है। आखिर रेलवे-स्टेशन मनकापुर के भ्रष्टाचार पर कौन समक्ष अधिकारी जांच कर सकता है जो इसे खत्म कर सकता है।जो प्रशासनिक अधिकारी जिम्मेदार के समक्ष व भारत सरकार के बीच जांच का बिषय है।अभी तक शुद्ध शीतल जल मशीन नही बनायी गयी।जिसके कारण लम्बी कमाई व भ्रष्टाचार का केंद्र बना है।

# आखिर कौन होगा कैसरगंज का लड़ईया?

**नरेंद्र लाल गुप्ता**

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** कैसरगंज का टिकट बाहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह फैक्टर में फंस गया है।टिकट को लेकर पार्टी से लेकर जनता तक असमंजस में है। सांसद बृजभूषण शरण सिंह अपने बड़ बोलेपन को अपनाकर भाजपा को मुश्किल में डाल चुके हैं।टिकट मिलने और कटने पर विरोध तय है।कैसरगंज लोकसभा सीट से भाजपा का प्रत्याशी तय न हो पाने की वजह से पार्टी से लेकर जनता तक असमंजस में है।चर्चाओं और अफवाहों का बाजार गर्म है।राजनीति के जानकारों की मानें तो कैसरगंज लोकसभा का टिकट पहले ही तय हो गया होता अगर देवीपाटन मण्डल के कैसरगंज के सीट का पेच न फंसा होता देवीपाटन मंडल में चार लोकसभा क्षेत्र आते हैं।



इनमें दो लोकसभा सीटों से गोंडा और श्रावस्ती से भाजपा अपने प्रत्याशी घोषित कर चुकी है।बहराइच और कैसरगंज के प्रत्याशी चयन में पेच फंसा है।सूत्र बताते हैं कि बहराइच व कैसरगंज के टिकट की वजह से सीट से प्रत्याशी की घोषणा नहीं हो सकी है।दरअसल कैसरगंज के सांसद बृजभूषण शरण सिंह अपने कार्यकाल के दौरान पार्टी व सरकार पर छींटाकशी करते रहे।अब अगर इनके टिकट बदले तो नए सिरे से जातीय समीकरण तय करने में कैसरगंज का टिकट भी प्रभावित हो सकता है।वही कैसरगंज के सांसद बृजभूषण शरण सिंह शुरू से ही मोदी खेमे से इतर राय रखते रहे हैं।हाल के कुछ साल में उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार को जमकर घेरा है।कभी बेरोजगारी तो कभी महंगाई तो कभी भ्रष्ट कानून व्यवस्था के मुद्दे पर उनके बयान पार्टी पदाधिकारियों को असहज करते रहे।

कैसरगंज सांसद के पार्टी व सरकार विरोधी बयान सोशल मीडिया पर छाए रहे।सूत्र बता रहे है कि विपक्षी पार्टियों के नेता इन्हें री-ट्वीट कर सरकार की खिल्ली उड़ाते रहे।अब चुनाव नजदीक आने पर उनके सुर भी नरम पड़ गए हैं। वह कुछ मामलों में प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ कर चुके हैं। बृजभूषण शरण सिंह को को टिकट नहीं मिला तो यहां मुकाबला और भी रोचक हो सकता है।उनके समक्ष और भी विकल्प खुले हुए हैं।शीर्ष नेतृत्व के स्तर से प्रत्याशियों का चयन हो रहा है।पार्टी कई सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर चुकी है।बाकी सीटों पर भी प्रत्याशियों के नाम की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### खदान में मिट्टी का टीला गिरने से दबकर मासूम की मौत



**कटरा बाजार/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम महादेव के पास हो रहे अवैध बालू खनन की खदान में मिट्टी का टीला गिरने से उसके नीचे दबकर करीब पांच वर्षीय मासूम की मौत हो गई। मृतक के बाबा राम कुमार निषाद ने बताया कि गांव की लड़कियां खदान के पास बकरी चराते समय खेल रही थीं। इसी बीच बालू व मिट्टी का टीला दरककर गिर गया। बालू के ढेर में मेरी पांच वर्षीय पौत्री परी पुत्री पुत्ती की दबकर मौत हो गई। गांव की लड़कियों शालू, गौरा, शलोनी व ननका ने बताया कि हम लोग खदान के पास बकरियां चरा रहे थे, इसी बीच बालू का ढेर गिर गया। बालू के बीच परी दब गई। हम लोग भी टीले में गिर गये थे लेकिन किसी तरह बाहर निकल कर जान बचाई। वहीं सूत्रों की माने तो उपरोक्त खनन स्थल पर दबंगों द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध बालू खनन किया गया है जिससे बड़ा तालाब युक्त गड्ढा बन गया है जिसने मासूम बालिका की जान ले ली। इसके बावजूद जिम्मेदार पुलिस प्रशासन एवं विभागीय अधिकारी सब कुछ जानते हुए मूकदर्शक बने हुए हैं। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि खनन के बालू में दबकर मासूम की मौत की सूचना मिली है। जांचोपरान्त आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

### फोन पर हुई बहस के बाद युवक पर की फायरिंग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शहर के फुटहा कालोनी निवासी एक युवक से रात में कुछ लोगों की फोन पर बहस हुई। इसके बाद युवक पर गोंडा रोड स्थित अस्पताल के निकट फायरिंग कर जमकर पीटा। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया है ।कोतवाली देहात क्षेत्र के फुटहा कालोनी निवासी यश श्रीवास्तव (23) पुत्र राजू श्रीवास्तव से गुरुवार रात को कुछ लोगों से फोन पर बहस हुई। यश के साथी अमित गुप्ता ने बताया कि बहस के दौरान यश दरगाह थाना क्षेत्र के गोंडा मार्ग स्थित समर्पण अस्पताल के निकट रात 10 बजे मौजूद था। बहस के बाद 10 से 15 की संख्या में पहुंचे दबंगो ने यश पर ईट व अन्य हथियार से हमला कर दिया। वही साथ मे मौजूद कुछ दबंगों द्वारा कई राउंड फायरिंग भी की गई। जिससे मौके पर अफरा तफरी का माहौल हो गया। गंभीर हालत में यश को साथी अमित ने जिला अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया ।अस्पताल में भर्ती यश ने बताया कि शिवा शौर्य, सत्यम, आशुतोष, गौरव, रुद्र समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे, जिन्होंने उस पर हमला कर दिया। घटना की जानकारी होने पर दरगाह थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायल का हाल जाना। घायल को गंभीर हालत में रात में ही लखनऊ रेफर कर दिया गया। इस मामले में दरगाह थानाध्यक्ष हरेंद्र मिश्रा ने बताया कि युवक का डॉक्टरी परीक्षण कराया गया। युवक की हालत को गंभीर देखते हुए लखनऊ रेफर किया गया है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा। एक युवक को पकड़ कर पूछताछ की जा रही है जो भी दोषी होगा उनपर सख्त कार्यवाही की जाएगी। कोतवाली देहात के फुटहा कालोनी निवासी यश भाजपा कार्यालय बलरामपुर में कामकाज देखता है। घायल होने की सूचना मिलने पर काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी रात में जिला अस्पताल पहुंच गए।

# जिलाधिकारी ने मतदान केन्द्र धरसवां व बहादुर चक का किया औचक निरीक्षण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था, मतदाता सूची की तैयारी, मतदाता पहचान पत्र वितरण, मतदान प्रतिशत इत्यादि के साथ-साथ विद्यालयों की साफ-सफाई, शिक्षकों छात्रों की उपस्थिति, शिक्षा की गुणवत्ता, एमडीएम तथा विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के जमीनी क्रियान्वयन का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड चित्तौरा के मतदान केन्द्र धरसवां व बहादुर चक का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।



- मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था का लिया जायजा
- ग्रामों में योजनाओं की जमीनी क्रियान्वयन का जाना हाल
- पेयजल परियोजना का भी किया निरीक्षण

डीएम ने ग्राम धरसवां मतदान केन्द्र पूर्व मा. विद्यालय पहुंचकर पाया कि मतदान केन्द्र पर विवरण अंकित नहीं किया गया है इस स्थिति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए खण्ड विकास अधिकारी सौरभ पाण्डेय को निर्देश दिया कि विकास खण्ड अन्तर्गत सभी मतदान केन्द्रों पर मतदान केन्द्र से सम्बन्धित विवरण अंकित कराने के साथ केन्द्र के सभी कक्षों में समुचित प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ मानक के अनुरूप अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराये। इसके पश्चात् डीएम ने बीएलओ, कोटेदार, प्रधान व अन्य सम्बन्धित के साथ मतदाता सूची का सत्यापन करते हुए बूथ लेबिल अधिकारियों को निर्देश दिया कि मृतक व शिफ्टेड, मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाया जाय और अर्ह नागरिकों का नाम सूची में शामिल किया जाय। फार्म 06 भरने वाले सभी नागरिकों का डाकघर से समन्वय कर मतदाता पहचान पत्र का वितरण करायें ताकि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 में उन्हें मताधिकार का प्रयोग करने में किसी प्रकार की समस्या न हो। डीएम ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2019 के मतदान प्रतिशत की जानकारी प्राप्त करते हुए मौके पर ही तहसीलदार अभयराज पाण्डेय को निर्देश दिया कि सभी बीएलओ को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2019 का मतदान प्रतिशत मुहैया कराये। विद्यालय के शौचालय के निरीक्षण के दौरान शौचालय में जलापूर्ति न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि नियमित रूप से शौचालय में जलापूर्ति सुनिश्चित करायी जाय।

### पेयजल परियोजना पूरी क्षमता से संचालित किया जाय

इसके पश्चात् डीएम ने जल जीवन मिशन के तहत ग्राम में पेयजल परियोजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अभियन्ता जल निगम कमला शंकर से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि पेयजल परियोजना को शासन के मानक व मंशानुसार पूरी क्षमता से संचालित किया जाय। इसके पश्चात् उन्होनें ग्राम का भ्रमण कर गुरूबचन, गुरदीन, मुन्नी के पेयजल कनेक्शन का निरीक्षण भी किया। भ्रमण के दौरान डीएम ने ज्योति, सुनीता, ममता, कुसुमा व अन्य महिलाओं से आंगनबाड़ी केन्द्र से पोषाहार वितरण व अन्य शासकीय योजनाओं का फीड बैक प्राप्त किया। भ्रमण के दौरान सचिव को निर्देश दिया कि ग्राम के पात्र अवशेष लोगों को शौचालय के साथ-साथ अन्य शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जाय। इसके उपरान्त डीएम ने मतदान केन्द्र बहादुर चक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति व एमडीएम की गुणवत्ता के लिए बनी तहड़ी को स्वयं चेक कर गुणवत्ता को भी परखा। शिक्षकों को निर्देश दिया कि तहड़ी में हरी सब्जियों का भी प्रयोग किया जाय इससे पोषण की मात्रा में इजाफा होगा। इस अवसर पर प्रधान सविता व प्रतिनिधि राम सुन्दर पाण्डेय, सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार में बिछा सड़कों व पुलों का जाल : विधायक

- विधायक ने दस करोड़ से अधिक की लागत से चार सड़क व एक पुल का किया शिलान्यास, दो सड़कों का लोकार्पण

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



विधानसभा पयागपुर के अन्तर्गत विधायक सुभाष त्रिपाठी ने दस करोड़ से अधिक की लागत से चार सड़क व एक पुल का शिलान्यास तथा दो सड़कों का लोकार्पण किया।

विधायक सुभाष त्रिपाठी ने विधानसभा क्षेत्र में बनघुसरा सम्पर्क मार्ग का पुनर्निर्माण, निबिहा सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण, लखनगोण्डा से शीतलपुरवा मार्ग के (आबादी भाग में) सीसी निर्माण कार्य, गुजरा सम्पर्क मार्ग का विशेष मरम्मत (आबादी भाग मे) सीसी निर्माण कार्य व हमीरपुर छिदकुरी के निकट सरयू नदी पर पुल के नवनिर्माण के लिए भूमि पूजन एवं ठकुराईन पुरवा (सिंहपुर) सम्पर्क मार्ग व लखनगोण्डा में इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य का लोकापर्ण किया गया।इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह, जिला मंत्री भाजपा हरेन्द्र विक्रम सिंह, डॉ महेन्द्र पाठक विधानसभा संजयोजक भाजपा निशंक त्रिपाठी, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह व आनन्द पाण्डेय,, मण्डल अध्यक्ष राज कुमार शुक्ला, ओम प्रकाश यादव एवं त्रिलोकी चौबे सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ता एंव क्षेत्रवासी उपस्थित रहें।

# गांव की पगडंडी पर लाठी के सहारे जा रही बुर्जुग महिला को देख गाड़ी से उतर पड़ीं डीएम

- पूछा माता जी कहां जा रहीं हैं, चलिए गाड़ी से घर पहुंचा दूं
- डीएम की मानवीय संवेदना देखकर हैरान हुए ग्रामवासी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड चित्तौरा के ग्राम धरसवां में जल जीवन मिशन अन्तर्गत ग्राम की पेयजल परियोजना के निरीक्षण के लिए जाते समय डीएम मोनिका रानी ने देखा की एक वृद्ध महिला लाठी के सहारे एक बच्ची के साथ खरामा-खरामा गांव की ओर जा रहीं है। यह नज़ारा देख कर डीएम ने तत्काल अपनी गाड़ी को रूकवाया और नीचे उतर कर बुजु़र्ग महिला का कुशलक्षेम जानते हुए पूछा माता जी कहां जा रही है, आपको पेंशन मिल रही है या नहीं। बुजु़र्ग महिला फूलमती ने बताया कि उसे पेंशन मिल रही है और वह नातिन के साथ घर जा रही है। डीएम ने कहा कि माता जी चलिए मैं अपनी गाड़ी से आपको घर छोड़ दूं। यह बात सुनकर वह एक बेटी, बहन, पत्नी, माता, नानी, दादी के किरदार में रंग भरते हुए बेशक कमर तो झुक गई है लेकिन हौसला आज भी चट्टान की तरह अडिग है, मुस्कुराते हुए डीएम को ढेरों दुआएं दी और विनम्रता के साथ कहा कि बेटी में पैदल ही अपने घर चली जाऊंगी। चलते चलते डीएम ने वृद्ध महिला से कहा कि आगामी लोकसभा के निर्वाचन में मतदान अवश्य करियेगा।



# एक करोड़ की स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

- पुलिस और एसओजी टीम ने ककरी चौराहा के निकट से किया गिरफ्तार

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली की पुलिस ने दो तस्करों को 500 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक बरामद स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक करोड़ रुपए है।पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी के निर्देशन में नानपारा कोतवाली की पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया।

प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक नितिन उपाध्याय, एसओजी प्रभारी अनुज त्रिपाठी, सिपाही नागेंद्र सिंह, अमित सिंह और अनुराग सिंह की टीम ने ककरी चौराहा के निकट से दो लोगों को गिरफ्तार किया।




दोनों के पास से 500 ग्राम स्मैक और रुपये 5000 नगदी बरामद हुई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इसमें एक और नगदी को शीश कर दिया गया है जबकि पकड़े गए इसमें तस्कर जावेद पुत्र जुनैद निवासी पुरानी बाजार नानपारा और शकील पुत्र धनु उर्फ मुजीबुर हसन के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। सीओ राहुल पांडेय ने बताया कि बरामद स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक करोड़ रूपये है।

# परिवार नियोजन की सेवाओं के साथ समुदाय ने ली बाल विवाह के विरुद्ध शपथ

- पहले पढ़ाई फिर सगाई का दिया मंत्र
- लड़कियों को शिक्षा से जोड़ने के लिए घर घर पहुँचाया जा रहा संदेश
- किशोरियों ने ली स्वास्थ्य मेले में किशोर स्वास्थ्य की सेवाएं

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

परिवार नियोजन की सेवाओं की पहुँच तथा गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए मोबियस फाउंडेशन की वित्तीय सहायता से पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा उम्मीद परियोजना का संचालन किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से उम्मीद परियोजना के अंतर्गत रिठौरा ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद सिंह ने सभी विभागों के साझा प्रयास से दी जा रही सेवाओं का लाभ लेने के लिए अधिक से अधिक लोगों को आगे आने को कहा। साथ ही उन्होंने आंगनबाड़ी के तहत बच्चों का अन्नप्राशन और गर्भवती की गोदभराई की । मोबिअस फाउंडेशन के प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने बताया कि लडकियों की शादी 18 वर्ष से पहले करना कानूनन अपराध है। उन्होंने बताया कि आकार परियोजना के तहत उम्मीद परियोजना द्वारा चलाया जा रहा बाल विवाह के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत शपथ कार्यक्रम, पोस्टर, सेल्फी, वीडियों संदेश आदि के माध्यम से जन जागरूकता कार्य किया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप इस अभियान को प्रत्येक गाँव तक पहुँचाना और लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है । राजकीय बालिका विद्यालय की प्रवक्ता कीर्ति ने कहा उनके विद्यालय में बाल विवाह को रोकने और इसके दुष्परिणामों के बारे में किशोरियों को जानकारी दी गयी,और उनके द्वारा बनाए गए वीडियों सन्देश को जनपद स्तर पर पुरस्कृत भी किया गया । मेले में परिवार नियोजन परामर्श एवं स्वास्थ्य सुविधा को प्रत्येक गाँव के प्रत्येक दम्पति तक






पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। मेले में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शैलेंद्र कुमार रावत ने नेत्र परीक्षण किया गया और इससे सम्बन्धित सेवाएँ दी गयी कार्यक्रम में राजेश सिंह, सहायक विकास अधिकारी ने बाल विवाह के दुष्प्रभाव को बताते हुए कहा कि जब एक लड़की पडती है तो परिवार सक्षम होता है और लड़का पढता है तो एक व्यक्ति पढ़ता है, इसलिए पहले पढाई फिर सगाई। इसी क्रम में बाल विवाह के विरुद्ध अभियान हेतु सभी अतिथियों द्वारा पोस्टर का अनावरण किया गया और उपस्थित समुदाय द्वारा शपथ ली गई। इस मेंले में विभिन्न विभागों के स्टाल के साथ साथ पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इण्डिया द्वारा उम्मीद परियोजना के अंतर्गत परिवार नियोजन व् किशोर स्वास्थ्य के साथ खेलो और जीतो स्टाल के माध्यम से जानकारियाँ दी गयी और विजेताओं को गिफ्ट भी दिए गए ।स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपस्थित सीएचओ,डॉक्टर और एएनएम के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं और बच्चों तथा किशोर-किशोरियों का स्वास्थ्य जाँच एवं दवा वितरण किया गया। नवदम्पत्तियों को शगुन किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में परिवार नियोजन साधनों के बारें में बताया गया की सभी स्वास्थ्य केंद्र से नि:शुल्क कंडोम, माला-एन,छाया गोली, प्राप्त किया जा सकता है और कॉपर टी एवं अंतरा के साथ परिवार पूरा होने पर नसबंदी की सेवा भी प्राप्त की जा सकती है। सभी साधन सुरक्षित है एवं इसके अपने अपने कार्य करने के तरीके है। जिसमें लोगों ने आगे आकर कार्यक्रम में सहभागिता की ।कार्यक्रम में अतिथि के रूप में स्वास्थ्य विभाग, आई.सी.डी.एस., आजीविका मिशन, शिक्षा विभाग, पंचायती राज, भारत स्काउट और गाइड आदि की उपस्थिति रही । कार्यक्रम में उपरोक्त के पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इण्डिया से अभिषेक पाठक, राजीव,एवं सेव अ मदर से बिंदु,अवधेश और फील्ड फैसिलिटेटर की उपस्थिति रही।

# पुलिस-सर्विलांस टीम ने ब्लाइंड मर्डर केस का किया खुलासा

- भतीजी ने अपने दो प्रेमियों के साथ मिलकर की थी चाचा की हत्या
- आरोपियों के पास से मृतक की मोटरसाइकिल व मोबाइल फोन बरामद




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

रायबरेली में सरसों के खेत में अनैतिक सम्बन्ध बना रही युवती के दो प्रेमियों ने उसके चाचा को मौत के घाट उतार दिया है। चाचा ने खेत में मोबाइल की रौशनी देखकर इन लोगों को रंगे हाथ पकड़ा था। वहाँ तीनों लोग आपत्तिजनक हालत में थे। युवती और उसके प्रेमी ने राज खुल जाने के डर से चाचा को मौत के घाट उतार दिया। मामला शिवगढ़ थाना इलाके के गंगा खेड़ा गांव का है। यहाँ के रहने वाले युवक सहजराम का शव बीते 12 मार्च को सरसों के खेत से बरामद हुआ था। शरीर पर चोट के निशान थे जिससे मामला हत्या का ही प्रतीत हो रहा था। पुलिस इस ब्लाइंड मर्डर पर काम कर रही थी तभी मुखबिर ने मृतक की भतीजी के बारे में बताया कि गांव के कई युवकों से उसके प्रेम संबंध हैं।

पुलिस ने गांव के नवयुवकों के नंबर की सीडीआर एनालिसिस की तो युवती के नंबर से इन पर अलग अलग समय पर बात होती रही है। पुलिस ने कई नवयुवकों को उठाया लेकिन उन लोगों ने प्रेम संबंध की बात तो कुबूल की लेकिन हत्या में शामिल होने से इंकार कर दिया। अंत में पुलिस ने युवती को ही उठा लिया जो पुलिसिया पूछताछ में टूट गई। युवती ने बताया कि उसके गांव के अलावा दूर दराज़ के कुछ युवकों से भी प्रेम संबंध हैं। उन्हीं में से बछरावां थाना इलाके के रहने वाले संजीव और हर्षित भी शामिल हैं। हत्या वाली रात दोनों उससे मिलने आये थे। गांव के पास ही सरसों के खेत में जब तीनों आपत्तिजन स्थिति में थे तभी उधर से युवती का चाचा सहजराम निकला। सहजराम पास के गांव में शटरिंग का काम कर रहा था जहाँ कील खत्म होने पर से लेने घर जा रहा था। उसी दौरान सरसों के खेत में मोबाइल की रौशनी दिखी तो वो नजदीक चला गया। वहाँ उसकी भतीजी और दो अन्य युवक आपत्तिजनक हालत में नज़र आये तो सहजराम उग्र हो गया। इधर युवती ने राज खुल जाने के डर से अपने प्रेमियों को उकसाया जहाँ तीनों ने उसके गले में मफलर कसकर उसकी हत्या कर दी। शव वहीं छोड़कर तीनों अपने अपने घर चले गए और बाद में तीनों पकड़े गए। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## 16 मार्च को स्टाम्प लोक अदालत का होगा आयोजन : जिलाधिकारी

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा है कि आयुक्त स्टाम्प उत्तर प्रदेश प्रयागराज के भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 के अन्तर्गत जनपद रायबरेली में स्टाम्प कलेक्टर न्यायालय में लम्बित स्टाम्प वादो के त्वरित निस्तारण हेतु प्रत्येक माह के तृतीय शनिवार को स्टाम्प लोक अदालत आयेजित किया जाना है।

जिलाधिकारी ने जनसामान्य एवं वादकारियों से कहा है कि जनपद रायबरेली में स्टाम्प कलेक्टर के न्यायालय जिलाधिकारी व न्यायालय अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) रायबरेली एवं न्यायालय सहायक आयुक्त स्टाम्प रायबरेली के न्यायालय में लम्बित स्टाम्प वादो को निस्तारित कराये जाने हेतु 16 मार्च 2024 को सम्बन्धित न्यायालयों में स्टाम्प लोक अदालत का आयोजन किया जाना नियत है।

जनसामान्य एवं वादकारियों से अपेक्षा है कि 16 मार्च 2024 को सम्बन्धित न्यायालय में आयोजित स्टाम्प अदालत में अपने स्टाम्प वादो का त्वरित निस्तारित कराये तथा इस अवसर का लाभ उठाये।

## खबरें एक नजर में

### दबंगों ने एंबुलेंस चालक को पीटा

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** दबंगों ने एंबुलेंस चालक को पीटा, पीड़ित ने पुलिस को दिया शिकायती पत्र,आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई के की लगाई गुहार,आपको बता दे चले लालगंज कोतवाली क्षेत्र के डलमऊ रोड डिहवा चौराहे के निकट दबंगों ने एक एंबुलेंस चालक को रास्ते में एंबुलेंस रोककर उसकी जमकर पिटाई कर दी, उसके कपड़े फाड़ डाले, पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपियों पर कार्रवाई की लगाई गुहार, पीड़ित ने बताया कि वह जब एंबुलेंस से मरीज लेकर और सरकारी अस्पताल लालगंज आ रहा था तभी रास्ते में आरोपियों ने उसे रोक लिया और उसकी जमकर लात घुसा और डंडों से पिटाई कर दी एंबुलेंस चालक ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### अज्ञात कारणो से युवती ने लगाई फांसी, हुई मौत

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बछरावां थाना क्षेत्र की थुलेंडी चौकी अंतर्गत रामपुर मोहिउद्दीन मजरे थुलेंडी विकासखंड बछरावां जनपद रायबरेली में एक युवती ने अज्ञात कारणो से फांसी लगा ली, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार चांदनी उम्र 21 वर्ष निवासी रामपुर मोहिउद्दीन मजरे थुलेंडी विकासखंड बछरावां जनपद रायबरेली ने दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों को जब घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। मामले की जानकारी पुलिस को मिलने पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैद्य वहीं पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच पड़ताल भी कर रही है। इस बाबत चौकी प्रभारी वागीश मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, उक्त घटना की जांच की जा रही हैद्य आत्महत्या करने से युवती की मौत के कारण परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है।

### अज्ञात चोरों ने उड़ाया लाखों का सामान

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जगतपुर थाना क्षेत्र के रोझइया भीखमशाह में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर में दीवार फांद घर में रखें सोने चांदी के जेवरात व नगदी उठा ले गए। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में शुरू कर दी। बीती रात थाना क्षेत्र के अंतर्गत रोझइया भीखमशाह में अज्ञात चोरों ने पत्रकार शिव अधार त्रिवेदी के घर में दीवार फांदकर घर में प्रवेश कर गए और घर में सो रहे परिजनों के कमरे के बाहर की कुंडी बंद कर ली। आंगन के बगल एक कमरे में रखे सोने चांदी के जेवरात व नगदी उठा ले गए तथा एक सूटकेस उठाकर गांव के बाहर गेहूं के खेत में ले गए जहां पर सूटकेस खेत में पड़ा हुआ है। घर पर सामान बिखरा हुआ। इस बात की भनक लगते ही परिजनों में हड़कंप मच गया और शोर शराबा करने लगे। देखते ही देखते गांव वालों का जमावड़ा लग गया और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पीड़ित शिव आधार त्रिवेदी का कहना कि चोरी हुए सोने चांदी की कीमत लगभग 20 लाख रुपये हैं। वही दो लाख सत्तर हजार की नगदी भी उठा ले गए। चोरी की इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। थानेदार बबिता पटेल ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कराई जा रही है।

### निकली गई भव्य कलश यात्रा



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** निकली गई भव्य कलश यात्रा और शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा। अमेठी जिले के कुकाहा रामपुर गांव में आयोजक बलदेव सिंह के द्वारा 15 मार्च को भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो गांव के विभिन्न मंदिरों से होते हुए मारहरा देवी मंदिर पर पहुंची तो वही कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हुए ।यजमान भानु प्रताप सिंह एवं उनकी पत्नी मधु सिंह द्वारा बताया गया कि कलश यात्रा के बाद श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होना है श्रीमद् भागवत कथा शुक्रवार दोपहर 2:00 बजे से शुरू होगी एवं रात्रि में 7:00 बजे से लेकर 10:00 बजे तक कथा का आयोजन होना है सभी भक्तों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा को सुने कथावाचक अखिलेश मिश्रा द्वारा कथा कही जाएगी इस मौके पर कपिल देव सिंह सुरेंद्र सिंह अभिषेक सिंह धर्मराज सिंह प्रहलाद शरण शर्मा रुद्र प्रताप सिंह प्रदीप सिंह राघव सिंह संदीप सिंह हरीकरन सिंह संतोष सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### प्रभात साहू ने कथा व्यास लिया आशीर्वाद




**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** श्री मदभागवत कथा में पंचम दिवस नगर चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, व्यापारी नेता विजय प्रकाश वैश्य सहित अन्य समाजसेवियों द्वारा कथा व्यास पंडित कृष्णदास ज़ी महराज कों अंगवस्त्र भेंट कर आशीर्वाद लिया। भागवत कथा के चतुर्थ एवं पंचम दिवस महराज ज़ी द्वारा भगवान विष्णु ज़ी के समस्त अवतारों की कच्छप अवतार, मत्स्य अवतार, वामन अवतार सहित राम व कृष्ण अवतारो की आवश्यकता एवं विशेषता का प्रसंग सुना भक्तजनों कों अमृत रस पान कराया। नारायण के 12 भक्तों में अग्रणी भूमिका रखने वाले भक्त प्रहलाद की कथा सुन भक्त भाव विभोर नजर आए। वहीं बाल कृष्ण के जन्मोत्सव कों बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मुख्य यजमान सत्यनारायण मोदनवाल, संतोष कुमारी, शिवप्रकाश, चंद्रप्रकाश, चेयरमैन सरला साहू, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, सभासद ऊषा त्रिपाठी सहित भक्तगण आह्लादित दिखाई दिए। कथा श्रवण के पंचम दिवस पंडित कृष्णदास ज़ी महराज द्वारा भगवान की लीलाओं का श्रवण कराया गया। इस दौरान महराज ज़ी ने बताया की भागवत कथा दिव्य कथा हैं जो की सच्ची श्रद्धा एवं पवित्र हृदय से सुने जाने पर श्रवण ही नहीं अपितु दिखाई भी पड़ती हैं।



### कांशीराम की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अंबेडकर महिला डिग्री कॉलेज अमावां रायबरेली में मान्यवर काशीराम की जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई इस शुभ अवसर पर अंबेडकर ग्रुप आफ स्कूल के कार्यकारी प्रबंधक द्वारा छात्राओं को मान्यवर काशीराम के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि मान्यवर काशीराम ने देश मे दलित व शोषित वर्ग के हितों के संरक्षण की आवाज को मजबूती से उठाने वाले, राजनीतिक एकीकरण तथा उत्थान के लिए कार्य करने वाले एवं जीवन पर्यंत संघर्ष कार्य करने वाले आधुनिक भारत के पॉलिटिकल गेम चेंजर कहे जाने वाले बहुजन नायक समाज सुधारक थे। हम सभी को भी ऐसे महान नायक से प्रेरणा लेना है। इस मौके पर अंबेडकर महिला डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ0 रामकुमार निषाद असिस्टेंट प्रोफेसर हरगोविंद पूजा सर्वेश कुमार मौर्य एवं समस्त छात्राएं उपस्थित रही।

# निजी विद्यालय संचालक थानी दिन के लुटेरे : सुरेश सिंह

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं सदर विधान सभा प्रभारी ने एक बार पुनः निजी विद्यालय संचालकों के खिलाफ मुहिम छेड़ दी है। श्री सिंह ने दिल्ली सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था पर विस्तार से बात करते हुए बताया कि आज दिल्लीवासी अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने के लिए सरकारी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश करा रहे हैं, दिल्लीवासी आम आदमी पार्टी के कार्यो की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए नहीं थकते, कल्पनीय है कि जब कोई व्यक्ति अपनी दैनिक दिहाड़ी से अपना व परिवार को दो वक्त की रोटी का जुगाड़ किसी तरह कर पा रहा है, उस अभिभावक का भी सपना होता है कि उसके बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले, इसलिए कुछ भी करने को तैयार रहता है, उनके सपने को साकार करने का बीड़ा आप संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविन्द केजरीवाल ने उठा रखा है, केजरीवाल जानते हैं कि एक गरीब आदमी किस तरह से अपने बच्चे के भविष्य के सपने संजोता है तो वहीं दूसरी देश के अन्य प्रांतों में जिनमें मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश के प्राइवेट स्कूल शिक्षा के नाम पर अभिभावक का खून चूसने का काम कर रहे हैं।



वह शिक्षा को समाजसेवा नहीं बल्कि व्यापार बना दिए हैं, एक समय था जब विद्यालय को शिक्षा का मंदिर कहा जाता था तो आज लूट का अड्डा कहने से कोई गुरेज नहीं है। लगभग विद्यालयों में वार्षिक परीक्षायें हो चुकी हैं, प्राइवेट स्कूल के लुटेरे प्रबन्धक फिर खुलेआम लूट (रि-एडमीशन) करने के लिए बेकरार हैं, साफ-सुथरी एवं अनुशासनात्मक छवि का दावा करने वाली सरकार को प्राइवेट स्कूल के संचालकों की मनमानी या तो दिखाई नहीं दे रही है, या फिर उनका खुला संरक्षण प्राइवेट स्कूल संचालकों को प्राप्त है।

श्री सिंह ने देश के राष्ट्रपति, प्रधानमन्त्री एवं मान्नीय सर्वोच्च न्यायालय से मांग की है कि अविलम्ब इन दिन के लुटेरों के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही करें जिससे एक आम आदमी अपने बच्चों को सस्ती, सुलभ शिक्षा दिला सके।

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में वार्षिक प्रगति पत्र वितरण समारोह का हुआ आयोजन

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल इंटरमीडिएट कॉलेज सलेथू में वार्षिक प्रगति- पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक (लखनऊ खंड)उमेश द्विवेदी,जिला विद्यालय निरीक्षक (रायबरेली) ओमकार राणा, उप-जिलाधिकारी महराजगंज रजित राम गुप्ता, वित्तविहीन शिक्षक महासभा के जिलाअध्यक्ष (रायबरेली) पुष्पेंद्र तिवारी, कार्यालय प्रमुख जिला विद्यालय निरक्षक (रायबरेली) जयेंदु मिश्रा एवं विद्यालय संस्थापक प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा, संयुक्त प्रबंधिका डॉ0 रश्मि शर्मा एन.एस.बी.वी.एम.के प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह, एन. एस.पी.एस.त्रिपुला के प्रधानाचार्य एस0एल0 प्रजापति, प्रभारी प्राचार्य एन.एस.सी.एच.ई. शिव ओम श्रीवास्तव, एन.एस.पी.एस. सलेथू के प्रधानाचार्य राजीव सिंह, उप प्रधानाचार्या- रजनी श्रीवास्तव के द्वारा मां सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने अपने स्वागत उद्बोधन द्वारा विद्यालय में उपस्थित सभी गणमान्यों व अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम की श्रंखला में सर्वप्रथम सेजल ,प्रज्ञा, संध्या, गरिमा, पंखुड़ी अशिका भारती ने स्वागत गीत के माध्यम से सभी का स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति ने अभिभावकों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले छात्रों को प्रतीक चिन्ह दिया गया। इसी कड़ी में प्राइमरी विंग टॉपर उत्कर्ष सिंह, जूनियर विंग टॉपर -राजवीर सिंह, सीनियर विंग टॉपर- पलक मौर्या की घोषणा की गई जिन्हे पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में एस.ओ.एफ. सेकंड लेवल क्वालीफायर छात्रों को सम्मानित किया गया।

विद्यालय प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा द्वारा स्कूल टॉपर-राजवीर सिंह की घोषणा की गई तथा उसे सम्मानित किया गया, साथ ही 2023 बोर्ड परीक्षा के हाई स्कूल टॉपर रितिका पटेल व इण्टर मीडिएट टॉपर अंशिका वर्मा को सम्मानित किया गया। इसी दौरान सत्र 2023-24 में एक भी दिन अनुपस्थित न रहने। वालो छात्रों को भी सम्मानित किया गया।

# बच्चों को परीक्षाफल वितरित किए

- विद्यालय द्वारा दी जा रही सुविधाओ और पढ़ाई से संतुष्ट दिखे अभिभावक

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




डा. रिज़वी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बच्चो को वार्षिक परीक्षा फल वितरित किए गए परीक्षा फल पाकर बच्चो में खुशी दिखी वहीं सभी अभिभावक विद्यालय द्वारा दी जा रही सुविधाओ और पढ़ाई से संतुष्ट दिखे। लालगंज कस्बे के डा. रिज़वी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को बच्चो को वार्षिक परीक्षा फल वितरित किया गया कार्यक्रम के मुख्यातिथि मौलाना सईदुर्रहमान और अध्यक्षता राम स्वरूप सोनी ने की तथा संचालन सोनी बेगम ने किया। मुख्यातिथि ने अपने उद्बोधन में अभिभावकों से आग्रह करते हुए कहा हम एक रोटी भले ही कम खाए पर बच्चो को अच्छी तालीम जरूर दिलाए बच्चो से कहा आपको मोबाइल की जगह एक हाथ में कलम और एक हाथ में किताब लेने वाला बनना है और अच्छी तालीम हासिल कर डाक्टर, इंजीनियर,और देश के लिए मर मिटने वाला सिपाही बनना है। मुखातिथि द्वारा सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय, और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा फल तथा पुरस्कार देकर उत्साह बढ़ाया। विद्यालय में सबसे ज्यादा अंक प्राप्त करने वाली छात्रा प्राची प्रजापति को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक अताउर रहमान के द्वारा सभी अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस मौके पर पुष्पेंद्र कुमार, डिम्पी तिवारी, राजू, संध्या दीक्षित, नेहा वारसी, नशरा रहमान, साधना सोनकर, इफ्फत, शहनाज, सबा बनो, मंताशा, समरीन बनो श्रेया बाजपेई सहित अभिभावक मौजूद रहें।

## अज्ञात चोरों ने महिलाओं के साथ की मारपीट, आठ लाख का सामान लेकर हुए फरार

**खीरों (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र में पिछले करीब एक माह से सिलसिलेवार अज्ञात चोर आधा दर्जन घरों के ताले तोड़ने के साथ चोरी वारदात को अंजाम दे चुके है ।क्षेत्र में बढ़ रही चोरियों पर अंकुश लगाना तो दूर पुलिस अभी तक एक भी चोरी का खुलासा नहीं कर पाई है ।इस से क्षेत्र वासियों में पुलिस के प्रति आक्रोश है। बीती रात गुरुवार को चोरों ने तिवारीन खेड़ा मजरे खजुहा गांव में शांति पत्नी राज बहादुर के घर में रात 11:30 बजे आधा दर्जन अज्ञात चोरो ने घुस कर महिलाओं के साथ मार पीट कर 8 लाख का सामान चुरा ले गए। पीड़ित महिला शांति ने बताया कि रात को जब मैं वा मेरी बहू अंजू देवी पत्नी अतुल घर में शो रही थी ।तभी आधा दर्जन अज्ञात चोर घर घुस आए ।और मेरा गला दबा कर मार पीटा फिर कमरे का ताला खुलवाया । कमरे में संदूक के नीचे मिट्टी में गड़े गहने,गले का हार,कान की झुमकी,4 जोड़ी पायल, हाफ पेटी,मंगल सूत्र,नगद 25 सौ रुपए ,चार बड़े कंबल सहित करीब 8 लाख की सामान चुरा ले गए ।घटना की सूचना रात 12 बजे पीड़ित महिला ने ग्राम प्रधान अशोक तिवारी को दी। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की ।इस संबंध खीरों थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि घटना की जानकारी हुई ।जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने बूथों और कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियां जोरो पर है। इसी संदर्भ में जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के साथ बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि सभी बूथों को अभी से व्यवस्थित करा लिया जाए। मतदाताओं की सहूलियत को ध्यान में रखा जाए।

खासतौर से महिला,वृद्ध और दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा का ध्यान रखा जाए। इसके लिए बूथों पर रैंप, बिजली, पानी और शौचालयों को दुरुस्त करा लिया जाए। मतदान से पहले ही बूथों पर बैरिकेटिंग कर ली जाए। जिससे उस दिन किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए। इसके उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, कैमरा, टेलीविजन और कंप्यूटर कक्षों का अवलोकन किया।

निर्देश दिया की निर्वाचन के दौरान कंट्रोल रूम में जिन भी कर्मचारियो की ड्यूटी लगाई गई है,समय से उपस्थित रहेंगे और बारीकी से सभी गतिविधियों पर नजर रखेंगे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन सकुशल,शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित करना ही हम सब की प्राथमिकता है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर और निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव, त्यौहारों को लेकर एक्शन मोड़ में पुलिस

**गुरुबक्शगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



- सीमा सुरक्षा बल के साथ किया भ्रमण
- होली व रमजान में शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालो पर होगी कार्रवाई

लोकसभा चुनाव,होली और रमजान पर्व को देखते हुए गुरुबक्शगंज सर्किल पुलिस पूरी तरह एक्शन मोड़ पर आ चुकी है जिसको संज्ञान में लेकर हाल ही में पीस कमेटी की बैठक ग्राम प्रधान,जिला पंचायत,बीडीसी एवं धर्मगुरुओं के साथ बैठक भी आयोजित की गई थी,जिसमें त्यौहारों पर चर्चा की गई थी।इसके बाद अब रमजान का महीना शुरू होते ही गुरुबक्शगंज के तेज तर्रार थाना प्रभारी प्रवीण कुमार पुलिस टीम के साथ मैदान में उतर आए हैं।बृहस्पतिवार को थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने गुरुबक्शगंज, सतांव, कोरिहर, ढकिया, सुल्तानपुर खेड़ा, गोझरी, अमवन सहित कई गावों में सीमा सुरक्षा बल के साथ फ्लैग मार्च किया।बताते चलें कि पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए इस फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य था कि लोगों में त्यौहारो और चुनाव को लेकर सुरक्षा की भावना उत्पन्न की जा सके और अराजक तत्वों को बड़ा संदेश दिया जा सके कि यदि त्यौहार के मद्देनजर किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को अंजाम देते हैं तो प्रशासन इनसे शक्ति से निपटने के लिए तैयार बैठा हुआ है।

दरअसल बीती मंगलवार से रमजान की शुरुवात हो गई थी,और माह के अंत में होली का पर्व भी आने वाला है। इसी बीच में लोकसभा चुनाव की अधिसूचना भी किसी भी समय घोषित हो सकती है,इन्ही सबको देखते हुए गुरुबक्शगंज थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है,और क्षेत्र का भ्रमण कर वास्तविक स्थित से भी अवगत हो रहें है।


## अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी सदर बहराइच मुकदमा नम्बर T 20 धारा 116 उ0 प्र0 रा0 सं0 अधिनियम 2006 सन् 2024 ई, मो0 आय्यूब पुत्र नासिर अली व श्रीमती तहिरा पत्नी अब्दुल हकीम निवासी ग्राम बंगला चक परगना नानपारा तहसील व जिला बहराइच वादी बनाम प्रतिवादी मो0 आदिल, सादाब अहमद, सद्दाम अहमद, मो0 कौसर पुत्रगण सईद अहमद सान मोहम्मद उर्फ अब्दुल बारी,गौर मोहम्मद पुत्रगण जलील अहमद निवा सी ग्राम बंगला चक परगना नानपारा तहसील व जिला बहराइच में यह आवेदन किया है अतः एवं आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए तारीख 22 माह 03 सन् 2024 ई को 10 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक कोण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

**न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी सदर बहराइच**

## पूर्वोत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली" निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा०, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं.:** वमंविइं–लजं०–01–2024; **कार्य का विवरण:** लखनऊ मंडल में विभिन्न स्टेशनों पर स्थापित विभिन्न मेक के डी०जी० सेटों के कॉम्प्रिहेन्सिव एनुअल मेन्टीनेन्स कॉन्ट्रेक्ट तीन वर्ष के लिए; **अनुमानित लागत:** ₹73,50,121.44; **बयाना राशि:** ₹1,47,000/-; **निविदा मूल्य;** ₹0.00/-; **कार्य समापन की अवधि:** 36 माह। **निविदा सं.:** वमंविइं–लजं०–02–2024; **कार्य का विवरण:** लखनऊ मंडल में प्लेटफॉर्म पर लाइटों का 30 प्रतिशत व 70 प्रतिशत में अलगाव और विभिन्न सर्विस भवनों में कन्वेन्शनल पंखों का बीएलडीसी पंखों में बदलाव; **अनुमानित लागत:** ₹1,31,93,701.44; **बयाना राशि:** ₹2,16,000/-; **निविदा मूल्य;** ₹0.00/-; **कार्य समापन की अवधि:** 04 माह। **उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय:** 05.04.2024 को 15:00 बजे।

**नोट:** इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** को देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य**
**मुजाधि/विद्युत–301** **लखनऊ**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


# नगर पंचायत अध्यक्ष ने सीसी रोड का किया लोकार्पण

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



नगर पंचायत अध्यक्ष डलमऊ ब्रजेश दत्त गौड़ के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत 17 सड़कों का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया गया शुक्रवार को श्री गौड ने मोहल्ला टिकैतगंज में मदन निषाद के घर से संकट मोचन मंदिर तक सीसी रोड, लालजी माली के घर से रानी शिवाला मंदिर तक सीसी रोड, शेखवाडा में मेन रोड से खुर्शीद होटल तक सीसी रोड,कृष्ण नगर में मेन रोड से नीरज यादव के मकान तक, राम नारायण के घर से यादव जी के मकान तक सीसी रोड,चौरासी में मेन रोड से चौगलिया तक सीसी रोड सहित अन्य सड़कों का शुभारंभ कर कस्बे के लोगों को सौगात दी।

इस दौरान श्री गौड़ ने कहा कि नगर के सर्वांगीण एवं चौमुखी विकास के लिए मेरे द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। कस्बे में हो रहे हैं विकास कार्य हेतु मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री, मंत्री दिनेश प्रताप सिंह एवं पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सभासद विक्रम सोनकर, मनमोहन यादव, फिरोज अहमद, मोहम्मद शकील, पूर्व सभासद मुन्नू मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# यादवेंद्र को कोषाध्यक्ष व अमन को अध्यक्ष की जिम्मेदारी

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की एक आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला के निर्देश पर जिला मंत्री मुकेश चंद्र दिवेदी द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय चक अहमदपुर में आहूत की गई।

बैठक में जनपदीय कोषाध्यक्ष आशुतोष शुक्ला द्वारा पद के दायित्व का निर्वहन करने में असमर्थता पर जिला कार्य समिति द्वारा कोषाध्यक्ष पद का दायित्व यादवेंद्र प्रताप सिंह ब्लॉक अध्यक्ष डलमऊ को सौंपा गया। ब्लॉक अध्यक्ष बछरावां के पद का दायित्व युवा,संघर्षशील,जुझारू शिक्षक साथी अमन शुक्ला को सौंपा गया। इस अवसर पर यादवेन्द्र प्रताप सिंह व अमन शुक्ला दोनों के द्वारा जिला कार्य समिति द्वारा प्रदत्त नवीन जिम्मेदारी को निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आश्वासन अपने संबोधन में व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जिला मांडलिक मंत्री/ जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा सभी को बधाई दी गई और पद व दायित्व का कार्य और गरिमा पर प्रकाश डालते हुए संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया गया। जिला मंत्री मुकेश चंद्र द्विवेदी,अध्यक्ष संघर्ष समिति पंकज द्विवेदी,जनपदीय संयुक्त मंत्री/ब्लॉक अध्यक्ष सतांव डा0 चंद्रमणि बाजपेई ने शिक्षक साथियों को शुभकामना व बधाई प्रदान की। इस अवसर पर जटा शंकर बाजपेई, सत्येश सिंह, वेद शुक्ला, संजय सिंह, आदित्य पांडे, पवन शुक्ला, नीरज हंस, डा0 गजेंद्र सिंह, शेखर यादव, डॉक्टर बृज किशोर चौधरी, सुधीर सिंह, सुधीर त्रिवेदी,योगेश सिंह, अनिल सिंह, शैलेंद्र सिंह, दुर्गेश मिश्रा, गौरव सिंह आदि शिक्षक साथीगण उपस्थित रहे।

## नशे का नासूर

हाल के दिनों में देश के विभिन्न भागों में बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की बरामदगी हमारे नीति नियंताओं की गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। ये घातक नशा न केवल युवा पीढ़ी को पथभ्रष्ट करता है बल्कि अपराध की एक अंतहीन शृंखला को भी जन्म देता है। जाहिरा तौर पर नशे के अंतर्राष्ट्रीय सौदागर देश में कानून-व्यवस्था का संकट भी पैदा करना चाहते हैं। यह संकट कितना बड़ा है, वह इस बात से पता चलता है कि एक माह के भीतर भारतीय एजेंसियों ने गुजरात तट पर नशे की एक दूसरी बड़ी खेप बरामद की है। एनसीबी, तटरक्षक बल व गुजरात आतंकरोधी दस्ते के साझे अभियान को तब बड़ी कामयाबी हाथ लगी, जब पोरबंदर तट पर करीब 480 करोड़ रुपये का नशीला पदार्थ जब्त किया गया। इसके साथ ही एक अंतर्राष्ट्रीय गिरोह के लिये काम करने वाले छह पाकिस्तानियों की गिरफ्तारी भी महत्वपूर्ण है, जिसके जरिये समुद्र मार्ग से हो रही नशीले पदार्थों की बड़ी तस्करी के सूत्र तलाशने में भारतीय एजेंसियों को मदद मिल सकेगी। ज्यादा दिन नहीं हुए जब पिछले महीने ही गुजरात के तट पर एक ईरानी नाव से तैंतीस सौ किलोग्राम नशीले पदार्थ बरामद किये गए थे। गाहे-बगाहे देश के अन्य भागों से भी नशीले पदार्थों की बरामदगी की खबरें मिलती रहती हैं। अकेले गुजरात से ही पिछले दो सालों के दौरान करीब छह हजार करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ बरामद किए गए हैं। इस आंकड़े से इस बात का अहसास किया जा सकता है कि पूरे देश में नशीले पदार्थों की बरामदगी का आंकड़ा कितना बड़ा होगा। यह भी कि देश की युवा पीढ़ी को तबाह करने की कितनी बड़ी साजिश अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रची जा रही है। बड़ी बरामदगियों में पाकिस्तान, ईरान व अफगानिस्तान की भूमिका से गहरी साजिश की ओर इशारा मिलता है। निश्चित रूप से ड्रग्स से हासिल रकम का उपयोग पूरी दुनिया में आतंकवाद की जड़ें सींचने में किया जा रहा है। अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था में ड्रग्स की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। निस्संदेह, देश में जब भी कहीं कोई नशे की बड़ी खेप की बरामदगी होती है आम भारतीय की फिक्र बढ़ जाती है। कल्पना कीजिए कि यदि हाल में बरामद ड्रग्स की खेप भारत में दाखिल होती तो कितने युवा पथभ्रष्ट होते? वहीं देश की बहुमूल्य विदेशी मुद्रा बड़ी मात्रा में आतंकवाद को सींचने के लिये चली जाती। हमें न केवल बाहर से आने वाली नशे की खेपों पर अंकुश लगाना है, बल्कि उन काली भेड़ों पर भी लगाम कसनी है जो अंतर्राष्ट्रीय तस्करों की मददगार बनी हुई हैं। हमें देश के भीतर नशे सप्लाई करने वाले तंत्र की जड़ों तक भी पहुंचना होगा, अन्यथा हजारों घरों के चिराग असमय काल-कवलित होते रहेंगे।

# संयुक्त राष्ट्र की मानव विकास रिपोर्ट जारी भारतीय रैंकिंग में सुधार

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**




**भारत के सभी मानव विकास सूचकांकों की रैंकिंग में सुधार के बावजूद हम काफी पीछे क्यों हैं साथियों बात अगर हम 14 मार्च 2024 को देर शाम संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी मानव विकास रिपोर्ट 2023-2024 की करें तो संयुक्त राष्ट्र के मानव विकास सूचकांक एचडीआइ पर भारत की रैंकिंग 2022 में एक स्थान सुधरकर 193 देशों में 134वें स्थान पर पहुंच गई जबकि 2021 में 191 देशों में से यह 135वें स्थान पर थी। लैंगिक असमानता सूचकांक जीआईआई 2022 में भारत 0.437 स्कोर के साथ 193 देशों में 108वें स्थान पर है जीआईआई 2021 में 0.490 स्कोर के साथ 191 देशों में भारत 122वें पायदान पर था। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि जीजीआई 2021 की तुलना में भारत ने जीजीआई 2022 में 14 पायदान का सुधार किया है। हालांकि देश की श्रम बल भागीदारी दर में सबसे बड़ा लैंगिक अंतर भी है जो कि महिलाओं ;28.3 प्रतिशत और पुरुषों ;76.1 प्रतिशत के बीच 47.8 प्रतिशत है।**

इं वैश्विक स्तरपर भारत एक उभरता हुआ तेजी से विकास करने वाला देश और उसकी अर्थव्यवस्था विश्व के टॉप फाइव से सीधे टॉप थ्री नंबर पर पहुंचने को आतुर है। दुनियां की अनेक रैंकिंग एजेंटीयों ने इस स्तरपर काफी सकारात्मक अनुमान लगा रही है कि भारत तेजी सेविकसित देश होने की ओर बढ़ रहा है। रिकॉर्ड स्तर पर भारत में गरीबी स्तर से नीचे से ऊपर उठने वाले आंकड़े आ रहे हैं जो अपने आप में इसका सटीक उदाहरण है। परंतु एक बात सीरियसली रेखांकित करने वाली है कि हम सब भारत के नागरिकों, बुद्धिजीवियों, नेताओं, नीति निर्धारकों शासन प्रशासन व सरकार को इस बात को गंभीरता से सोचना चाहिए होगा कि विश्व की में भारत का डंका बजाने के बावजूद वैश्विक रेटिंग एजेंसियों के सूचकांकों में आखिर भारत पिछड़ा हुआ क्यों है अगर हम इन सूचकांको की रिपोर्ट्स को देखें तो भारत सवा पार है। यानें हम अगर 200 देशों को देखें तो भारत की रैंकिंग बहुत नीचे आती है आखिरकार ऐसा क्यों हमें जरूरत है इन रेटिंग मानदंडों मानको की आवश्यकताओं पर विचार करने की कि आखिर हम क्यों नहीं पहुंच पाए उन मानकों पर जिनकी गणना सूचकांकों को ऊपर उठाने में होती है इसका मतलब यह हुआ कि या तो हमारे विकास के दावे खोखले हैं या फिर किसी साजिश के चलते भारत को कम आंका जाता है। कई बार हमने देखे हैं कि अनेकों रेटिंग एजेंसियों के सूचकांकों पर भारत ने आक्षेप भी उठाया है कि उम्मीद से कम रैंकिंग कैसे मिला इसका सटीक उदाहरण हम दिनांक 14 मार्च 2024 को देर शाम संयुक्त राष्ट्र की मानव विकास रिपोर्ट 2023 2024 में देखने को मिला कि भारत की रैंकिंग 193 देश में 134 वें स्थान पर आई है जबकि 2021 में 191 देश के 135 में स्थान पर थी। यानें अगर हम पिछले 10 वर्षों में मानव संसाधन विकास के दावे कर रहे हैं तो फिर इस एचडीआई रिपोर्ट में अभी तक 134 वें स्थान पर इतनी दूर क्यों है जो सोचनीय व रेखांकित करने वाला मुद्दा है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे। भारत के सभी मानव विकास सूचकांकों की रैंकिंग में सुधार के बावजूद हम काफी पीछे क्यों हैं

साथियों बात अगर हम 14 मार्च 2024 को देर शाम संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी मानव विकास रिपोर्ट 2023-2024 की करें तो संयुक्त राष्ट्र के मानव विकास सूचकांक ;एचडीआइ पर भारत की रैंकिंग 2022 में एक स्थान सुधरकर 193 देशों में 134वें स्थान पर पहुंच गई जबकि 2021 में 191 देशों में से यह 135वें स्थान पर थी। लैंगिक असमानता सूचकांक ;जीआई आई 2022 में भारत 0.437 स्कोर के साथ 193 देशों में 108वें स्थान पर हैजीआईआई .2021 में 0.490 स्कोर के साथ 191 देशों में भारत 122वें पायदान पर था। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि जीजीआई. 2021 की तुलना में भारत ने जीजीआई 2022 में 14 पायदान का सुधार किया है। हालांकि देश की श्रम बल भागीदारी दर में सबसे बड़ा लैंगिक अंतर भी है जो कि महिलाओं ;28.3 प्रतिशत और पुरुषों ;76.1 प्रतिशत के बीच 47.8 प्रतिशत है। हाल में जारी मानव विकास रिपोर्ट;एचडीआर 2023-24 में कहा गया है कि एचडीआई में सुधार के बाद 2022 में भारत 193 देशों में 134वें स्थान पर रहा है। 2022 में भारत का एचडीआई स्तर सुधरकर 0.644 रहा जबकि 2021 में यह 0.633 था। यह आंकड़ा संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम ;यूएनडीपी की रिपोर्ट ब्रेकिंग द ग्रिडलॉक रीइमेजिनिंग कोऑपरेशन इन पोलराइज्ड वर्ल्ड में प्रकाशित किया गया है। वर्ष 2022 में भारत ने सभी एचडीआई संकेतकों में सुधार देखा जिनमें जीवन प्रत्याशा शिक्षा और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय ;जीएनआई में सुधार दर्ज किया गया। इसी के तहत जीवन प्रत्याशा 67.2 से बढ़कर 67.7 वर्ष हो गई जबकि प्रति व्यक्ति जीएनआई 6,542 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 6,951 अमेरिकी डॉलर हो गई। रिपोर्ट में कहा गयाएभारत में पिछले कुछ वर्षों में मानव विकास में उल्लेखनीय प्रगति देखी गई है। 1990 के बाद से जन्म के समय जीवन प्रत्याशा 9.1 वर्ष बढ़ गई है स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष में 4.6 वर्ष का जबकि स्कूली शिक्षा के औसत वर्ष में 3.8 वर्ष का इजाफा हुआ है। भारत की प्रति व्यक्ति जीएनआई लगभग 287 प्रतिशत बढ़ी है।

इसमें कहा गया प्रजनन स्वास्थ्य में भारत का प्रदर्शन मध्यम मानव विकास समूह या दक्षिण एशिया के अन्य देशों की तुलना में बेहतर है। मंत्रालय ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में जीआईआई में भारत की रैंक लगातार बेहतर हुई है जो देश में लैंगिक समानता हासिल करने में प्रगतिशील सुधार का संकेत देती है। 2014 में यह रैंक 127 थी जो अब 108 हो गई है। श्रम बल भागीदारी दर में सबसे बड़ा लैंगिक अंतर।

संयुक्त राष्ट्र के इस सूचकांक के बारे में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा जीआईआई 2021 की तुलना में जीआईआई 2022 में 14 रैंक की छलांग महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्शाता है। हालांकि अलग-अलग पैमानों पर हुए अध्ययन में श्रमिकों से जुड़ा चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। 2022 के सूचकांक के मुताबिक देश की श्रम बल भागीदारी दर में सबसे बड़ा लैंगिक अंतर भी सामने आया है। महिलाओं ;28.3 प्रतिशत और पुरुषों ;76.1 प्रतिशत के बीच 47.8 प्रतिशत का बड़ा अंतर देखा गया है। शिक्षा और जीने की आयु में भी उल्लेखनीय सुधाररिपोर्ट के मुताबिक अमीर देशों में रिकॉर्ड मानव विकास देखा गया जबकि आधे गरीब देशों की प्रगति संकट पूर्व स्तर से नीचे बनी हुई है। 2022 की रैंकिंग मेंए भारत के सभी एचडीआई संकेतकों में सुधार देखा गया है। जीवन प्रत्याशा शिक्षा और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय ;जीएनआई पहले से बेहतर स्थिति में हैं। जीवन प्रत्याशा 67.2 से बढ़कर 67.7 वर्ष हो गई स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष 12.6 तक पहुंच गए जबकि स्कूली शिक्षा के औसत वर्ष बढ़कर 6.57 हो गए।

देश में नागरिकों की औसत कमाई बढ़कर 5.75 लाख रुपये पहुंचा साल 2022 की एचडीआई के मुताबिक प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय 6,542 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 6,951अमेरिकी डॉलर हो गई। भारतीय करेंसी में यह राशि लगभग 5.75 लाख रुपये होती है। इसके अलावा भारत ने लैंगिक असमानता को कम करने में भी कामयाबी पाई है। रिपोर्ट के अनुसार देश का जीआईआई मान 0.437 है।

**विचार**

# इलेक्टॉरल बॉन्ड में फंसती केंद्र सरकार

**राहुल लाल**




**13 मार्च को एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर स्पष्टीकरण दिया कि उसने इलेक्टॉरल बॉन्ड.से संबंधित सूचनाएं चुनाव आयोग को दे दी है। जब एसबीआई 30 जून का समय मांग रहा था, तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि- हमने 15 फरवरी को फैसला दिया था। आज 11 मार्च है । पिछले 26 दिनों में आपने क्या कदम उठाए? कुछ भी नहीं बताया गया है। आपको जानकारी देनी ही होगी। 15 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को बड़ा झटका देते हुए इलेक्टॉरल बॉन्ड को असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था।**

सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को इलेक्टॉरल बॉन्ड से जुड़ी जानकारी देने के लिए एसबीआई को और समय देने से इंकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई से 12 मार्च तक इलेक्टॉरल बॉन्ड की सभी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा। अदालत ने चुनाव आयोग को इस जानकारी को 15 मार्च शाम 5 बजे तक अपने वेबसाइट पर सार्वजनिक करने का निर्देश भी दिया है। एसबीआई इलेक्टॉरल बॉन्ड के खुलासे के लिए 30 जून तक का समय मांग रहा था। तब तक लोकसभा चुनाव संपन्न होकर नई सरकार का गठन हो चुका होता। ऐसे में मतदाताओं को इलेक्टॉरल बॉन्ड की सूचनाओं के बिना ही लोकसभा चुनाव में मतदान के अधिकार का प्रयोग करना पड़ता। 13 मार्च को एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर स्पष्टीकरण दिया कि उसने इलेक्टॉरल बॉन्ड.से संबंधित सूचनाएं चुनाव आयोग को दे दी है। जब एसबीआई 30 जून का समय मांग रहा था, तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि- हमने 15 फरवरी को फैसला दिया था। आज 11 मार्च है । पिछले 26 दिनों में आपने क्या कदम उठाए? कुछ भी नहीं बताया गया है। आपको जानकारी देनी ही होगी। 15 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को बड़ा झटका देते हुए इलेक्टॉरल बॉन्ड को असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इलेक्टॉरल बॉन्ड को जिस तरह अज्ञात और गोपनीय रखा गया है, उस कारण यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) का सीधा उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट का मानना था कि लोकतंत्र में जनता के समक्ष सभी सूचनाएं रहनी चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने इसे सूचना के अधिकार का उल्लंघन माना। कोर्ट ने कहा कि- ये चुनावी लोकतंत्र के खिलाफ है, क्योंकि ये बड़ी कंपनियों को लेवल प्लेइंग फील्ड खत्म करने का मौका देती है। अंत में जनता को यह भी पता नहीं चल पाता था कि आखिर यह कंपनियां कितना चंदा किस राजनीतिक दल को दे रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने पहले 6 मार्च की समयसीमा तय की थी, लेकिन इसके दो दिन पहले ही स्टेट बैंक की तरफ से इसे 30 जून तक करने का अनुरोध किया गया। आज की तारीख में जब टेक्नालॉजी इतनी आगे बढ़ी हुई है,तब देश के इतने बड़े बैंक को एक खास स्कीम के तहत लेन-देन के डिटेल्स निकालने में इतना वक्त लग जाएगा, इस पर सवाल उठ रहे थे। इस संपूर्ण मामले से ऐसा लग रहा था कि स्टेट बैंक पर केंद्र सरकार का काफी दबाव है और केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश को क्रियान्वित करने में पर्दे के पीछे से बाधक बन रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्टेट बैंक को तो केवल सीलबंद लिफाफे को खोलना है और सार्वजनिक कर देना है। अपने संक्षिप्त आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को यह भी कहा कि- हर राजनीतिक दल बैंक की 29 निर्धारित शाखाओं में ही केवल चालू खाता खोल सकता है। इसलिए यह जानकारी आसानी से हासिल की जा सकती है। केंद्र सरकार ने देश के राजनीतिक दलों के चुनावी चंदे के लिए वित्त वर्ष 2017-18 के बजट में इलेक्टॉरल बांड शुरू करने का ऐलान किया था। इस योजना को सरकार ने 29 जनवरी 2018 को कानूनन लागू किया था। इलेक्टॉरल बॉन्ड से मतलब एक ऐसे बॉन्ड से होता है, जिसके ऊपर एक करेंसी नोट की तरह उसकी वैल्यू लिखी होती है। यह बांड व्यक्तियों,संस्थाओं अथवा संगठनों द्वारा राजनीतिक दलों को पैसा दान करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता था। चुनावी बांड एक हजार, दस हजार, एक लाख, दस लाख तथा एक करोड़ रूपये के मूल्य के होते थे। सरकार की ओर से चुनावी बॉन्ड जारी करने और उसे भुनाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक को अधिकृत किया गया था, जो अपनी 29 शाखाओं के माध्यम से यह काम करता है।

# भगवान राम के बारे में जितना जाना जाए उतना ही सनातनियों के लिये कम है

**(रजत रविन्द्र श्रीवास्तव)**



रजत श्रीवास्तव

आज हम आप सभी को बताएंगे अयोध्या के राजा मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के बारे में एक नई बात उनके नाम राम के बारे में एक नई बात उनके नाम राम के बारे में जोकि महर्षि वशिष्ठ ने रखा था। और वह श्री राम गुरु भी थे। क्या राम के नाम मे छिपा हुआ है राम के नाम क्यों कहा जाता है राम नाम सत्य है, किस लिए कहा जाता है जा पर कृपा राम की हाई । ता पर कृपा करें सब कोई ।।

आपको बताएंगे कुछ व्यक्तियों के अंदर ये मैं का अहँकार (घमण्ड) कैसे आ जाता है हमारे यहां पृथ्वी पर चार युग होते है?(1) सतयुग-में राक्षस का नाम बड़ा था ( हिरंडकश्यप)

(2) त्रेता-में राक्षस का नाम थोड़ा छोटा हुआ तीन अक्षर का (रावण)

(3) द्वापर में राक्षस का नाम थोड़ा और छोटा हुआ दो अक्षर का (कंस)

(4) और अंत में राक्षस का नाम सबसे छोटा हुआ एक अक्षर का ( मैं) हमे इस राक्षस को खत्म करना होगा।(जोकि (मैं) है इस (मैं) को खत्म करने के लिये मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के नाम का निरंतर जप करना होगा। कलयुग के मनुष्य के अंदर (मैं) नाम का अहँकार अतिशीघ्र उत्पन्न हो जाता है जिसे हम मनुष्य (घमण्ड) भी कहते है। अपने जीवन का एक मूलमंत्र बनाये जिस मूलमंत्र को राम कहा गया है या कहा जाता है। उधारण के तौर पर बताये तो कहा जाता है कि परम् सिद्ध बाबा नीव करौली जी महाराज प्रभु श्री राम का निरंतर जप किया करते थे, बाबा नीव करौली जी महाराज को हनुमान जी महाराज का एक स्वरूप बताया जाता है। वहीं कुछ लोग उन्हें कलयुग के हनुमान जी कहते है वे अपने भक्तों की किसी न किसी रूप में आकर स्वम रक्षा किया करते है। अयोध्या के राजा मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का विषय लगभग 500 वर्षो से भी ज्यादा का चला, लेकिन निर्णय हुआ और हिन्दुओ के पछ में निर्णय आया आज राम मंदिर बनने का सपना बहुत से लोगो का पूरा हुआ। दिन था 22 जनवरी 2024 के जब राम मंदिर का लोकार्पण हुआ।देश-विदेश से लोग आए। वहीं फिल्मी दुनिया की बहुत बड़ी-बड़ी हस्ति आई साथ ही प्रधानमंत्री समेत दूसरी पार्टी के दिग्गजों ने अपनी-अपनी हाजरी लगाई।अब हम आपको बताते है राम नाम की महिमा नाम का अर्थ क्या है राम के नाम में (रा) का मतलब क्या है (म) का मतलब क्या है

जैसे कुछ लोगो का कहना है ये नाम जाप करो तो ये मिलेगा, वो नाम जाप करो तो ये मिलेगा, राम नाम मे ऐसा क्या छुपा हुआ है इसे हम आज उजागर करगें। (रा) का मतलब (राधा) (म) का मतलब (माधव) अथार्थ श्री कृष्णजी राधा नाम मे अनन्त शक्तियां पाई गई है, वही हमारे माधव (श्री कृष्ण) ने अनेक रासलीलाएं व उनके अनेको चमत्कार किये है। जो कहते है राधा-राधा, माधव-माधव, शिव-शिव, विष्णु-विष्णु ये सब नाम जपो ये प्राप्ति होगी उन सबको बताना चाहूंगा कि राम नाम में ही सब कुछ है अच्छा एक बात बताइये जब हमारे पार्थिव शरीर को शमशान घाट की ओर ले जाया जाता है, तो सिर्फ उस समय चारो तरफ एक ही नाम की बाढ़ आई होती है, केवल एक और एक ही नाम की वो क्या/ राम नाम सत्य है, राम नाम सत्य है।

बस एक ही नाम..............

मेरा किसी भी व्यक्ति या किसी की आस्था पर ठेस पहुचाने का किसी भी प्रकार का कोई भी उद्देश्य नही है। इसीलिए कहा है हमने नारायण भगवान विष्णु के सातवें अवतार श्रीराम की कृपा होगी, तब कितनो का कल्याण होगा। अगर कोई पूछे कौन है (मर्यादा पुरुषोत्तम राम) तो बता देना उनको मर्यादा की जो सीमा न लांगे वो है (राम) पुरुषो में है सबसे उत्तम तभी कहलाते है वो पुरुषोत्तम ये है वो (राम) अयोध्या के राजा होकर भी माता की खातिर जाते है वो वनवास को वो है (राम) और तुम पूछते हो कौन है राम। वैसे कहा जाए तो सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु जी को कहा गया है हम सनातनियों के लिये बात की जाए तो जिसकी आस्था जिसमे जुड़ जाए हम लोगो के लिये वही हमारे पालनहार हो जाते है। हम आपको बताते चले कि भगवान (नारायण) अथार्थ विष्णु जी ने सृष्टि को हर रूप से सजाया है और वही भगवान शिव ने पूरे ब्रह्मांड को रंग डाला है। हमारे बड़े बुजुर्ग एक बात कहे गए है उसको याद रखिये हमारे बड़े बुजुर्ग हम सभी छोटे-बड़े, भाई-बंधुओ को कभी गलत शिक्षा नहीं देते और ये हम सब अपने बड़े बुजुर्गो से ही सीखते है राम-राम कहना और हमारे बड़े बुजुर्ग ही बोलते है।जा पर कृपा राम की हाई। ता पर कृपा करें सब कोई।।

यदि आप भी नारायण अवतारी (मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम) की कृपा के पात्र बनना चाहते हैं तो भगवान राम के नाम का जाप करे राम को समझने की कोशिश करे उनके आदर्शो पर चले तब इस कलयुग में हम सभी मनुष्य (मानव) जाति का कल्याण व मंगल होगा। जब से अयोध्या में राम मंदिर बनने का सपना पूरा हुआ है तब से हम सनातनियों में एक नए जोश की ज्वाला उत्पन्न हुई हैद्ध मेरी आप सभी माताओ-बहनों, छोटे-बड़े भाइयों से अनुरोध है कि अपने अंदर इस ज्वाला को कम न होने दे।



## राशिफल

**मेष:-** नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनैतिक क्षेत्र के व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**बृषभ:-** शासन-सत्ता कें लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव। परिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा।

**मिथुन:-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घरेलू दायित्वो के प्रति आपकी महत्ता बढे.गी।

**कर्क:-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है।

**सिंह:-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ब्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय की अपेक्षित है।

**तुला:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिक:-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में व्यस्तता बढे.गी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनु:-** सम्बन्धों में ब्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकर:-** बिद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी।

**कुंभ:-** अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिन्तित होगा। कार्य क्षेत्र में ब्यस्तता बढे.गी।

**मीन:-** पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन परेशान होगा।

# महाराष्ट्र में राजनीतिक परिदृश्य उम्मीद से अधिक जटिल

**डॉ. ज्ञान पाठक**



**भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरा कार्यकाल चाह रहे हैं। पीएम मोदी ने दावा किया है कि भाजपा 370 सीटें जीतेगी और एनडीए 405। इस प्रक्रिया में, भाजपा देश भर में अपने सहयोगियों पर दबाव डाल रही है, यहां तक कि एनडीए सहयोगियों के पर कतरने की भी कोशिश कर रही है ताकि वह अधिक संख्या में सीटों पर चुनाव लड़ सके और इसकी राष्ट्रीय संख्या 2019 में जीती 303 से अधिक हो। भाजपा के इस सत्तावादी रवैये ने उसके सभी सहयोगियों को नाराज कर दिया है, जिससे हर प्रमुख राज्य में सीट-बंटवारे के समझौते में देरी हो रही है, और महाराष्ट्र उनमें से एक है। 2019 में, भाजपा ने 25 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 23 सीटें जीती थीं, जबकि उसकी सहयोगी शिवसेना ने 23सीटों पर चुनाव लड़ा था और 18 सीटें जीती थीं। कुल मिलाकर, एनडीए ने 41 सीटें जीतीं, जबकि यूपीए 7 सीटें ही जीत सकी।**

लोकसभा सीटों के मामले में उत्तर प्रदेश के बाद भारत का दूसरा सबसे बड़ा राज्य महाराष्ट्र, एनडीए गठबंधन (महायुति) और इंडिया ब्लॉक (महा विकास अघाड़ी या एमवीए) के बीच एक जटिल चुनावी लड़ाई की ओर बढ़ रहा है, और इसलिए परिणाम आश्चर्यजनक होने की संभावना है। एनडीए और इंडिया दोनों गुटों को कई बाधाओं के कारण सीट-बंटवारे की व्यवस्था को अंतिम रूप देने में देर हो रही है। राज्य 48 लोकसभा सदस्य भेजता है और दोनों पक्षों के लिए दांव बहुत ऊंचे हैं। वर्तमान में, भाजपा के पास खोने के लिए बहुत कुछ है क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद वह 23 सीटें जीतकर महाराष्ट्र में सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी थी। पार्टी को 27.59 प्रतिशत वोटों का सबसे बड़ा हिस्सा भी मिला। भाजपा ने 2019 में अविभाजित शिवसेना के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा था, जिसने बाद में कांग्रेस और एनसीपी के साथ गठबंधन में सरकार बनाने के लिए एनडीए को छोड़ दिया था। जाहिर है, भाजपा की सीटों की संख्या और वोटों की हिस्सेदारी में गिरावट तय थी, जिसने पार्टी को शिवसेना में दलबदल कराने के लिए प्रेरित किया, जो दो भागों में विभाजित हो गई और एक गुट, शिव सेना (शिंदे) को भाजपा ने एनडीए में शामिल कर लिया ताकि महायुति की राज्य सरकार बन जाये। लेकिन यह भी अधिक लोकसभा सीटें जीतने के साथ-साथ अधिक वोट शेयर जीतने के लिए पर्याप्त नहीं होने के कारण, भाजपा ने एनसीपी से दलबदल कराया और एनसीपी (अजित पवार) का एक गुट एनडीए में शामिल हो गया, और अब वह भी राज्य सरकार का हिस्सा है। भाजपा को उम्मीद थी कि इससे उसे अधिक संख्या में सीटें और वोट शेयर जीतने में मदद मिलेगी। हालांकि, भाजपा को अब शिवसेना शिंदे गुट और एनसीपी अजीत पवार गुट के साथ सीट साझा करना मुश्किल लग रहा है। वास्तव में, भाजपा 2019 की तुलना में 2024 में अधिक कठिन चुनावी लड़ाई की ओर बढ़ रही है। यह तब हो रहा है जब भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरा कार्यकाल चाह रहे हैं। पीएम मोदी ने दावा किया है कि भाजपा 370 सीटें जीतेगी और एनडीए 405। इस प्रक्रिया में, भाजपा देश भर में अपने सहयोगियों पर दबाव डाल रही है, यहां तक कि एनडीए सहयोगियों के पर कतरने की भी कोशिश कर रही है ताकि वह अधिक संख्या में सीटों पर चुनाव लड़ सके और इसकी राष्ट्रीय संख्या 2019 में जीती 303 से अधिक हो। भाजपा के इस सत्तावादी रवैये ने उसके सभी सहयोगियों को नाराज कर दिया है, जिससे हर प्रमुख राज्य में सीट-बंटवारे के समझौते में देरी हो रही है, और महाराष्ट्र उनमें से एक है। 2019 में, भाजपा ने 25 सीटों पर चुनाव लड़ा था और 23 सीटें जीती थीं, जबकि उसकी सहयोगी शिवसेना ने 23सीटों पर चुनाव लड़ा था और 18 सीटें जीती थीं। कुल मिलाकर, एनडीए ने 41 सीटें जीतीं, जबकि यूपीए 7 सीटें ही जीत सकी, जिनमें एनसीपी को 4, कांग्रेस को एक, एआईएमआईएम को एक और निर्दलीय को एक सीट मिली थी।

शिवसेना और एनसीपी में फूट के कारण एनडीए और इंडिया ब्लॉक दोनों के सामने सीट बंटवारे को लेकर मुश्किलें बढ़ गई हैं। विभाजित समूह अपने ऐतिहासिक रुझानों के आधार पर सीटों की मांग कर रहे हैं। एनडीए और इंडिया ब्लॉक इस सप्ताह के अंत में अपने अंतिम सीट-बंटवारे सौदे की घोषणा करेंगे, जबकि समस्याएं अभी भी बनी हुई हैं। एनडीए में होने वाले घटनाक्रम से पता चलता है कि भाजपा 31 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि महायुति में उसकी सहयोगी, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना 13 पर और एनसीपी (अजित पवार) चार सीटों पर चुनाव लड़ेगी। अजित पवार चार सीटों- बारामती, रायगढ़, शिरूर और परभणी के अलावा और सीटों की मांग कर रहे हैं। अविभाजित शिवसेना ने 23 और अविभाजित राकांपा ने 19 सीटों पर चुनाव लड़ा था। कहने की जरूरत नहीं है कि भाजपा ने दोनों के लिए 13 और 4 सीटें बांटकर उनके पर कतर दिये हैं। इस तरह की अपमानजनक स्थितियां पूरे देश में भाजपा के सहयोगियों के लिए भी देखी जा रही हैं, इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि यह एनडीए सहयोगियों की राष्ट्रीय संख्या को प्रभावित कर सकता है, जिसकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 35 होने की उम्मीद की थी।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# पूर्व मंत्री सिद्धगोपाल साहू भाजपा में शामिल

▸ प्रदेश भाजपा कार्यालय में ग्रहण की सदस्यता

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

बुंदेलखंड के कद्दावर नेता के रूप में जाने-माने जमीनी स्तर के नेता, साथ ही साथ व्यापारियों और उद्योगपतियों में अपनी खासी पहचान बनाने वाले सपा सरकार में मंत्री, बसपा, कांग्रेस सहित नेलोपा में रहकर चुनावी मैदान में उतरकर विरोधियों के छक्के छुड़ाने वाले सिद्ध गोपाल साहू ने आखिरकार बीजेपी के दिग्गज नेताओं के साथ भाजपा की शपथ ग्रहण कर ली है।

शुक्रवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह,डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक,जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह,जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद,प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य के सामने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने उन्हें भगवा गमछा पहनाकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। बताते चलें कि सिद्धगोपाल साहू बसपा के कद्दावर नेता रहे छंगा प्रसाद साहू के पुत्र हैं। सिद्धगोपाल साहू 1995 में कबरई नगर पंचायत के चेयरमैन निर्वाचित हुए। उसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और वर्ष 2002 में महोबा जिले की सदर विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीतकर पहली बार विधानसभा पहुंचे और मुलायम सिंह यादव की सरकार में खनिज राज्यमंत्री बने। वर्ष 2007 में सपा से टिकट कटने के बाद सिद्धगोपाल साहू ने नेलोपा से चुनावी मैदान में ताल ठोंकी लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा।






### लगातार कर रहे हैं हार का सामना

पार्टी बदलकर वर्ष 2009 में कांग्रेस के टिकट पर हमीरपुर, महोबा लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरे सिद्धगोपाल साहू को एक और हार का सामना करना पड़ा। सपा में वापसी करने वाले पूर्व मंत्री ने वर्ष में 2012 में एक बार फिर से समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़ा और इस बार भी हार ने उनका पीछा नहीं छोड़ा और उन्हें 2012 के विधानसभा चुनाव में दूसरे नम्बर पर सन्तोष करना पड़ा। वर्ष 2017 में पूर्व मंत्री ने एक बार फिर महोबा जिले की सदर विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के सिंबल पर चुनावी मैदान में उतरे लेकिन उन्हें एक और हार का मुंह देखना पड़ा। इसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में अपने भाई संजय साहू को चुनावी मैदान उतारकर निर्दलीय चुनाव लड़ाया लेकिन हार ने उनका यहाँ भी पीछा नहीं छोड़ा। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में बसपा के टिकट पर सदर विधानसभा से चुनावी मैदान में ताल ठोंकने वाले पूर्व मंत्री सिद्धगोपाल साहू के भाई संजय साहू को एक और हार का सामना करना पड़ा। पूर्व मंत्री व उनके भाई को एक के बाद एक लगातार मिली चुनावी हारों ने जिले की राजनीति में हाशिये पर ला दिया था ऐसे में लंबे समय से अपने लिए नई सियासी जमीन तलाश रहे पूर्व मंत्री सिद्धगोपाल साहू ने आखिरकार शुक्रवार को भाजपा का दामन थाम लिया है। सिद्धगोपाल साहू पिछड़ा वर्ग की साहू बिरादरी से आते हैं और लोकसभा चुनाव के ऐन पहले उनका भाजपा में जाना जिले की राजनीति में बड़े बदलाव के संकेत के तौर पर देखा जा सकता है।

# समग्र शिक्षा अभियान माध्यमिक के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

▸ पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या सरगम खरे व शिक्षक सतीश मिश्रा ने निभाई मास्टर ट्रेनर की भूमिका

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**




समग्र शिक्षा अभियान माध्यमिक के अंतर्गत जिला विद्यालय निरीक्षक गिरधारी लाल कोली के निर्देशन में कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम फॉर गर्ल्स के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज के सभागार में राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और नोडल शिक्षकों के दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का शुभारम्भ गुरुवार के दिन सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया था। उक्त अवसर पर वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यमिक शिक्षा बृजेश कुमार शुक्ला तथा डीसी रमसा अमित कुमार ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों को संबोधित किया। मास्टर ट्रेनर पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या सरगम खरे एवं शिक्षक सतीश मिश्रा ने प्रशिक्षण की उपयोगिता बताई। प्रशिक्षण के दौरान सभी ने बेसलाइन और साइकोमेट्रिक टेस्ट के द्वारा स्वयं का अवलोकन किया एवं सभी ने पढ़ाई के दौरान छात्र एवं छात्राओं की रूचि जाग्रत करने के सम्बन्ध में अपने सुझाव व्यक्त किए। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रधानाचार्या अनुराधा द्विवेदी, प्रधानाचार्य जगदेव वर्मा, पीसी अनुरागी, जागेश्वर स्वर्णकार, महेश चंद्र सक्सेना, मजहर अहमद, दिलीप कुमार, सीमा यादव, रणधीर राणा, नरेन्द्र सिंह, प्रतिभा देवी, विनीता, प्रीती कन्नौजिया, रोहिणी पटेल सहित जनपद के राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं नोडल शिक्षकों के अलावा रमसा टीम से लेखाकार विवेक सचान, लेखाकार अशोक कुमार, शिवेन्द्र कुमार, राकेश कुमार, जगत आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### महिला दरोगा सहित पति, पुत्र व साले के खिलाफ मामला दर्ज

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** पड़ोसी के घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने महिला दरोगा सहित पति, पुत्र व साले के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। सदर कोतवाली के चौरादेवी मोहल्ला निवासी पीड़ित जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पड़ोसी अंजुम सिद्धकी वर्षो से उसका उत्पीड़न कर रहे हैं। उसकी पत्नी नाजिस सिद्दकी बांदा सदर कोतवाली में दरोगा के पद पर तैनात है। जो पूरे परिवार को सह दे रखी है। बताया कि वह निज निवास में अकेला वयस्क है। माता-पिता वृद्ध व पत्नी एवं एक छोटा बच्चा है। बताया कि उनके घर की स्लैब डालने के लिए निर्माण सामग्री गली में पड़ी हुई थी। तभी आरोपी अंजुम सिद्धकी, पुत्र समीर उर्फ शीबू व साला सानू धारदार हथियार लेकर उसके ऊपर हमला कर दिया। महिला दरोगा ने फोन कर उन्हें उकसाया था। मारपीट में उसे गंभीर चोंटे आई हैं। साथ ही उसके वृद्ध माता पिता से भी अभद्रता की है। कोतवाल अनूप सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर नाजिश, अंजुम, समीर व सानू के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने का मामला दर्ज कर लिया गया है। कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

### कोटेदार के पुत्र ने फंदा लगा दी जान



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** कोटेदार के बेटे ने मकान की ऊपरी मंजिल में बने कमरे में लोन स्वीकृति न होने व मकान खाली न होने से परेशान होकर फंदा लगा जान दे दी। दूसरे दिन दरवाजा न खुलने पर पिता ने पड़ोसियों के साथ दरवाजे को खोला तो बेटा फंदे पर लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। सुमेरपुर थानाक्षेत्र के कस्बा निवासी कोटेदार मोहनदास का बेटा नवनीत (25) अपने मकान के सबसे ऊपरी मंजिल में बने कमरे में रहता था। जबकि माता-पिता नीचे मंजिल में रहते थे। पिता ने बताया कि यह अक्सर दरवाजा बंद करके अपने कमरे में सोता रहता था। जिससे वह कोई खास ध्यान नहीं देते थे। बताया कि बुधवार रात बेटा खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया। गुरुवार को सारा दिन दरवाजा नहीं खोला, शुक्रवार को सुबह जब दरवाजा नहीं खुला तो उन्हें आशंका हुई और वह पड़ोसियों को बुलाकर लाए और दरवाजा खुलवाया। तो देखा कि बेटा फंदे पर लटकता मिला। मृतक दो भाइयों व तीन बहनों में सबसे छोटा था। तीनों बहनों की शादी हो गई है। जबकि बड़ा भाई रोहित दिल्ली में जॉब करता है। कहा कि स्टेशन रोड़ पर ठड़ेश्वरी आश्रम के सामने दुकान है। जिसमें दामाद ने कई वर्ष पहले किराए पर लिया था, लेकिन अब वह खाली नहीं कर रहे है। शायद इसी वजह से बेटा परेशान था। कस्बा इंचार्ज प्रमोद त्रिपाठी ने बताया कि नवनीत ने सुसाइड नोट में लिखा है कि उसका लोन स्वीकृति नहीं हो रहा है। वहीं स्टेशन रोड़ स्थित उसकी दुकान खाली नहीं हो रही है। जिससे वह डिप्रेशन में है। और उसे अजीब सपने आ रहे है। जिससे परेशान होकर आत्महत्या कर रहा हूं। कहा कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### सामुदायिक शौचालय केयरटेकर की महिलाओं ने दिया ज्ञापन



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** सामुदायिक शौचालय केयरटेकर की दर्जनों महिलाओं ने जिला अधिकारी कार्यालय पर आकर अपनी मांगों का ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौपा नेतृत्व कर रही सुषमा देवी ने बताया कि हमारा मानदेय सीधा हमारे खाते में डाला जाए ताकि समूह की महिलाएं और बी एम एम के द्वारा हम लोगों का शोषण रोका जा सके मानदेय बढ़ाकर 6000 से 9000 किया जाए शौचालय पर होने वाले व्यय अलग से दिए जाएं समूह की महिलाएं एवं बी एम एम हम लोगों को परेशान करते रहते हैं जब हम लोग अपना मानदेय मांगते हैं तो हस्ताक्षर करने से मना कर देते हैं एवं उन्होंने अपील की हम सभी केयर टेकरो की प्रतिमाह बैठक की तारीख निश्चित की जाए जिस पर हमारी सभी समस्याओं को सुना जाए।

### महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में की आत्महत्या

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम नगला गिरंद में बुधवार को घर में अकेली 26 वर्षीय नव विवाहिता ने कमरे के अंदर फांसी के फंदे पर लटकर संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुँची पुलिस ने महिला का शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।
जनपद एटा के नया गांव थाना क्षेत्र के ग्राम सराय अघत निवासी संदीप कुमार पुत्र किशन लाल ने ने बताया कि उसने अपनी 26बर्षीय बहिन अनुपम की शादी दस मार्च दो हजार 023 को लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम नगला गिरेन्द्र निवासी गम्भीर सिंह के साथ की थी बुधवार को उसकी बहिन अनुपम ने कमरे के अंदर कुन्डे में दुपट्टा बांधकर फांसी के फंदे पर लटक गयी जिससे बहिन अनुपम की संदिग्ध परिस्थियो में मौत हो गई । जिसकी सूचना गांव वालो ने मायके वालो को फोन से दी।सूचना पर भाई संदीप कुमार बहिन की ससुराल नगला गिरेन्द्र पहुंचकर कर लवेदी थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक महिला का शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए इटावा भिजवा दिया। जब इस सम्बंध में सी ओ भरथना अतुल कुमार प्रधान से जानकारी की तो उन्होंने बताया कि भाई संदीप ने बताया कि अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने के चलते बहिन की हत्या कर ससुरालिजनो फांसी के फंदे पर लटका दिया। पुलिस को प्रार्थना पत्र मिला है मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।




### जलसंरक्षण के जलबीर प्रशिक्षित किए गए

**चरखारी (महोबा )।** ब्लॉक सभागार में अटल भूजल योजना के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय सामुदायिक संसाधन व्यक्ति/ जलवीर वर्कशॉप कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला ग्राम विकास संस्थान मौदहा के प्रशिक्षण प्रभारी आरके निगम ने कहा कि जिन गांव का भूजल स्तर गिर गया है उन गांव में दो-दो जलबीर प्रशिक्षित किए जा रहे ।यह जलबीर गांवों में जल संचय के लिए प्रेरित करेंगे जिससे बरसात का पानी संरक्षित करने के लिए खेत तालाब, बंधी, की योजना के लाभांवित करायेंगे। अटल भूजल योजना के मास्टर ट्रेनर राम अवतार नामदेव, जिला रिसोर्स पर्सन विनोद चक्रवती ने भूजल स्तर बढ़ाने की तकनीकी जानकारी दी। निचले जल स्तर पर चयनित चरखारी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम,सूपा अस्थौन अकठौहा, गोरखा लुहारी, गौरहारी , गुढ़ा, बल्लाय अनघौरा, जरौली, कुसरमा भटेवरा कला, करहरा खुर्द आदि गांव में अटल भूजल योजना के तहत चयनित कर महिला एवं पुरुष व्यक्तियों को जलबीर घोषित किया गया।

# राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा महोत्सव का उद्घाटन

**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज।**



राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चरखारी में दो दिवसीय युवा महोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ आनंद गोस्वामी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया इस अवसर पर छात्रा आयशा खातून ने मां सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया एवं प्राचार्य प्रोफेसर आनंद गोस्वामी ने फीता काटकर इस दो दिवसीय युवा महोत्सव का प्रारंभ किया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर आनंद गोस्वामी ने छात्र-छात्राओं को युवा महोत्सव में प्रतिभाग करने की अपील की जिससे उनके अंदर छुपी हुई प्रतिभाओं को समाज में प्रकाशित किया जा सके आज योगासन प्रतियोगिता छात्र वर्ग में कोमल चौरसिया का प्रथम स्थान स्नेहा तिवारी का द्वितीय स्थान अफ्सा फातिमा का द्वितीय स्थान भूमिका एवं रागिनी का तृतीय स्थान रहा गायन प्रतियोगिता छात्र वर्ग में पुष्पेंद्र कुमार प्रथम स्थान आशीष एवं भारत का द्वितीय स्थान कैलाश एवं नरेश कुमार का तृतीय स्थान रहा गायन प्रतियोगिता छात्र वर्ग में दीप्ति यादव एवं आकांक्षा लखेरा का प्रथम स्थान निशा यादव एवं अंजू सिंह प्रिया का द्वितीय स्थान अफ्सा फातिमा तथा मोहिनी पाठक का तृतीय स्थान रहा फैंसी ड्रेस छात्र वर्ग में शिवम प्रथम स्थान विशाल द्वितीय स्थान नरेश कुमार का तृतीय स्थान रहा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता छात्रा वर्ग में सीलम एवं चाइना का प्रथम स्थान रूबी एवं अफसा का द्वितीय स्थान आयशा निशा सिंह शिवांगी यादव का तृतीय स्थान रहा महाविद्यालय के समारोहक डॉक्टर संजीव कुमार गुप्ता के दिशा निर्देशन में दो दिवसीय युवा महोत्सव के प्रथम दिवस का समापन हो गया कल दिनांक 16 मार्च को प्रातः 10:00 बजे से पोस्टर प्रतियोगिता छात्र वर्ग पोस्टर प्रतियोगिता छात्रा वर्ग रंगोली प्रतियोगिता छात्र एवं छात्र वर्ग लोक नृत्य प्रतियोगिता छात्र एवं छात्रा वर्ग की प्रतियोगिताएं संपादित होगी इसके तदुपरांत पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर डॉक्टर बी एल शर्मा सहायक निदेशक उच्च शिक्षा विभाग प्रयागराज उत्तर प्रदेश होंगे कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर दीपक सिंह द्वारा किया गया।

# चैयरमैन ने छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरण कर हौसला बढ़ाया

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**




रामकृष्ण परास्नातक महाविद्यालय कुरारा में आज छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नगर पंचायत कुरारा की चैयरमेन आशा रानी कबीर ने छात्रों व छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किये।

इस समारोह में स्मार्टफोन वितरित करने के बाद मुख्य अतिथि आशा रानी कबीर चैयरमेन ने छात्रों व छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकारों द्वारा युवा पीढ़ी को सशक्तिकरण व ज्ञानवर्धक बनाकर स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से स्मार्ट फोन वितरित किये जा रहे। इसीलिए युवा पीढ़ी स्मार्ट फोन का सदुपयोग कर अपने उज्जवल भविष्य बनाने का कार्य करें।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकारों द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं का अंतिम छोर तक जीवन यापन करने वालों को लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है।इन जन कल्याण कारी योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने का हम सभी का दायित्व है।

इस समारोह में नगर पंचायत कुरारा चैयरमेन आशा रानी कबीर ने हरी ओम गुप्ता, मुन्ना, प्रियंक देव रोहित, विवेक, मानसी सिंह, खुशबू, आकांक्षा, संगीता, शिप्रा आदि को स्मार्ट फोन वितरित किये।

इस समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डा0एस0पी0भारती ने की। समारोह में महाविद्यालय के शिक्षक अरविंद श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार वर्मा, अशोक कुमार तिवारी, डाक्टर केदारनाथ यादव, पुरुषोत्तम , धीरेन्द्र सिंह, अरविंद कुमार मण्डल महेश चन्द्र तिवारी, वीरेंद्र सिंह आदि ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### विधायक ने किया चिकासी हरदुआ संपर्क मार्ग का भूमि पूजन

**राठ, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्रीय विधायक ने वर्षों से प्रतिक्षित चिकासी हरदुआ मार्ग का भूमि पूजन किया। मार्ग बनने की स्वीकृति मिल जाने पर ग्रामीणों के चेहरे के खिल उठे। बताते चलें कि लगभग दो दशक से चिकासी हरदुआ मार्ग की अति जर्जर हालत होने के कारण इस गाँव सहित संपर्क मार्ग के आसपास बसे गांव के लोगों को आने-जाने में खासी मसक्कत करनी पड़ती थी। जो बरसात के दिनों में और भी विकलांग रूप धारण कर लेती थी। जिस पर क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी ने इस मार्ग के निर्माण का बीड़ा उठाते हुए शासन से इसके निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत कराई। जिसका आज उन्होंने भूमि पूजन कर कार्य प्रारंभ कराया है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी, अमर सिंह बाबा,मंडल अध्यक्ष अरुण राजपूत, भाजपा नगर महामंत्री दीपू मुंशी, इं0विजय राजपूत, अमन राजपूत, जेई भूपेंद्र सिंह पटेल,नगर उपाध्यक्ष महेंद्र शर्मा, रामअवतार साहू सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने घोषित की मतदाता जागरण अभियान कार्यक्रम

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश ने लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से कर्मचारियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस आशय की जानकारी महोबा में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के जिला अध्यक्ष हेमंत कुमार पाठक ने एक प्रेस विज्ञप्ति में दिया है।

उन्होंने अवगत कराया है कि एक मजबूत लोकतंत्र के लिए अधिक से अधिक मतदान की आवश्यकता होती है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश का पूरा प्रयास है कि लोकसभा में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश जनपद महोबा की विकास खंड शाखाओं को निर्देश भेजे जा रहे हैं।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के जिला महामंत्री ननकावन तिवारी ने बताया है कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश जनपद महोबा के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा जनपद एवं विकास खंड स्तर के पदाधिकारियों से संपर्क कर प्रेसवार्ता का आयोजन किया जा रहा है। जागरूकता अभियान की शुरुआत जनपद मुख्यालय महोबा से हो रही है ,जहां राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश जनपद महोबा के जिला अध्यक्ष हेमंत कुमार पाठक 17 मार्च को नियमित वर्क चार्ज कर्मचारी संघ लोक निर्माण विभाग कार्यालय महोबा के प्रांगण महोबा में जनपद के कर्मचारियों के साथ बैठक कर मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत करेंगे। हेमंत कुमार पाठक ने कहा है कि मजबूत लोकतंत्र के लिए विकास उन्मुख , स्थाई लोकहित में समर्पित, भ्रष्टाचार पर कड़ा अंकुश लगाने वाली , राष्ट्रवादी सरकार के गठन के लिए शत प्रतिशत मतदान जरूरी है।

# सड़क का घटिया निर्माण कराए जाने का आरोप

▸ जमी मिट्टी लेयर के ऊपर हो रहा डामरीकरण, ग्रामीणों ने जताया विरोध

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



सड़क का घटिया निर्माण कार्य कराए जाने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिसमें ग्रामीण मानक विहीन सड़क का निर्माण कराए जाने का विरोध करते देखे जा रहे हैं। संबंधित ठेकेदार सड़क की साफ सफाई न कराकर सड़क में जमी मिट्टी की परत के ऊपर डामरीकरण का कार्य करा रहा है। अमर उजाला वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

सुमेरपुर क्षेत्र के पत्योरा गांव के मजरा शिवरामपुर में लोनिवि 200 मीटर सीसी सड़क व शेष भाग में डामरीकरण का कार्य करा रहा है। जिसमें विभाग करीब 11 लाख की धनराशि खर्च करेगा। लेकिन कार्यदायी संस्था सड़क के ऊपर जमी मिट्टी की लेयर को बिना साफ कराए ही डामरीकरण करा रहा है। गांव निवासी कामता निषाद व जगन्नाथ निषाद आदि ने बताया कि ठेकेदार सड़क का घटिया निर्माण कार्य करा रहा है। सड़क में जमी मिट्टी को बिना साफ किए ही डामरीकरण करा रहा है। जिससे सड़क जल्द ही खराब हो जाएगी। कहा कि जब उन लोगों ने इसका विरोध किया तो ठेकेदार के कर्मी कुछ सुनने को तैयार नहीं है। आरोप लगाया कि ठेकेदार विभाग से सांठ गांठ करके सड़क निर्माण में धांधली कर रहा है। जिसकी जांच कराकर मानक के तहत सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की है। साथ ही मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

सड़क का सही निर्माण न होने की शिकायत मिली है। संबंधित अवर अभियंता को मौके पर भेजकर मानक के अनुरूप सड़क निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए हैं। कहा कि कार्य में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
**एमएल वर्मा, अधिशासी अभियंता लोनिवि**

### 48 क्वार्टर देशी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**कुरारा, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के बिलौटा गांव में नहर के पास से पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अधेड़ व्यक्ति को 48 देशी क्वार्टर शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थाने के उप निरीक्षक पंधारी यादव ने बताया कि बिलौटा गांव की नहर के पास शुक्रवार शाम करीब साढ़े पांच बजे एक अधेड़ व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़ा था। जिसकी सूचना मुखबिर ने मौके पर पहुंच घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। जिसके पास से 48 देशी शराब के क्वार्टर बरामद हुए। जिसने अपना नाम सुरेंद्र बाबू पुत्र गंगा प्रसाद यादव निवासी छक्की का डेरा, बिलौटा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दफा 60 की कार्रवाई करते हुए निजी मुचलके में रिहा किया।

# ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए छह लोगों के वापस कराए दो लाख 16 हजार

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**



साइबर क्राइम थाना में छह पीड़ितों ने आनलाइन फ्राड कर धन निकाले जाने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। इस पर साइबर क्राइम पुलिस ने फ्रॉड किए गए 2,16,864 रुपये पीड़ितों के वापस कराए हैं। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक जयशंकर सिंह ने बताया कि उदय कुमार पुत्र पच्चू साहू निवासी ग्राम नदेहरा, थाना ललपुरा, द्वारा प्रार्थना पत्र व संबंधित रिकॉर्ड देने कर तत्परता से कार्रवाई अमल में लाई गई। इसके चलते 1,64,899 रुपये व अन्य पांच आवेदकों के 51,975 रुपये कुल राशि 2,16,864 रुपये आवेदकों के खाते में संपूर्ण धनराशि वापस करवाई गई। बताया कि अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई जारी है। रुपये वापस कराने वाली टीम में निरीक्षक देवेंद्र मिश्रा, उप निरीक्षकों में विजय सिंह, अभिषेक सिंह, आरक्षी चंद्रभवन दिवाकर, राजदीप सिंह, राहुल कुमार व महिला आरक्षी प्रज्ञा तिवारी शामिल रहे। आम लोगों के साथ हो रहे साइबर अपराध के बारे में चर्चा कर साइबर अपराध से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी साझा की जा रही है। साथ ही घटना होने पर तुरंत साइबर अपराध बचाव टोल फ्री नंबर 1930 पर कॉल कर व साइबर अपराध थाना से सम्पर्क कर बचाव संबंधी सुझाव दिए जा रहे है।

# चेयरमैन ने विकास कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**




नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने लगभग 50 करोड़ रुपये लागत के विकास कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने बताया कि नगर की जनता के लिये सुविधाओं के लिये विकास कार्य कराए जा रहे है। उन्होंने बताया कि प्रमुख विकास कार्यों में नगर के चौराहों का और पक्का तालाब का सौन्दर्यकरण, जल भराव के निदान के लिये कई नालों का निर्माण, पेयजल आपूर्ति के लिये वाटर कूलर समेत कई पम्प की स्थापना, काली वाह मंदिर का सौन्दर्यकरण, नगर की सीमाओं पर प्रवेश द्वार का निर्माण और मार्ग प्रकाश की व्यवस्था समेत कई कार्य शामिल है।चेयरमैन ज्योति गुप्ता ने आम जनता से अपील की है कि वो नगर को साफ स्वच्छ बनाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि नगर आपका है और साफ सुथरा रखना हम सबका कर्तव्य है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व चेयरमैन नगर पालिका कुलदीप गुप्ता संटू, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका विनय मणि त्रिपाठी समेत नगर पालिका के सभासद और वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डॉ. राम बिहारी सम्मानित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डॉ. राम बिहारी को परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत महिला एवं पुरुष नसबंदी कार्य में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जिला कानपुर देहात में जिला स्तरीय स्वास्थ्य समिति द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। डा. बिहारी वर्तमान में जिला हाथरस के बागला जिला चिकित्सालय में वरिष्ठ परामर्शदाता के पद पर सेवाएं दे रहे हैं। इससे पूर्व डा. राम बिकारी अलीगढ़ के मलखान सिंह जिला चिकित्सालय में भी अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दे चुके हैं। आपने चालू वित्तीय वर्ष में लगभग 1100 से अधिक महिला-पुरुष नसबंदी कर रिकार्ड कायम किया है।

# पुलिस ने तीन टप्पेबाजों को किया गिरफ्तार

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण मे थाना कोतवाली पुलिस ने टप्पेबाजी करने के आरोप में तीन आरोपी गिरफ्तार किये।

विगत 7 मार्च 2024 को वादिनी ज्योति सिंह पत्नी राजकुमार निवासी अजीत नगर थाना फ्रेण्डस कालोनी इटावा द्वारा थाना कोतवाली पर तहरीरी सूचना दी गयी कि जब वह शास्त्री चौराहे से कचौरा के लिये ऑटो में बैठकर जा रही थी इसी दौरान रास्ते में ऑटो में बैठे व्यक्ति, 2 महिलाओं एवं एक बच्ची द्वारा उसके पर्स से एक जोड़ी कान के ब्रजवाला, 2 अँगूठी तथा एक जोड़ी पायल चोरी कर ली।

थाना कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर 2 महिलाओ राजकुमारी पत्नी प्रदीप निवासी मोहल्ला किलामेवई थाना कोतवाली खुर्जा जनपद बुलन्दशहर, रेशमा पुत्री सुघर सिंह निवासी मोहल्ला आजाद नगर थाना टिकसाना जनपद भरतपुर राजस्थान व एक विधि विरूद्ध बालिका को बस स्टैण्ड के पास से एवं आरोपी संजीव वर्मा उर्फ कुक्कू पुत्र लीला सिंह वर्मा निवासी सुभाषरोड सब्जी मण्डी थाना कोतवाली खुर्जा जनपद बुलन्दशहर को रेलवे स्टेशन जीआपी थाने के पास से गिरफ्तार किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्तगणों की पुलिस टीम द्वारा तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से एक जोड़ी सोने की ब्रजवाला, 2 सोने की अँगूठी, एक जोड़ी चाँदी की पायल, 3 पर्स एवं 3150 रूपये नकद बरामद किये गये। इस सफलता में विक्रम सिंह चौहान प्रभारी थाना कोतवाली, उ.नि. सौरभ सिंह, उ.नि. अंशु मिश्रा, हे.का. शमशुल हसन, म.का. मनीषा तिवारी, म.का. ललिता यादव, का. निखिल कुमार, का. निवेश कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

# पालिका बोर्ड बैठक में 64 करोड़ का बजट पास

## नगर विकास के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट 63 करोड़ का रखा गया

**कोंच,जालौन। समृद्धि न्यूज**

नगर पालिका परिषद ने नगर विकास के लिये लगभग 63 करोड़ रुपये का बजट वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बोर्ड पटल पर रखा जिसे ध्वनि मत से पारित कर दिया गया और नगर विकास का रास्ता साफ हो गया।

नगर पालिका परिषद सभागार में दिन शुक्रवार को प्रातः 10 बजे बोर्ड बैठक का आयोजन क्षेत्रीय विधायक मूलचन्द्र निरंजन व पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के निर्देशन में किया गया बैठक में कोरम के नियमानुसार सभासद उपस्थित थे जिनके समक्ष नगर विकास के लिए वित्तीय बर्ष 2024-25 का बजट 63 करोड़ का बजट रखा गया जिसे उपस्थित सभासदों ने सर्व सम्मति से ध्वनि मत के आधार पर पारित कर दिया वहीं एजेंडा में नाला सफाई पर विचार विमर्श सदन में किया गया जिसमें सर्व सम्मति से नगर के सभी नालों मलगंा नाला नरिया आदि की सफाई कार्य का प्रस्ताव स्वीकृत करते हुए पारित कर दिया गया।


पालिका बोर्ड की बैठक लेते चेयरमैन प्रदीप गुप्ता

वहीं अध्यक्ष की अनुमति से रामलीला भवन के पुनः निर्माण हेतु क्षेत्राधिकारी कार्यालय हेतु जमीन दीवानी कार्यालय हेतु जमीन अग्रसेन विवाह घर पर शुल्क और सभाषदों द्वारा एवं नागरिकों द्वारा निर्माण कार्य हेतु दिए गए सभी पत्र व प्रस्ताव सदन में रखे गए जिनमें दीवानी कार्यालय हेतु जमीन प्रस्ताव को अस्वीकृत करते हुए अन्य प्रस्तावों को स्वीकृत प्रदान कर दी गयी इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक ने बोलते हुए कहा कि आज की बैठक वित्तीय बजट बैठक थी। जिसमें वर्ष 2024-25 के लिए लगभग 64 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी पवन किशोर मौर्य, सफाई निरीक्षक हरिशंकर निरंजन, आर आई सुनील कुमार, लिपिक जीवन लाल, आशुतोष चौहान सभासद आजादउद्दीन माधवेन्द्र यादव, रविकांत कुशवाहा, मनोज मोर्य समसुद्दीन मंसूरी सादाब मीरा देवी नजराना कमर जहां सीमा देवी सुनीता देवी शाहीन बेगम नंदिनी कुशवाहा ममता देवी अनिल वर्मा सहित आनंद सकेरे अमित उपाध्याय नरेश वर्मा रामजी बादाम कुशवाहा और पालिका परिवार मौजूद रहा।

# शराब पार्टी के दौरान चली गोली, युवक की मौत

**उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज**

> घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ मौके पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक

सनसनी खेज वारदात सामने आई है। जहां शराब पीने के दौरान दो दोस्त आपस में भिड़ गए, जिसमें एक दोस्त ने दूसरे दोस्त के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई, घटना की जानकारी मिलते ही उरई कोतवाली पुलिस के साथ वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए। साथ ही मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजकर हत्या करने वाले युवक की तलाश में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार उरई कोतवाली क्षेत्र के राठ रोड की है। यहां उरई कोतवाली के मुहल्ला गांधीनगर का रहने वाला युवक अखिलेश 22 वर्ष पुत्र धर्मेद्र उरई के राठ रोड पर पत्थर की मूर्ति बनाने और बेचने का काम करता था। शुक्रवार दोपहर वह दुकान पर बैठा था, इसी उसके तीन दोस्त आए और मिलकर शराब पीने लगे, तभी उनके बीच विवाद हो गया, जिसमें एक युवक ने अपने साथी के सिर पर तमंचा सटाकर गोली मार दी और वहां से भाग गए। गोली की आवाज सुनने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। जहां लोग मौके पर पहुंचे, जिन्होंने अखिलेश खून से लथपथ देखा लोगों के रोंगटे खड़े हो गए, तत्काल इस घटना की सूचना पुलिस को दी और घायल हालत में अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई।

वहीं मृतक के भाई हेमंत का कहना है कि शराब पीने को लेकर उसके भाई की गोली मारकर हत्या की है, अभी तक गोली मारने वाले हमलावरों की पहचान नहीं हुई है। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी ने बताया कि जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक अखिलेश के साथ ही कुछ युवक दुकान पर बैठे थे, इसी दौरान शराब के नशे में कुछ विवाद हुआ और अखिलेश की गोली मारकर हत्या कार दी, मौके से तमंचा मिला है। हमलावरों की पहचान कर जल्द उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

# एसडीएम ने बालू परिवहन की देखी हकीकत



**कालपी,जालौन। समृद्धि न्यूज**

यमुना नदी के किनारे स्थित तरीबुलदा में बालू खदान के पट्टेधारकों की मनमानी पर नकेल कसने के लिए प्रशासन तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के द्वारा हाईवे सड़क का निरीक्षण किया तथा संचालक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

विदित हो कि पिछले 6-7 वर्ष से कालपी नगर के मौजा मोहल्ला तरीबुल्दा में यमुना नदी के बालू खनन का व्यवसाय बंद चल रहा था। इस साल फिर से तरीबुलदा के यमुना नदी के खनन क्षेत्र में खनन विभाग के द्वारा पट्टा दिया गया है। पट्टा संचालक ने दुर्गा मंदिर हाईवे के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग झांसी कानपुर साइड की सड़क में मनमाने तरीके से कट बना दिया है, अब इसी कट से होकर भारी वाहन बालू भरने के लिए खनन क्षेत्र में जाते हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की कार्यदाई संस्था के एजीएम इंजी. गणेशन ने बताया कि हाईवे में गलत तरीके से कट बनाने की वजह से दुर्घटनाएं होनी की आशंका हो गई है। इसी प्रकार बालू लदे वाहनों को सर्विस मार्ग से कालपी नगर के फुलपावर चौराहा स्थित अंडरपास सर्विस रोड से नियम विरूद्ध तरीके से निकाला जा रहा है। जिससे गंदगी फैल रही है व दुर्घटनाओं की भी आशंका बढ़ गई है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के एजीएम इंजी. गणेशन की टीम के के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण किया। मौके पर बालू घाट के संचालक को बुलाकर हिदायत दी कि नियम विरुद्ध तरीके से सर्विस लेन से बालू लदे वाहन ना निकाले जाए तथा हाइवे के कट से घुमाव वाले प्वाइंट में यातायात कर्मचारियों की तैनाती करके उचित इंतजाम किए जाए। मालूम हो कि तरीबुलदा में खनन शुरू होते ही मामला सुर्खियों में बना हुआ था। विगत दिनों पुरानी कोतवाली के पास से ट्रक निकालने को लेकर मोहल्लेवासियों ने विरोध जताया था। अब हाइवे सड़क व सर्विस रोड को लेकर मामला गरमाने लगा है।


जिला कारागार उरई का संयुक्त निरीक्षण करते जिलाजज,डीएम,एसपी

# अधिकारियों ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**उरई(जालौन)।** जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक ईरज राजा व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेनू यादव ने जिला कारागार उरई का त्रैमासिक संयुक्त निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने जेल अस्पताल, किशोर बैरक, महिला बैरक, एवं कारागार की अन्य बैरकों का निरीक्षण तथा बैरक में निरूद्ध बंदियों से उनके मुकदमें की पैरवी, स्वास्थ्य, खाने, रहने एव मुलाकात के बारे में जानकारी ली गयी। किसी भी बंदी द्वारा किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नहीं की गयी।कारागार की प्रशासनिक व्यवस्था, साफ-सफाई व्यवस्था एवं कारागार में निरूद्ध बंदियों को अच्छे से रखने के लिये उन्होंने प्रशंसा व्यक्त की तथा ग्रीष्म कालीन मौसम आने के कारण कारागार में कोचिया एवं मौसम के हिसाब से अन्य फूल पौधे लगाये जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक नीरज देव, कारापाल प्रदीप कुमार, कारागार चिकित्साधिकारी राहुल वर्मन, एवं उप कारापाल अमर सिंह उपस्थित रहे।

# रमजान के पहले नमाजियों ने मुल्क की सलामती तथा खुशहाली की मांगी दुआएं

**कालपी(जालौन)।** पवित्र माह रमजान के पहले जुमे को धर्मनगरी कालपी में आधा दर्जन से अधिक मस्जिदों में हजारों नमाजियों ने दुआओं के लिए हाथ उठाकर मुल्क एवं कौम की सलामती, तरक्की तथा खुशहाली के लिए अल्लाह से दुआएं मांगी। नगर की शाही जामा मस्जिद में पेश इमाम मौलाना नजमुल हुदा ने नमाज अदा कराई।

खानकाह शरीफ मस्जिद में मुफ्ती-ए-शहर मौलाना अशफाक अहमद बरकाती की इमामत में नमाज अदा की गई। नमाजियों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस पाक महीने रमजान शरीफ में अल्लाह अपने बन्दों पर रहमतें बरसाता है। एक नेकी के बदले 70 नेकियों का शबाब हासिल होता है। उन्होंने नमाज रोजा, जकात पर जोर देते हुए इस पर अमल करने का आव्हान किया।

# आखिर कब तक गांव के हर घर में नल से पहुंचेगा जल

**उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज**

> मार्च 2024 तक हर घर में नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया था

जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना जल निगम विभाग द्वारा संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में मार्च 2024 तक हर घर में नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया था। किंतु विभागीय उदासीनता के चलते अब तक लक्ष्य के सापेक्ष इसकी प्रगति नहीं हो पाई है। इस संबंध में जब एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव से चर्चा की गई तो उन्होंने इसकी पूरी जानकारी के लिए जल निगम के अधिशासी अभियंता के लिए कहा।

प्रधानमंत्री की जल जीवन मिशन की इस योजना के तहत जनपद में हजारों घर लाभान्वित होने हैं। इस संबंध में जानकारी के लिए जब जल निगम के अधिशासी अभियंता अंचल कुमार गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने किसी भी तरह की जानकारी से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि यदि आपको जानकारी चाहिए तो आप सूचना अधिकारी से ले सकते हैं। हमें इसकी अनुमति नहीं है। जब उन्हें बताया गया कि इस विभाग के जन सूचना अधिकारी आप ही हैं तो बोले की हमें किसी भी तरह की जानकारी देने की अनुमति नहीं है। इसकी जानकारी केवल एडीएम नमामि गंगे ही दे सकते हैं। बड़ी हैरानी की बात है कि लाखों लोगों को लाभान्वित करने वाली जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना का जहां सरकार एक ओर बढ़.चढ़कर प्रचार प्रसार कर रही है।

## खबरें एक नजर में

### जगद्गुरू स्वामी परमहंसाचार्य ने महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट के खिलाफ खोला मोर्चा



**अयोध्या।** आचार्य पीठ तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगद्गुरू स्वामी परमहंस आचार्य ने शुक्रवार को महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ट्रस्ट अयोध्या में रोहिंग्या,जेहादी मुसलमानों को जमीनें बेंच रहा है।इससे अयोध्या में अशांति फैलाने की एक बड़ी साजिश रची जा रही है।स्वामी परमहंसाचार्य तपस्वी छावनी आश्रम पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया से मुखातिब थे।उन्होंने कहा कि महर्षि रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट ने अयोध्या में धर्म के नाम पर संतों से जमीनें लिया था लेकिन वह उसका अनुपालन ठीक से नही कर रहा है।उन्होंने आरोप लगाया कि विद्यापीठ ट्रस्ट रोहिंग्या,जेहादी मुसलमानों को अयोध्या में जमीनें बेंच रहा है,जो राष्ट्र विरोधियों,पत्थरबाजों और देश जलाने वाले इन जेहादियों को अयोध्या में बड़े पैमाने पर बसाने की तैयारी है।

### सीता-राम विवाह कथा सुन श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

**चोपन/सोनभद्र।** आदर्श नगर पंचायत चोपन के प्रितनगर में स्थित श्री रामेश्वर महादेव मंदिर पर चल रहे सप्तदिवसिय संगीतमय श्री राम कथा के छठे दिन श्री रामचरित मानस की कथा में राम-सीता विवाह प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथावाचक श्री दिलीप कृष्ण भारद्वाज जी महाराज ने श्रीराम-सीता के विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि राजा जनक के दरबार में भगवान शिव का धनुष रखा हुआ था। एक दिन सीता ने घर की सफाई करते हुए उसे उठाकर दूसरी जगह रख दिया। उसे देख राजा जनक को आश्चर्य हुआ, क्योंकि धनुष किसी से उठता नहीं था। राजा ने प्रतिज्ञा ली कि जो इस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उसी से सीता का विवाह होगा। उन्होंने स्वयंवर की तिथि निर्धारित कर सभी राजा- महाराजा को विवाह के लिए निमंत्रण भेजा। वहां आए सभी राजाओं ने एक-एक कर धनुष को उठाने की कोशिश की, लेकिन किसी को भी इसमें सफलता नहीं मिली। गुरु की आज्ञा से श्री राम धनुष उठा प्रत्यंचा चढ़ाने लगे तो वह टूट गया।

### मांगों को लेकर अ भा.वि. परिषद ने किया प्रदर्शन

**कोंच(जालौन)।** अखिल भारतीय बिद्यार्थी परिषद ने अपनी मांगों को लेकर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और धरना देकर मार्ग पर ही बैठ गए जैसे ही धरने की सूचना विद्यालय प्रशासन के साथ शासन प्रशासन को हुई तो वह तुरंत ही धरना स्थल पर पहुंच गए और छात्रों को समझाने बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया लेकिन बगैर किसी ठोस आश्वासन के छात्र धरना खत्म करने के लिए राजी नहीं थे तब शासन ने महा विद्यालय प्राचार्य से मन्त्रणा कर समस्या निवारण के लिए एक हफ्ते का समय मांगा तब कहीं जाकर छात्रों का गुस्सा शांत हुआ और वह धरना स्थल से आस्थायी रूप से हट गए तब कहीं जाकर यातायात बहाल हुआ लेकिन छात्रों ने विद्यालय प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर नियत समय के अंदर हमारी समस्या का समाधान नहीं होता है।

# धूमधाम से मनाई गई कांशीराम की 90 वीं जयंती

**उरई(जालौन)।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में शुक्रवार को सरकार गार्डन पैलेस में वामसेफ डीएस 4 एवं बहुजन समाज पार्टी के जन्मदाता व संस्थापक बहुजन नायक कांशीराम की 90 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि बीडी फुले मंडल प्रभारी झाँसी व विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री जगदीश प्रजापति, ब्रजेश कुमार जाटव, सुरेश गौतम रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र चौधरी नें की। इस दौरान वरिष्ठ नेता आत्माराम फौजी नें कहां कि मान्यवर कांशीराम नें अपनी जिंगदी भर की पूंजी पार्टी व समाज के लिए न्योछार कर दिया। सुंदर लाल अटरिया नें उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी विचारधारा को पूरी तरह से अपनाने का संकल्प लिया।

# रमजान पर नगर पालिका उतरौला में लगा गंदगी का अंबार

## सफाई का निरीक्षण करने के लिए तैनात सफाई नायक भी बने हुए है उदासीन

**उतरौला, बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**



रमजान होने के बावजूद नगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पूरी तरह पंगु हो चुकी है। सफाई कर्मी केवल मुख्य राजमार्ग की सफाई को अपना कर्तव्य मानकर इसे पूरा करने में लगे हैं। गलियों के सड़कों की सफाई, नाली की सफाई पूरी तरह डगमगा गई है।कूड़े की उठान कई-कई दिनों तक नहीं हो रही है। अनेक स्थानों पर नालियों का पानी सड़क पर बहने से मंदिरों पर जाने वाले दर्शनार्थियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आर्य नगर में नगरपालिका जूनियर हाई स्कूल के पास, गुरुद्वारा के पीछे की गली, गोंडा मोड़ से घोसियाना जाने वाली गली, आर्य नगर कांशीराम कॉलोनी जाने वाले मार्ग की दशा शोचनीय है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सफाई कर्मियों के नियमित रूप से न आने के कारण समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। सफाई का निरीक्षण करने के लिए तैनात सफाई नायक भी उदासीन बने हुए हैं। श्रीराम, मनोज कुमार, सुनील कुमार, संतोष सोनी समेत अनेक लोगों का कहना है कि सफाई अव्यवस्थित होने के कारण जलजमाव की समस्या हो रही है। मच्छरों का आतंक भी बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में एसडीएम संतोष ओझा का कहना है कि राजस्व कर्मचारी को भेज कर वार्डों की सफाई व्यवस्था का भौतिक सत्यापन कराया जाएगा।

## तीन नामजदों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कालपी(जालौन)।** कालपी कोतवाली क्षेत्र के बीहड़ इलाके के एक गांव में अपने घर के बाहर कूड़ा फेंकने गई 16 वर्षीय किशोरी को बहला फुसला कर भाग ले जाने की घटना को लेकर पीड़ित पिता की ओर से तीन नामजदों के खिलाफअभियोग पंजीकृत कराया गया है। ग्राम हीरापुर निवासी पीड़ित पिता ने कालपी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया कि प्रार्थी अपनी पत्नी के साथ 3 मार्च को अपने खेत में गया था। प्रार्थी की 16 वर्षीय पुत्री जब कूड़ा फेंकने घर से बाहर गई हुई थी तभी आरोपी मनीष पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम मनकी थाना भोगनीपुर कानपुर देहात उसे भगा ले गया। पुत्री को भगाने में प्रार्थी के पड़ोसी अनिल पुत्र शंकर तथा मनीष के नाना नंदू ने भी सहयोग किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जुर्म धारा 363/366 आईपीसी की तहत मामला दर्ज कर लिया है। कालपी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद ने बताया कि इस घटना की विवेचना अतिरिक्त निरीक्षक मोहम्मद अशरफको सौंपी गई है। पुलिस मोबाइल डिटेल के आधार पर जांच करने में जुट गई है।

# छिपाकर ले जा रहे अवैध शराब को पुलिस ने किया बरामद



**चोपन,सोनभद्र।समृद्धि न्यूज**

स्थानीय थाना पुलिस ने पंजाब से तस्करी करके ले जाई जा रही अंग्रेजी शराब की 770 पेटियां बरामद की है। पुलिस द्वारा पकड़ी गई अवैध शराब की कीमत करीब 80 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने ट्रक को सीज कर दिया है।

वही, ट्रक चालक भागने में सफल रहा। शुक्रवार को सदर सीओ राहुल पांडेय ने पत्रकारों से वार्ता के करते हुए बताया कि गुरुवार की शाम करीब तीन बजे पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि अटल आवासीय विद्यालय गुरमुरा के पास एक ट्रक से कुछ अवैध चीजे दूसरे राज्य को भेजा जा रहा है। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस द्वारा जब ट्रक के पास पहुंचा गया तो चालक ट्रक छोड़कर कर फरार हो गया था। पुलिस द्वारा जब ट्रक में तलाशी ली गई तो ट्रक में धान की भूसी लोड था जब उसे चेक किया गया तो बड़ी मात्रा में अवैध शराब की बोतले दिखाई दी जिसे पुलिस ने अपने हिरासत में ले लिया। ट्रक के अंदर छानबीन से जो बिल्टी प्राप्त हुई वो चावल का था।

वैसे होली से ठीक पहले पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह आबकारी सिपाही शशि खरवार, आबकारी सिपाही सर्वेश दूबे, हेका रूद्रकांत यादव थाना चोपन, हेका नागेन्द्र पटेल थाना चोपन शमिल रहे।

# सपा कार्यालय पर मनाई गई कांशीराम जयंती

> महानगर अध्यक्ष बोले कांशीराम ने सादगी अपनाते हुए दलितों के लिए अपना पूरा जीवन किया समर्पित

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**



समाजवादी पार्टी के महानगर कार्यालय पर शुक्रवार को मान्यवर कांशीराम की जंयती मनाई गयी।इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने कहा कि कांशीराम भारतीय राष्ट्रीय राजनीति के परिदृश्य में एक चमकता हुआ सितारा थे। उन्होंने दलित राजनीति में एक विशिष्ट स्थान बनाया।

वे अपनी राजनीति से ज्यादा दलितों के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते थे। महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि कांशीराम ने सादगी अपनाते हुए दलितों के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने खुद को अपने परिवार से पूरी तरह से अलग कर दिया था। उन्हें हमेशा बसपा सुप्रीमो कहा जाता था। वास्तव में वे जमीनी कार्यकर्ता थे और हमेशा लोगों को अपने आंदोलन में जोड़ने की कोशिश करते थे। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया कि इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन,महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव,महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, पूर्व प्रमुख राम अचल यादव, जिला सचिव अंसार अहमद बब्बन,महानगर उपाध्यक्ष संजय सिंह,जिलाध्यक्ष शिक्षक सभा दान बहादुर सिंह,महासचिव डा घनश्याम यादव,महानगर सचिव जगन्नाथ यादव,वीरेंद्र गौतम, प्रदेश सचिव मजदूर सभा अखिलेश चतुर्वेदी व राजेश कोरी आदि मौजूद थे।

# बजट के अभाव में मनरेगा मजदूरों का नौ माह से नही मिला एक पाई

**उतरौला,बलरामपुर।** विकास खण्ड उतरौला के मनरेगा मजदूरों व निर्माण सामग्री का तीन करोड़ दस लाख रुपए का भुगतान बजट में धन के अभाव में नहीं हुआ है। मनरेगा मजदूरों को नौ माह से एक करोड़ साठ लाख रुपए की मजदूरी का भुगतान नहीं हो पाया है। मनरेगा मजदूरों को मजदूरी न मिलने से मजदूर व उसके परिवार भुखमरी के कगार पर है। वहीं मनरेगा में कराए गए विकास कार्यों में एक करोड़ पचास लाख रुपए के लागत की निर्माण सामानों की खरीद दारी की गई है लेकिन सरकार द्वारा मनरेगा में बजट उपलब्ध न कराने से आपूर्तिकर्ता विकास खण्ड उतरौला कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं।

# सीएचसी उतरौला में अधिकांश ग्राम पंचायत में गर्भवती महिलाओं के प्रसव की सुविधा नहीं

**उतरौला, बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**

सीएचसी उतरौला क्षेत्र की आधी से अधिक ग्राम पंचायतों में गर्भवती महिलाओं को प्रसव की सुविधा नहीं है। गर्भवती महिलाओं का प्रसव केन्द्र बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने शासन को पत्र नहीं लिखा।

सीएचसी उतरौला क्षेत्र के ग्राम पंचायत भैरमपुर, बकसरिया, गुरदयाल डीह, जाफराबाद, जनुका जनुकी, मधपुर, मानापार बहेरिया, मोहनोत, पेहर, रमवापुर खुर्द, तेन्दुवा तकिया में उपस्वास्थ्य केन्द्र संचालित कर रखा है। इस ग्यारह उपस्वास्थ्य केन्द्र पर लगभग चार चार ग्राम पंचायतें जुड़ी हुई है। इस तरह पचासों गांव की महिलाओं का केन्द्र से जुड़े होने से उनके स्वास्थ्य का परीक्षण इसी केन्द्रों पर अक्सर होता रहता है। पूरे क्षेत्र की लगभग आधी आबादी महिलाओं का होने के बाद इस उपस्वास्थ्य केन्द्रों पर गर्भवती महिलाओं के प्रसव का कोई इंतजाम नहीं है। मजबूरन इस क्षेत्र की महिलाएं प्रसव कराने के लिए जिला अथवा तहसील मुख्यालयों को चक्कर लगानी पड़ती है। शासन ने गर्भवती महिलाओं को प्रसव कराने के लिए सीएचसी उतरौला के आधे उपस्वास्थ्य केंद्र पर गर्भवती महिलाओं के प्रसव का इंतजाम कर रखा है लेकिन आधे से अधिक केंद्र इस सुविधा से वंचित हैं। ब्लांक प्रमुख प्रतिनिधि महिपाल चौधरी ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में सीएचसी उतरौला के सभी उपस्वास्थ्य केंद्रो पर गर्भवती महिलाओं का प्रसव? कराने का इंतजाम करने की मांग की है। सीएचसी उतरौला अधीक्षक डा सी पी सिंह ने बताया कि सीएचसी उतरौला के ग्यारह उपस्वास्थ्य केंद्र पर शसन? ने गर्भवती महिलाओं का प्रसव कराने की योजना की स्वास्थ्य नहीं दी है। शासन से स्वीकृति मिलने पर उपस्वास्थ्य केन्द्र पर गर्भवती महिलाओं का प्रसव कराने की सुविधा उपलब्ध करा दी जाएंगी।



# मतदाता जागरूकता को लेकर दिलाई शपथ

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज,** लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में शुक्रवार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत इएलसी क्लब के गठन , क्रियान्वयन एवं संचालन हेतु कार्यशाला का आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। निर्वाचन आयोग के निर्देशन में जनपद के समस्त विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों में मतदान हेतु जागरूकता लाने एवं प्रत्येक व्यक्ति के द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने हेतु इएलसी क्लब के माध्यम से जागरूकता लाने संबंधित रणनीति पर परिचर्चा सत्र आयोजित की गई। उक्त आयोजन में जनपद के समस्त विधानसभाओं के राजकीय और शासकीय एवं वित्त विहीन इंटर कॉलेज से प्रधानाचार्य गण,इएलसी नोडल शिक्षक व कैंपस एम्बेसडरो को जिला विद्यालय निरीक्षक आरपी यादव द्वारा तकनीकी जानकारियां मुहैया कराई गई।

# एसएसवी इंटर कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**अयोध्या।** शहर के प्रतिष्ठित एसएसवी इंटर कॉलेज में नवीन सत्र 2024-25 के लिए हिंदी व अंग्रेजी माध्यम में कक्षा छह और कक्षा नौ के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने बताया कि 15 मार्च से प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र विद्यालय की वेबसाइट पर भरे जा सकते हैं।उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र भरने के पहले वेबसाइट पर प्रवेश परीक्षा संबधी निर्देशिका को भली-भांति पढ़ना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि कक्षा छह के दोनों माध्यम हिंदी और अंग्रेजी की प्रवेश परीक्षा पांच अप्रैल को सुबह 8:30 बजे से जबकि कक्षा नौ में वाह्य छात्रों की प्रवेश परीक्षा छह अप्रैल को सुबह 8:30 बजे से प्रस्तावित है।


## सूचना

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में भूलवश मेरा नाम विजय कुमार सिंह पुत्र रामरतन सिंह अंकित हो गया है, जबकि आधार कार्ड में विजय कुमार सैनी पुत्र रामरतन सैनी दर्ज है जो सही है। जिसे मेरे डीएल में दर्ज किया जाये।
**विजय कुमार सैनी पुत्र रामरतन सैनी निवासी मोहल्ला दारुदगिरा कस्बा शमशाबाद, तहसील कायमगंज, फरु0।**

## कार्यालय ग्रा0पं0 अमेठी जदीद विकास खण्ड बढ़पुर, फरु0

पत्रांक:मीमो/पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त टेण्डर प्रकाशन/2023-24 — दिनांक 11/03/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायत अमेठी जदीद द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 12/03/2024 से 16/03/2024 तक अपरान्ह 11 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 16/03/2024 को अपरान्ह 12 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाता की मौजूदगी में ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | ग्राम पंचायत | सामग्री विवरण | अनु0 लागत (लाख में) | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अनीश के घर से इनामुद्दीन के घर तक इंटरलाकिंग ब्रिक कार्य | अमेठी जदीद | स्टीमेट अनुसार | 4,14000 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | आर0आर0सी0 सेन्टर के चारों तरफ वाउण्ड्री वाल निर्माण कार्य | अमेठी जदीद | स्टीमेट अनुसार | 4,20000 | 2 प्रतिशत | 00 |

प्रधान- (श्यामलता) — सचिव-( नृपेन्द्र कुमार शर्मा)
ग्राम पंचायत अमेठी जदीद विकास खण्ड बढ़पुर, फर्रुखाबाद।

# एसपी सिंह बघेल के निशाने पर रहा सैफई परिवार

- नई लीडरशिप पैदा करे पाल धनगर समाज
- राजमाता अहिल्याबाई होल्कर स्वाभिमान महा सम्मेलन में उमड़ी भीड़



**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**नेहरू कॉलेज** के मैदान में आयोजित भाजपा के राजमाता अहिल्याबाई होल्कर स्वाभिमान महा सम्मेलन में मुख्य अतिथि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल के निशाने पर अधिकांश समय सैफई परिवार रहा। उन्होंने पाल धनगर समाज में नई लीडरशिप और बच्चों की अच्छी पढ़ाई पर खासा बल दिया।

ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बादाम सिंह पाल के संयोजन में आयोजित महासम्मेलन में भीड़ उमड़ने से कुर्सियां कम पड़ गई। प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहा सुब्रत पाठक ने 2014 के चुनाव में सैफई को हिला दिया और फिर 2019 में जीत कर गिरा दिया। जिस तरह मैंने करहल विधानसभा चुनाव में पूरे सैफई परिवार को घेर कर घर-घर वोट मांगने के लिए मजबूर कर दिया था वैसे ही इस बार यहां से भी सैफई के राजा को घेर कर हरा दो जिससे और कहीं वोट मांगने नहीं जा पाएं। उन्होंने यहां से डिंपल के निर्विरोध निर्वाचन को लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा कलंक बताया। राजमाता अहिल्याबाई होलकर के शासन की प्रशंसा करते हुए कहा 12776 मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया और गरीब कल्याण की तमाम योजनाएं चलाई। उनके 250 वर्ष बाद अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिना किसी भेदभाव के जन कल्याणकारी योजनाएं चला रहे हैं। उन्होंने भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राहुल पाल के भाषण की तारीफ करते हुए कहा इसमें लीडरशिप की क्षमता है। सांसद सुब्रत पाठक ने कहा पिछली सरकारों में बहुसंख्यक समाज की आस्था को अपमानित किया जाता था लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मान देने का काम करने के साथ बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों को योजनाओं का लाभ दिया है। विधायक अर्चना पांडेय ने कहा किसी जमाने में यहां पर सपा का गढ़ माना जाता था लेकिन अब सभी ब्लॉक प्रमुख भाजपा के हैं। यहां के लोगों ने तो भाजपा से प्रत्याशी की घोषणा होने के साथ ही संकल्प ले लिया था कि सुब्रत पाठक को कमल खिलाकर भेजेंगे। कार्यक्रम समापन के बाद प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बादाम पाल के गांव त्रिलोकपुर पहुंचे और वहां पर राजमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा लगाने के लिए शिलान्यास किया।

# राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



**हमारे** लोधी समाज की वीरांगना अवंतीबाई लोधी 1857 क्रांति की प्रेरणा जिन्होंने देश को आजादी दिलाने में बहुत बड़ा योगदान दिया था। उनकी प्रतिमा दिनांक 14/ 3/ 2024 को तिर्वा के इंदरगढ़ तिराहा तिर्वा में स्थापित की गई थी जो रातों-रात राजनीतिक षड्यंत्र के तहत हटवा दी गई जिससे लोधी समाज के मान सम्मान को धक्का लगा है व्यथित हैं हम लोधी सेना के सभी पदाधिकारी यह है मांग करते हैं कि यदि महारानी वीरांगना अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा 24 घंटे के अंदर उसी स्थान पर स्थापित नहीं होती है तो हम सब लोग लोधी समाज के लोग अपनी मातृ शक्ति के सम्मान में जिला मुख्यालय व तहसील मुख्यालय पर भूख हड़ताल करेंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी लोधी सेना के जिला अध्यक्ष बलराम सिंह लोधी एडवोकेट व प्रदेश अध्यक्ष हरगोविंद सिंह लोधी एडवोकेट लोधी सेना व राजेश कुमार राजपूत जिला महासचिव लोधी सेना ने कहा कि जिन्होंने देश को लूटा खसौटा उनकी प्रतिमाएं लगी हुई है जिन्होंने देश को आजादी दिलाने के लिए अपने प्राणों को वलिदान कर दिया उनका अपमान किया जा रहा है मौके पर अमित कुमार लोधी एडवोकेट भैया लाल लोधी एडवोकेट राजीव लोधी एडवोकेट अमित कुमार उर्फ आलोक लोधी केडी वर्मा एडवोकेट विकल लोधी एडवोकेट देवेंद्र लोधी एडवोकेट कन्हैया लाल लोधी एडवोकेट रामसेवक लोधी एडवोकेट तमाम लोधी समाज के अधिवक्ता मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## सपाईयों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**तिर्वा।** इंदगरढ़ तिराहे से गुरूवार की रात प्रशासन द्वारा जबरन रानी अवंतीबाई की प्रतिमा हटावा दी गई थी। जिसको लेकर शुक्रवार की दोपहर समाजवादी पार्टी के तिर्वा विधानसभा प्रभारी राघवेन्द्र सिंह राजपूत कई सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ तहसील पहुंचे। यहां सपाईयों ने नारेबाजी करते हुए रानी अवंतीवाई की प्रतिमा को दोबारा स्थापित कराए जाने की मांग रखी। राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। सपाईयों ने दिए ज्ञापन में मांग रखी कि प्रशासन द्वारा जबरन रानी अवंतीबाई की प्रतिमा हटाए जाने से समाज में रोष व्याप्त है। सर्वसमाज अपने को अपमानित महसूस कर रहा है। प्रशासन जल्द प्रतिमा को उसी स्थान पर ससम्मान सहित स्थापित कराए। नही तो समाज के लोग विरोध प्रदर्शन करने पर बाध्य होगें।

## तिर्वा कोतवाल हुए लाइन हाजिर

**तिर्वा।** प्रशासन की बिना अनुमति के कस्बे के इंदरगढ़ तिराहे पर लगाई गई रानी अवंतीबाई की प्रतिमा के मामले में एसपी अमित कुमार आनन्द ने कड़ा रूख अपनाते हुए तिर्वा कोतवाली प्रभारी विजय सिंह को लाइन हाजिर कर दिया। उनके स्थान पर गुरसहायगंज में तैनात अतिरिक्त निरीक्षक जयंती प्रसाद को तिर्वा कोतवाली का प्रभारी नियुक्ति किया। उन्होने शुक्रवार को कोतवाली पहुंचकर चार्ज संभाल लिया।

## युवक को मार पीटकर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रास्ते में पानी भरने से मना करनें को लेकर युवक के साथ गांव के ही चार लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित नें कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम भुड़ा निवासी बृजमोहन सिंह पुत्र राम सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 13 मार्च की शाम वह अपने घर में था। तभी गांव के ही स्वदेश चंद्र, आदेश, विमल, विपन आए और रास्ते में पानी भरने से मना करने की बात से नाराज होकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए घर में घुसकर लाठी डण्डों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## घर में घुसकर महिला को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते महिला के साथ गांव के ही एक परिवार के तीन सदस्यों ने घर में घुसकर अभ्रदता व मारपीट कर घायल कर दिया तथा धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम रायपुर निवासी पूजा अहिरवार पत्नी स्वर्गीय विजय सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि 13 मार्च को वह अपने घर में थी। तभी गांव की ही संध्या, छवि, सोनी आई और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए घर में घुसकर लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## रात से सुबह 10 बजे तक सरकारी शराब ठेकों के समानांतर दुकानों से शराब बिक्री

**सौरिख,समृद्धि न्यूज।** नगर में सरकारी शराब ठेकों के समानांतर अवैध शराब की बिक्री 24 घंटे धड़ल्ले से जारी है। इस अवैध शराब के कारोबार की भनक न तो पुलिस विभाग को है और न ही आबकारी विभाग को है। शराब की अवैध बिक्री पर लोगों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए। नगर में अंग्रेजी, वियर और देशी शराब के आधा दर्जन ठेके हैं यह सरकारी शराब ठेके शासन के आदेशानुसार समय से खुलते व बंद होते हैं।लेकिन नगर में सरकारी शराब ठेकों के मुकाबले अवैध शराब की बिक्री नगर से लेकर कस्बों तक जगह जगह 24 घंटे जारी है।इस अवैध शराब के कारोबार की भनक न पुलिस को है और न ही आवकारी विभाग को है।कस्बे में सकरावा रोड व खड़िनी कस्बे में जारी अवैध शराब के कारोबारियों से जब कोई हादसा होगा उसके बाद पुलिस व आवकारी विभाग की नींद टूटेगी।

# मृतक के परिजनों को बंधाया ढांढ़स, व्यक्त की संवेदनाएं

- विधायिका ने हादसे में प्रधान के पुत्र के निधन पर हर संभव मदद का दिया भरोसा

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**



मृतक के परिजनों को शोक संवेदना व्यक्त करती विधायिका अर्चना पांडे — समृद्धि न्यूज

**बीते** दिनों पूर्व ग्राम पंचायत चियासर प्रधान रूपम सिंह के 10 वर्षीय पुत्र देव की निधन की खबर पर उनके आवास गुरगुज पर पहुंची छिबरामऊ विधायिका अर्चना पांडेय ने शोक संवेदना व्यक्त कर दुखी परिजनों को ढांढस बधाया है। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में वह परिजनों के साथ है और उनकी हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया।

बताते चले कि गत दिनों पूर्व चियासर ग्राम पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि रोहित सिंह अपने पुत्र 10 वर्षीय देव एवं पत्नी प्रधान रूपम सिंह के साथ बाइक से एक कार्यक्रम में जा रहे थे। मसेनी चौराहा फर्रुखाबाद के पास एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी थी जिससे उनके पुत्र देव की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। ग्राम प्रधान सहित उनके पति गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे की खबर पर कार्यकर्ताओं के साथ शुक्रवार को छिबरामऊ विधायिका अर्चना पांडे ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की उन्होंने मृतक के परिजनों पूर्व प्रधान ठाकुर विनय सिंह आदि को ढांढस बंधाकर हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। इसके उपरांत वह क्षेत्र के ग्राम मधवापुर पहुंची जहां उन्होंने राजेश त्रिपाठी की पत्नी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान भाजपा नेता राजीव ठाकुर, संजीव चतुर्वेदी, सोनू दुबे, अनुराग द्विवेदी, दयानंद शास्त्री, झब्बू सिंह, अशोक त्रिपाठी, भोला तिवारी, रिंकू तिवारी, अरुण त्रिपाठी, मुन्नू बाबू, मुन्नू सिंह, गिरीस चंद दुबे, रानू ठाकुर, राहुल राठौर, अशोक चौरसिया, शशांक वर्मा, गौरव द्विवेदी, छवि द्विवेदी, कुलदीप त्रिपाठी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# विद्युत लाइन बदलते समय लोहे का पोल मजदूर के उपर गिरा, मौत

- सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दीदारगंज में हुआ हादसा, परिजनों में मचा कोहराम

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**शहर में** जर्जर बिजली लाइन बदलते समय लोहे का पोल मजदूर के ऊपर गिर गया। जिसके नीचे दबने से मजदूर की मौत हो गई। हादसा होते ही मोहल्ला निवासियों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मजदूर की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

शहर मे काफी समय से पड़ीं बिजली लाइनें जर्जर हो चलीं हैं, जिसके कारण अक्सर विद्युत लाइन में फाल्ट होते रहते हैं। ऐसे में बिजली लाइनों को बदलने का काम शुरू कर दिया गया है। विद्युत लाइन बदलने का ठेका एक निजी कम्पनी को मिला हुआ है। बीते एक दिन पूर्व शाम के समय बिजली लाइनें बदलने का काम किया जा रहा था। जैसे ही बिजली लाइनें बदलने के लिए मजदूर दीदारगंज मोहल्ले में पहुंचे तभी वहां सड़क किनारे लगा जर्जर बिजली पोल टूटकर मजदूर के ऊपर गिर गया। पोल के नीचे दबने से रैंगावा गांव निवासी 20 वर्षीय राघवेंद्र गम्भीर रुप से घायल हो गया। घायल मजदूर को आनन-फानन जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और मजदूर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से अन्य मजदूरों में रोष व्याप्त है।

# कूड़ा पृथकीकरण कर निस्तारण में सहभागी बनें नागरिक: अनिल

- ईओ नें नागरिकों को दुष्परिणाम से अवगत कराकर जागरूक किया

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

मोहल्ला दिलशाद नगर के वार्ड संख्या 08 में अधिसाषी अधिकारी अनिल पंडित नें प्रातः 07 बजे से अपनी टीम के साथ भ्रमण किया। इस दौरान उन्होनें नागरिकों से फीडबैक लिया कि क्या प्रतिदिन ट्राईसाईकिल कूड़ा लेने हेतु आती है। इस पर नागरिकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई।

शुक्रवार को भ्रमण दौरान अधिसाषी अधिकारी अनिल पंडित ने नागरिकों को समझाया कि अब गीला, सूखा कचरा अलग-अलग डालने से एक कदम आगे बढ़कर सैनेटरी घरेलू खतरनाक अपशिष्ट एवं ई वेस्ट को भी अलग अलग रखें। इस प्रकार के कचरे को अलग से एकत्रित करने हेतु ट्राईसाईकिल में व्यवस्था की गई है। बताया कि सैनेटरी वेस्ट का अर्थ डायपर, सैनेटरी नैपकिन, ग्लव्स आदि से है तथा घरेलू खतरनाक (हजार्डस) वेस्ट का अर्थ पेंट के डिब्बे, कीटनाशक के डिब्बे, ट्यूबलाइट, मर्करी थर्मामीटर से है। वहीं ई-वेस्ट का तात्पर्य खराब इलेक्ट्रॉनिक सामान से है। इनका अलग अलग एकत्रित किया जाना है। इनका निस्तारण ही एक मात्र विकल्प है क्योंकि ये सभी कचरा आपस में मिलकर खतरनाक परिणाम प्रदर्षित कर सकते हैं। जिसपर नागरिकों ने स्वच्छता अभियान में सहयोग करनें का भरोसा दिलाया। इस दौरान प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, अशोक शर्मा, जगदीश सिंह, मनोज तिवारी, प्रसन्नजीत मिश्रा, जनार्दन मिश्रा, मोहित गुप्ता, पूरन सिंह, अशोक बाल्मीकि, आकाश सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# कमालपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत 'सात दिवसीय विशेष शिविर' का उद्घाटन

**छिबरामऊ (कन्नौज)। समृद्धि न्यूज**




**नेहरू कॉलेज** के छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ0आशीष कुमार गुप्ता के निर्देशन में ग्राम पंचायत भवन कमालपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की अधिष्ठात्री माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ आशीष कुमार गुप्ता जी व प्राचार्य जी ने कार्यक्रम की मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट मुख्य अतिथि को सावित्रीबाई फुले का स्मृति चित्र भेंट किया।

इसके उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य तथा शिक्षकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती इंदिरा दुबे ने वॉलिंटियर्स को संबोधित करते हुए बताया की देशभक्ति की भावना जाति,धर्म, संप्रदाय आदि संकीर्ण विचारधाराओं से परे की भावना है। उन्होंने स्वयंसेवकों को धैर्य, बुद्धि, विद्या, शौर्य, सत्य, अहिंसा, पवित्रता, इंद्रिय-संयम, क्षमा तथा अनुशासन को धर्म के 10 लक्षणों के रूप में अवगत कराया, तत्पश्चात विशिष्ट अतिथि ग्राम कल्याणपुर प्रधान श्रीमती प्रतिभा मिश्रा जी ने ग्रामों में पौधा रोपण की ओर स्वयंसेवकों का ध्यान आकर्षित किया।इसके बाद महाविद्यालय के वालंटियर छात्र अम्बर दुबे ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास तथा इसके देश में क्रियान्वित होने की प्रक्रिया से अवगत कराया। महाविद्यालय की सांस्कृतिक साहित्यिक समिति की संयोजक डॉ0बबीता यादव ने स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण, मृदा संरक्षण तथा मूलभूत आवश्यकताओं जैसे भोजन, वस्त्र तथा वन संपदा आदि की भविष्य में होने वाली कमियों से आने वाली विषम परिस्थितियों के प्रति सचेत किया।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0जयवीर सिंह ने सामुदायिक सेवा गतिविधि अनुभव के महत्वता को सविस्तार वर्णित किया। उन्होंने स्वयं सेवकों को बताया की उनके अंदर निस्वार्थ सेवा भाव की भावना होनी चाहिए तथा आए हुए समस्त अतिथियों का धन्यवाद प्रकट किया।

समाजशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ उदय पाल सिंह ने स्वयं सेवकों के अंदर सेवा के दृढ़ संकल्प की भावना को महत्वपूर्ण बताया तथा रोचक कथाओं के माध्यम से स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सभी स्वयंसेवकों ने ग्राम कमालपुर में भ्रमण किया तथा स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज के गेट पर बदले गए नाम के बोर्ड

## डॉ.भीमराव रामजी अम्बेडकर चिकित्सा महाविद्यालय नाम के लगे बोर्ड



**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

- मेडिकल कॉलेज गेट पर मौजूद राज्यमंत्री, सांसद व प्राचार्य

**राजकीय मेडिकल** कॉलेज का बीते दिनों प्रदेश सरकार ने नाम बदल दिया था। शुक्रवार को राज्यमंत्री व सांसद ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर दोनो गेटों पर लगे बोर्ड को बदलवा दिया। राजकीय मेडिकल कॉलेज के स्थान पर डॉ.भीमराव रामजी अम्बेडकर चिकित्सा महाविद्यालय के नाम का बोर्ड लगवा दिया। प्रदेश सरकार द्वारा मेडिकल कॉलेज पहुंचकर राजकीय मेडिकल कॉलेज की जगह पर डॉ.भीमराव रामजी अम्बेडकर चिकित्सा महाविद्यालय रखा गया था। जिसको लेकर समाज कल्याण राज्यमंत्री व सदर विधायक असीम अरूण व सांसद सुब्रत पाठक ने कॉलेज परिसर में पहुंचकर मेडिकल कॉलेज के दोनो गेटो पर डॉ.भीमराव के नाम के बोर्ड लगवा दिए। इस दौरान राज्यमंत्री ने कहा कि इससे पहले बसपा सरकार में मेडिकल कॉलेज का नाम डॉ.भीमराव अम्बेडकर के नाम से रखा गया था। जिसको सपा सरकार में नाम बदल दिया था। उन्होने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग रखी थी। जिसपर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कॉलेज का नाम दोबारा से डॉ.भीमराव के नाम पर रख दिया गया है। इस मौके पर कई भाजपा नेता मौजूद रहे।

**तकरार** — प्रतिमा हटाए जाने पर भाजपाईयों व प्रशासन में काफी देर तक हुई थी तकरार

# प्रशासनिक दबाव में देर रात हटाई गई रानी अवंतीबाई की प्रतिमा

- प्रतिमा स्थापित करने के दौरान तिर्वा विधायक ने भी पहुंचकर किया था माल्यार्पण

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**



इसी स्थान पर गुरूवार को स्थापित हुई थी रानी अवंतीबाई की प्रतिमा, अब प्रतिमा हटने के बाद का नजारा



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते सपाई — समृद्धि न्यूज

**कस्बे के** इंदरगढ़ तिराहे पर गुरूवार की दोपहर बिना अनुमति के रानी अवंती बाई की प्रतिमा स्थापित कर दी गई थी। प्रशासन ने प्रतिमा हटाने का प्रयास किया, तो लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने प्रतिमा हटाए जाने पर हंगामा काटना शुरू कर दिया। जिसके बाद देर रात तक चली जद्दोजहद और हंगामे के बाद आखिरकार प्रशासनिक दबाव में कड़ी सुरक्षा के बीच जेसीबी पहुंची और प्रतिमा को हटवा दिया गया।

तिर्वा कस्बे के इंदरगढ़ तिराहे पर गुरुवार बीचोबीच खाली पड़ी जगह पर वीरांगना रानी अवंती बाई की प्रतिमा स्थापित की गई थी। इस दौरान तिर्वा के भाजपा विधायक कैलाश राजपूत ने भी मौके पर पहुंच कर प्रतिमा पर माल्यार्पण खुशी जताई थी। वहीं शाम होते होते मामला विवादित हो गया। प्रशासन की बिना अनुमति के प्रतिमा स्थापित करने का मामला सुर्खियों में आया, तो एसडीएम अशोक कुमार, तहसीलदार अवनीश कुमार, सीओ डॉ. प्रियंका वाजपेई भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अफसरों ने प्रतिमा हटाने के आदेश दिए, तो मौजूद लोगों ने आपत्ति जताई। कुछ देर में ही वहां लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। लोग प्रतिमा न हटाने देने की बात कहकर नारेबाजी करने लगे। वहीं मामला बढ़ता देख मौके सांसद सुब्रत पाठक, विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया सहित स्थानीय भाजपा नेता भी मौके पर पहुंच गए। नेताओं ने प्रशासन से मामले का हल निकालने के लिऐ काफी देर तक वार्ता की, पर कोई हल नहीं निकला। प्रशासन बिना अनुमति के लगी प्रतिमा को हटाने की बात पर अड़ा था। दूसरी तरफ मौजूद लोग प्रतिमा न हटाने देने की बात पर अड़े रहे। नेताओं और प्रशासन के बीच वार्ता का दौर चलता रहा स आखिरकार देर रात प्रतिमा को हटवाने का फैसला लिया गया और कड़ी सुरक्षा के बीच जेसीबी मंगवाकर प्रतिमा को हटवा दिया गया है।

# स्टेट क्वालिटी मॉनिटर ने की मनरेगा के कार्यों की जांच

▸ शिकायत निकली झूठी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मनरेगा से** कुछ ग्रामसभाओं में कराये गये विकास कार्यों में धांधली की शिकायत कुछ शिकायतकर्ताओं द्वारा की गई थी। जिसकी जांच अयोध्या एवं कानपुर मण्डल के स्टेट क्वालिटर मॉनिटर संजय कुमार श्रीवास्तव ने ग्राम सैदपुर रहिमादादपुर, भगवानपुर, अद्दूपुर देहामाफी, पपड़ी खुर्द बुजुर्ग में 5 लाख से अधिक मनरेगा कार्यों की पहुंचकर शुक्रवार को जांच की। इसके साथ ही अद्दूपुर देहामाफी में अमृत सरोवर व पपड़ी खुर्द बुजुर्ग में पंचायत घर का निरीक्षण किया।



जांच के दौरान मौजूद स्टेट क्वालिटी मॉनिटर संजय श्रीवास्तव आदि — समृद्धि न्यूज

जांच के दौरान जो भी शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत की गई उन सभी को पहले उन्होंने देखा। मौके पर दोनों शिकायतकर्ताओं को बुलवाया गया। एक आया नहीं और एक जांच के उपरान्त आने पर बताया कि उसके द्वारा किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं की गई और मौके पर जो भी जांच पड़ताल की गई उसमें ऐसा कुछ प्रतीक नहीं हुआ की गड़बड़ी हुई है। इस दौरान बीडीओ समीम अशरफ, एपीओ कुलदीप यादव आदि मौजूद रहे। बताते चले कि आयुक्त ग्राम विकास के यहां ब्लाक शमशाबाद के ग्राम पंचायत भगवानपुर में वर्ष 2023 में फर्जी इंटरलाकिंग व नाली का क्षेत्र पंचायत मनरेगा से फर्जी भुगतान कराया गया। जिसकी जांच करायी जाने की मांग शिकायतकर्ता अजीत व रामरहीश द्वारा की गई थी। जांच अधिकारी द्वारा बताया गया कि मौके पर एक शिकायतकर्ता आया, जिसने बताया कि उसने किसी प्रकार की शिकायत शासन से नहीं की।

# ड्यूटी करने चीनी मिल जा रहे सिक्योरिटी इंचार्ज पर बदमाशों ने बोला हमला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**ड्यूटी करने** जा रहे चीनी मिल के सिक्योरिटी इंचार्ज को हमलावरों ने जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से हमला बोल दिया। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया। पीड़ित ने अपना मेडिकल परीक्षण कराया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुर पट्टी निवासी सन्जीव उर्फ राजू पुत्र स्वर्गीय सोनेलाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह चीनी मिल में सिक्योरिटी इंचार्ज के पद पर कार्यरत है। बीती रात वह ड्यूटी करने चीनी मिल जा रहा था। जैसे ही वह चीनी मिल एल्कोहल फैक्ट्री के पास पहुँचा, तभी तीन हमलावरों ने जान से मारने की नियत से धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे उसके शरीर व सिर में चोटें आईं। सूचना पर पहुँचे मन्डी चौकी इंचार्ज कृष्ण कुमार ने जाँच पड़ताल की। वहीं पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर मेडीकल परीक्षण करवाया।



मेडिकल परीक्षण करवाता कर्मचारी — समृद्धि न्यूज

# डीएम व एसपी ने पैरा मिलेट्री फोर्स के साथ किया रुट मार्च

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी** डॉ0 वी0 के0 सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा पुलिस एवं पैरा मिलेट्री फोर्स के साथ लालगेट चौराहे से चौक चौराहे तक पैदल रुट मार्च किया गया व जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोग शांति बनाये रखें। कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले को बख्शा नहीं जायेगा। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक का काफिला देखकर सड़क पर ठिलिया आदि लगाये आनन-फानन में किनारे हट गये। पैदल मार्च के दौरान शहर कोतवाली के पास सड़क पर अतिक्रमण किये मिठाई दुकानदार को डीएम ने दुकानदार को फटकार। मिठाई दुकानदार को तत्काल अतिक्रमण हटाने के जिलाधिकारी ने निर्देश दिये। बताते चलें कि लोकसभा चुनाव भी सर पर हैं। इसी के चलते प्रशासन पैदल रुट मार्च कर लोगों को आगाह कर रह है कि वह शालीनता से मतदान करें। किसी के बहकावे में न आयें। गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं किया जायेगा। वहीं पिकेट पर डियूटी करने वाले पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक ने आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह भी साथ रहे।



रुट मार्च करते डीएम व एसपी — समृद्धि न्यूज

### करंट की चपेट में आने से महिला घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** विद्युत करंट लगने से युवक झुलस गया। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ललई निवासी रघुनन्दन उम्र 28 वर्षीय पत्नी रामसिंह विद्युत करंट की चपेट आ गये। आनन-फानन में परिजन उसे कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

# देशी बंदूक रखने वाले आरोपी को सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**26 वर्षों** पुराने मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट घनश्याम शुक्ल ने लल्ला सिंह को धारा 25 आयुद्य अधिनियम में दोषी करार देते हुए दोषी करार दिया। बीते 26 वर्षों पूर्व थाना कलान में तैनात उपनिरीक्षक रामशिरोमणि ने मय हमराही के साथ गस्त के दौरान लल्ला पुत्र सिपाही लाल के पास जामा तलाशी लेने पर 12 बोर की पौनिया व कारतूस मिले थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व अभियोजन पक्ष की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश घनश्याम शुक्ल ने 22 दिन का साधारण कारावास व एक हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**



इस्तीफा दिखवाते जिलाध्यक्ष — समृद्धि न्यूज

जिला अध्यक्ष ने सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश सरकार में मंत्री ओमप्रकाश राजभर के बयान क्षुब्ध होकर इस्तीफा दे दिया है। जानकारी के अनुसार जिलाध्यक्ष संजेश कश्यप ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता बुलायी। जिसमें उन्होंने कहा कि ओम प्रकाश राजभर ने अपने बयान में फर्रुखाबाद जिला अध्यक्ष को पहचानने से इन्कार कर दिया था। राष्ट्रीय अध्यक्ष के बयान से क्षुब्ध होकर उन्होंने कई कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी से इस्तीफा दे दिया। वहीं जिलाध्यक्ष ने कहा कि वह करीब चार वर्षों से पार्टी के जिलाध्यक्ष हैं। इसके बावजूद राष्ट्रीय अध्यक्ष उन्हें नहीं पहचानते हैं। यह बहुत शर्म की बात है। ऐसे में पार्टी में रहने से क्या फायदा। जिससे क्षुब्ध होकर उन्होंने आज अपने समर्थकों के साथ इस्तीफा दे दिया।

## खबरें चलते-चलते

### एसपी ने 20 उपनिरीक्षकों की तैनाती में किया फेरबदल



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने 20 उप निरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल किया है। जानकारी के अनुसार दारोगा रामलखन को थाना एएचटीयू से थाना कम्पिल, दारोगा भारतराम को पुलिस लाइन से चुनाव कार्यालय, उपनिरीक्षक प्रताप सिंह को जोनल रिजर्व से चुनाव कार्यालय, दारोगा रमाशंकर को पुलिस लाइन से थाना अमृतपुर, लवकुमार को पुलिस लाइन से जहानगंज, रामपाल सिंह को पुलिस लाइन से आयोग सेल, हरिओम शर्मा को न्यायालय सुरक्षा, श्याम सिंह को थाना शमशाबाद से न्यायालय सुरक्षा, अशोक कुमार सिंह को मोहम्मदाबाद से राजेपुर, जहान सिंह को थाना कमालगंज से कम्पिल, अमित कुमार को थाना कम्पिल से मोहम्मदाबाद, बलवीर सिंह डांगी को पुलिस लाइन से मऊदरवाजा, पुलिस लाइन से मिथिलेश कुमार यादव को कोतवाली फतेहगढ़, आनंद शर्मा को पुलिस लाइन से मेरापुर, महिला दारोगा सुधा पाल को थाना कादरी गेट, मदनपाल पिपिल पुलिस लाइन से वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना फर्रुखाबाद, अनुज कुमार सिंह को पुलिस लाइन से वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमसाबाद, पुलिस लाइन से दारोगा सुहेल खान को कोतवाली मोहम्मदाबाद, पुलिस लाइन से अजय कुमार को थाना मऊदरवाजा, दारोगा कल्लू सिंह को पुलिस लाइन से वरिष्ठ उपनिरीक्षक अमृतपुर बनाया गया है।

### न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला आजाद नगर निवासी अभिनय पुत्र श्रीपाल शर्मा ने लिखाए गए मुकदमे में बताया पीड़ित के चाचा श्रीचंद शर्मा पुत्र दयाराम आए दिन पीड़ित व उसके परिवार वालों से झगड़ा करते रहते हैं। दिनांक 13 जनवरी को पीड़ित का भाई अभिषेक अपने घर के बाहर लकड़ी का काम कर रहा था, तभी उसको श्रीचंद ने काम करने से रोका, तो पीड़ित के भाई को श्रीचंद गाली देने लगे। गलियों का विरोध करने पर श्रीचंद्र तथा उसकी पत्नी पुष्पा देवी व उसका पुत्र सत्यम अपने हाथों में लकड़ी के काम का सामान (औजार) वसूली आदि लेकर पीड़ित के ऊपर हमला कर दिया। जान से मारने की नीयत से पीड़ित के सर पर बार किया। बचाने आया भाई अभिषेक तथा अजय के ऊपर भी काफी बार किया तथा मारापीटा और दांतों से काट लिया। पीड़ित ने उसी दिन थाने में शिकायत की, लेकिन विपक्षी की तरफसे मुकदमा दर्ज किया गया, लेकिन पीड़ित की कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने डाक द्वारा रजिस्टर्ड पुलिस अधीक्षक को भी प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उसके बाद पीड़ित न्यायालय की शरण में पहुंचा। जहां न्यायालय के आदेश से मुकदमा दर्ज किया गया।

### पति पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** एक सप्ताह पूर्व नगर के मोहल्ला मांझगांव पूर्व निवासी अकील की पत्नी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के आंगन में कुंडे के सहारे दुपट्टे से लटका मिला था। स्वजनों ने पति पर हत्या का आरोप लगाकर तहरीर दी। कोतवाली कायमगंज के गांव रायपुर निवासी इसरार की तहरीर पर पुलिस ने मृतका के पति अकील के खिलाफ गुरूवार देर रात दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया।

### बाइक की टक्कर से चूड़ी की ठेली पलटी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज अंतर्गत ग्राम चंदनी निवासी गौतम पुत्र नंदलाल ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया शुक्रवार को नगला दमू नगरिया चूड़ी बेचने ठेली पर गया था, तभी दौलतपुर के सामने पीछे से आ रही प्लेटिना मोटरसाइकिल संख्या यूपी क्षेत्र एपी8619 ने हमारी चार पहिया ठेली में जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे हमारी ठेली पलट गई और सारी चूड़ियां फूट गयीं। 11 मार्च को फिरोजाबाद से लगभग 30000 की चूड़ियां लेकर आया था। बाइक चालक दो अज्ञात व्यक्तियों ने टक्कर मारी है। जिससे मेरे काफी चोट भी आई है।

# उचक्के ने ई-रिक्शा में बैठे दंपति के पार किये दस हजार

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**ई-रिक्शा में** सवार उचक्के ने यात्री की जेब से हजारों की नगदी पार कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद उचक्का साथी बाइक सवार के साथ फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरझाला निवासी छोटेलाल को अज्ञात जेबकतरों ने उस वक्त शिकार बना लिया जब वह पत्नी मनोरमा के साथ ई-रिक्शे पर सवार होकर शमसाबाद जा रहे थे। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरझाला निवासी छोटेलाल ने बताया शुक्रवार को पत्नी मनोरमा के साथ आस्था के केंद्र ग्राम बान गांव जा रहा था। फैजबाग चौराहे से एक ई-रिक्शे में सवार होकर शमसाबाद जा रहा था। ग्राम मुरहठी गन्ना कोल्हू के निकट गुजरते समय एक अज्ञात व्यक्ति ई-रिक्शे में बैठ गया। कुछ दूरी पर स्थित मंदिर जहां शमसाबाद से फैजबाग जा रहे एक बाइक सवार के साथ फरार हो गया। संदेह होने पर जब पेंट की जेब टटोली तो हक्का बक्का रह गया, क्योंकि उचक्का ब्लेड के जरिए उसकी जेब काटकर रुपये लेकर फरार हो गया। घटना के बाद कई लोग मौके पर इकट्ठा हो गये। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। मगर उचक्कों का कोई पता नहीं चला। पीड़ित दंपति ने बताया कि उचक्का करीब 10 हजार की नकदी पार कर ले गया। चौकी प्रभारी फैजबाग जे0के0 पटेल ने बताया दंपति द्वारा सूचना दी गई थी। बताए गए संभावित स्थानों पर खोजबीन की गई। मगर पता नहीं चल सका। उन्होंने यह भी बताया तहरीर नहीं दी गई। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# सात किशोरों को बाल श्रम से कराया गया मुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**आधा दर्जन** से अधिक बाल श्रमिकों को बाल श्रम से मुक्त कराकर उनके माता पिता को चेतावनी देकर उनके सुपुर्द किया गया।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जनपद स्तर पर चलाए जा रहे बाल श्रम उन्मूलन रोकथाम अभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को को पुलिस अधीक्षक महोदय व अपर पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक नोडल अधिकारी फतेहगढ़ के निर्देशन में थाना ए0एच0टी0 फतेहगढ़ से उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार मय टीम कांस्टेबिल आशीष, श्रम प्रर्वतन अधिकारी अनिल कुमार की संयुक्त टीम ने बाल संरक्षण अधिकारी सचिन कुमार द्वारा फतेहगढ़ में होटल ढाबा, किराना स्टोर, दुकानों, ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग आदि पर बालश्रम उन्मूलन रोकथाम व पुनर्वास सम्बन्धी अभियान चलाया गया। बालश्रम रोकथाम से सम्बन्धी जागरुकता अभियान प्रचार.-प्रसार किया गया। अभियान के दौरान अलग-अलग प्रतिष्ठानों से कुल 07 किशोर बालक/बालिका श्रमिकों को रेस्क्यू किया गया श्रम प्रर्वतन अधिकारी अनिल कुमार द्वारा नियोजक को मौके पर ही नोटिस देकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की गई एवं 07 किशोरों को बालश्रम से मुक्त कराकर मौके पर ही परिजनों को चेतावनी देते हुए उनके सुपुर्द किया गया। होटल, ढाबा, दुकानों, ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग आदि के स्वामियों को हिदायत दी गयी कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए। ऐसा करना दंडनीय अपराध है।



रेस्क्यू अभियान चलाती टीम — समृद्धि न्यूज

# पैमाइश के बाद लगायी गयीं हदों को दबंगों ने उखाड़ा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**नवाबगंज थाना** अंतर्गत नगला धोबियान निवासी दुर्वेश कुमार पुत्र लक्ष्मण सिंह ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी। जिसमें बताया कि मेरी जमीन बरतल मौजा में स्थित है। जिसकी खाता संख्या 1400 एवं गाटा संख्या 1812 व रकवा 0.213 हेक्टेयर है। उक्त जमीन की मैंने न्यायालय उप जिलाधिकारी एवं राजस्व कर्मियों कायमगंज के द्वारा पुलिस बल के साथ पैमाइश कराई थी। जिस पर पुलिस द्वारा लकड़ी की हदें लगवा दीं गयी थीं। गांव के ही दबंग ओम प्रकाश यादव, संतोष पुत्र शालिग्राम एवं निर्दोष कुमार पुत्र ओमप्रकाश ने आज उन हदों को उखाड़ दिया। पुलिस में जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

# आर.सी. की शत-प्रतिशत वसूली करने के डीएम ने दिये निर्देश



कर करेत्तर की समीक्षा बैठक लेते जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी** डॉ0 वी0के0सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में कर करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। वाणिज्य कर विभाग की वसूली की स्थिति खराब पाई गई। संबंधित अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये गए। जिलाधिकारी ने जिले के बाहर से आने वाली बसों की चेकिंग के निर्देश दिये। जिससे कर की चोरी रोकी जा सके। स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग की राजस्व प्राप्ति लक्ष्य से कम पाई गई। स्टाम्प की आर0सी0 की वसूली में कमी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और सभी उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी आर0सी0 की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करे। सभी मंडियों के लक्ष्य को बढ़ाने के लिए मंडी निदेशक को पत्र लिखने के निर्देश दिये। सचिवों को करवंचन की प्रभावी कार्यवाही कर वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। परिवहन विभाग का राजस्व लक्ष्य से कम पाया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी, सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बाइक फिसलने से बुआ भतीजा घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गऊटोला निवासी कमलादेवी उम्र 66 वर्षीय पत्नी हरीशचन्द्र गाँव के भतीजे मुनीश कुमार उम्र 18 वर्षीय पुत्र रामसिंह को साथ लेकर बाइक द्वारा पितौरा स्थित एक हॉस्पीटल में जा रही थी। रेरिया तिराहा थाना कायमगंज के निकट पहुंचते ही बाइक अनियन्त्रित होकर फिसल गई। जिससे बाइक सवार बुआ भतीजा गम्भीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती कराया। जहां उपचार जारी है।

# जल जीवन ग्रामीण मिशन की समीक्षा से असंतुष्ट दिखे डीएम



बैठक लेते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन ग्रामीण की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बताया गया कि जनपद में कार्य की प्रगति बहुत कम है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कार्य कर रही हर एजेंसी को नोटिस जारी करें और शासन को अवगत कराया जाये कि इनके द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है। निर्माण एजेंसी द्वारा गाँवों में सड़कें खोदकर पाइप डालने के बाद सही नहीं की जा रही हैं। जिलाधिकारी ने इस पर नाराजगी जताई और निर्देश दिया कि किस-किस स्कीम में कहां-कहां खुदाई की गयी है और कितना सही किया गया है। इसकी सूची उपलब्ध कराएं व उसका सत्यापन उस क्षेत्र के खंड विकास अधिकारी से कराया जाए एवं उनसे सर्टिफिकेट प्राप्त किया जाये कि खुदी हुई सड़क ठीक हो गई है। यह कार्य 10 दिन में पूरा किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# सपा बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष ने सपा के पक्ष में बनाया माहौल



ग्रामीणों से मिलते अमन सूर्यवंशी व समर्थक — समृद्धि न्यूज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**समाजवादी बाबा** साहब अम्बेडकर वाहिनी के जिलाध्यक्ष अमन सूर्यवंशी ने सपा प्रत्याशी डॉ0 नबल किशोर शाक्य के लिए कई गांवों में संपर्क कर पिछड़ों व दलितों से सपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की। अमन सूर्यवंशी ने इस दौरान ग्रामीणों को सपा की उपलब्धियां भी गिनाईं। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में हुए विकास कार्य आज भी दिखायी दे रहे हैं। जबकि भाजपा ने उनका नाम बदल दिया है। इसलिए आप लोक किसी के बहकावे में न आयें और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करें। इसी में हम सबका भविष्य सुरक्षित हैं। वह जहां-जहां भी गये सभी उन्हें पूरी तरह आश्वासन दिया कि वह सपा प्रत्याशी को ही वोट देंगे। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष श्यामवीर शास्त्री, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गौतम, जिला सचिव ललित राजपूत, सह मीडिया प्रभारी बलराम यादव उनके साथ मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन आज से

- रस्तोगी इंटर कालेज, जीआईसी व जीजीआईसी फतेहगढ़ बने मूल्यांकन सेन्टर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



रस्तोगी इंटर कालेज में मूल्यांकन की व्यवस्था करते शिक्षक — समृद्धि न्यूज

**उत्तर प्रदेश** माध्यमिक शिक्षा परिषद का मूल्यांकन शनिवार से शुरु हो रहा है। इंटर मीडिएट का मूल्यांकन रस्तोगी इंटर कालेज में होगा। हाईस्कूल का मूल्यांकन जीआईसी फतेहगढ़ व जीजीआईसी फतेहगढ़ में सम्पन्न होगा। जिसके लिए शिक्षकों की ड्यूटी लगायी गयी है। इंटर मीडिएट बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन शनिवार 16 मार्च से प्रारम्भ होने जा रहा है। रस्तोगी इंटर कालेज में 1 लाख 30 हजार कॉपियों का मूल्यांकन करने का लक्ष्य दिया गया है। जिसके तहत 103890 कॉपी रस्तोगी इंटर कालेज में मूल्यांकन के लिए कई जनपदों से आयी है। जिसमें रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, समाज शास्त्र, चित्रकला, इतिहास, भूगोल आदि छह विषयों का मूल्यांकन होगा। 550 परीक्षक लगाये गये है। जिसमें 55 डिप्टी हेड रहेंगे। विद्यालय में 98 हजार कॉपियां प्राप्त हो चुकी है। शेष पांच हजार और आयी है। 103890 कॉपियों का मूल्यांकन तय है। तीन कुठार बनाये गये। प्रथम कुठार में सुधाकर चतुर्वेदी व संजीव कुमार चौहान व्यवस्था देखेंगे। द्वितीय कुठार में प्रवक्ता देवेन्द्र कुमार व ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी को जिम्मेदारी मिली है। तृतीय कुठार की व्यवस्था शैलेश कुमार दुबे व रमेश कुमार को सौंपी गई है। परीक्षा नियंत्रक प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी की देखरेख में मूल्यांकन होगा। सह उपनियंत्रक उपप्रधानाचार्य राकेश प्रसाद व्यवस्था देखेंगे। राजकीय इंटर कालेज के लिए लगभग 16 शिक्षकों रस्तोगी इंटर कालेज से मूल्यांकन हेतु भेजा गया है। इसी तरह विभिन्न विद्यालयों से शिक्षक हाईस्कूल की कॉपियों का मूल्यांकन जीआईसी फतेहगढ़ व जीजीआईसी फतेहगढ़ में करेंगे।

# आलू के भाव में उछाल जारी, किसानों के चेहरे खिले

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



मण्डी में लगे आलू के पैकेट — समृद्धि न्यूज

**सातनपुर मण्डी** में आलू के भाव में उछाल आने से किसानों की बल्ले हो गयी है। इस बार लागत भी निकल रही है और आलू किसानों के चेहरे खिले हुए है। 1100 रुपये से लेकर 2200 रुपये कुंटल तक आलू मण्डी में बिक रहा है। निबल आलू का भाव 1151 रुपये से 1400 रुपये तक है। 3797 व चिप्सोना का भाव 1501 रुपये से 1701 रुपये कुंटल है। हालैंड आलू का भाव 1701 रुपये से 1851 रुपये कुंटल बिका। सुपर छट्टा पीली मिट्टी आलू का भाव आसमान छू रहा है। जनपद के अलावा बाहर की मण्डियों में भी आलू की मांग है। होली का त्योहार होने के कारण कचरी, पापड़ भी आलू के ही बनाये जा रहे है। जिस कारण फुटकर आलू दुकानों पर 20 रुपये से 22 रुपये किलों बिक रहा है। शुक्रवार को आलू की आमद मण्डी में लगभग 100 मोटर रही। बिकवाली मिली-जुली रही। आलू आढ़तियों ने बताया कि कोल्ड स्टोरेजों में आलू का भण्डारण होने के कारण एक दम भाव में उछाल आया है। वहीं पिछले दो सप्ताह पूर्व मौसम में भी गिरावट आयी थी। जिस कारण आलू का भाव उछाल पकड़ गया। फिलहाल मार्च माह में आलू का भाव कम नहीं होगा और भाव में इजाफा होने की संभावनायें है।

## खबरें एक नजर में

### मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील



मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाते स्काउट मास्टर राजकुमार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमलैया आशानंद शमशाबाद के स्काउट मास्टर व स्वीप टीम प्रभारी राजकुमार द्वारा लोकसभा निर्वाचन हेतु स्वीप योजना के अन्तर्गत मतदाता जागरुकता अभियान को अविरल बनाते हुए जागरुक किया। 50 प्रतिशत से कम मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाकर उस बूथ को 80 प्रतिशत पर लाना ही मुख्य उद्देश्य रहेगा, तभी मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हो सकेगी। पहले मतदान फिर जल पान के नारों के साथ राजकुमार ने सभी बच्चों से कहा कि अपने अभिभावकों को मतदान दिवस पर बाल हट का प्रयोग कर मतदान प्रतिशत में सहयोग कर सकते है। मम्मी-पापा, चाचा-चाची, दादा-दादी, भइया-भाभी आप जब तक मतदान करके आओ, तभी हम बच्चे जल पान करेंगे। इसी के तहत सभी बीएलओ, अनुदेशकों, रसोइया, शिक्षकों को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलायी गई। इस अवसर पर विनोद कुमार प्रजापति, मधुवाला, राजवीर सिंह, अर्शीसना, सैय्यद शहजाद हसन, राकेश शर्मा, राहुल गंगवार, मनोज, सरला, अंशिका, प्रेमलता, हिमांशी, गौरी, प्रशांत, पुष्पेन्द्र, इन्द्रेश, भावना, काजल, सेजल, अभिषेक, अतुल, हरीश, माया, अनुष्का आदि लोग मौजूद रहे। साथ ही ब्लाक संसाधन केंद्र शमशाबाद में तीन दिवसीय आउट आफ स्कूल बच्चों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षक असगर हुसैन, जनवेश, जयपाल आदि मौजूद रहे। बच्चों को आउट ऑफ स्कूल खोज उनका प्रवेश, अभिभावक को शिक्षा के प्रति जागरुक करना, बच्चों का ज्यादा से ज्यादा विद्यालय में नामांकन कराना, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करना ही प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए।

### भाजपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा प्रत्याशी सांसद मुकेश राजपूत के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन 16 मार्च शनिवार को 11 बजे आवास विकास स्थित जेपी पैलेस में होगा। यह जानकारी सांसद प्रतिनिधि अनूप मिश्रा ने दी है।

### भैंस से टकराकर दो लोग घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव कैमापुर निवासी रिंकू उम्र 18 वर्षीय पुत्र रामजीत अपने रिश्तेदार प्रियांशू उम्र 19 वर्षीय पुत्र रिषीपाल निवासी अलेपुर थाना शमसाबाद की बहन आरती की चौथी चलाने बाइक द्वारा अमरौली अलीगंज जा रहे थे। जैसे ही वह अचरा रोड पर पहुंचे, तभी रास्ते में भैंस की टक्कर लगने से बाइक सवार दोनों लोग गंम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहां उपचार जारी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** शमसाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नीबलपुर निवासी प्रेमादेवी उम्र 60 वर्ष अपने पति वीरेंद्र पुत्र स्व0 मिश्रीलाल के साथ साईकिल पर बैठकर कायमगंज ग्रामीण बैंक से रुपये निकालने आ रहे थे। जैसे ही वह पुलगालिब पुलिया कोतवाली कायमगंज के निकट पहुंचे, तभी अज्ञात फोर व्हीलर वाहन की चपेट में आकर वृद्ध पत्नी घायल हो गई। उपचार के लिए पति ने पत्नी को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# स्वयं सेवकों ने निकाली स्वच्छता जागरुकता रैली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**




स्वच्छता जागरुकता रैली में भाग लेते स्वयं सेवक

**मान्यवर कांशीराम** राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ0 शालिनी के संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम का आयोजन के तीसरे दिन लक्ष्य गीत के साथ शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम प्रभारी डा0 सुंदर लाल के निर्देशन में स्वयं सेवकों ने प्रभात फेरी निकालकर स्वच्छ भारत-स्वस्थ्य भारत जागरुकता अभियान चलाया। तथा स्वच्छता ही जीवन है का सन्देश भी जन जन तक पहुंचाया। तृतीय दिन का शिविर प्राचार्य डॉ0 शालिनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। उन्होंने स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों से स्वच्छता को अपनाने तथा गन्दगी न फैलाने की अपील की। भारतीय महाविद्यालय के डॉ0 धनंजय कुशवाहा ने स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत विषय पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि हर एक व्यक्ति को शिक्षा का अधिकार प्राप्त है। अतः रोगमुक्त भारत के लिए आवश्यक है कि स्वच्छता को अपनाए। गांव निनौआ के प्रधान विजय कटियार ने सभी छात्र-छात्राओं के साथ स्वच्छता बनाए रखने के गुण साझा किए। साथ ही कांशीराम की जयंती पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि कांशीराम ने सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के मंत्र को इन अर्थो में सिद्ध किया कि समाज के हर तबके के व्यक्ति को लाभान्वित किया जा सके। डॉ0 अमित कुमार ने शिक्षा के महत्त्व को कांशीराम के संघर्षो से जोड़कर प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कांशीराम के संघर्षो से मार्गदर्शन प्राप्त करने की अपील की। डा0 सुंदर लाल ने स्वयंसेवकों एवं ग्रामवासियों को बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सर्व समाज को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों के साथ-साथ छात्रा बबली, कामिनी, अंशी, मुस्कान, ज्योति, गौरी, भूलन देवी, पूजा, शिवानी, अमृता सिंह, रोशनी, आकांक्षा, खुशी, अर्चना, खुशबू, शिवी सक्सेना, प्रतिमा, शिल्पी, प्रियांशी वर्मा, काजल, आर्तिका, छात्र आयुष कुमार, विकास यादव, मेहराज अहमद, सुमित, सूर्यकांत, प्रियांशु कटियार, अनुरुद्ध, अभय सिंह, नारायण अवस्थी, सोहांत कुमार, शौर्य मिश्रा, मो0 कैफ, आलोक कुमार, अमनेद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# मतदाता जागरुकता के तहत नेहरु युवा केंद्र द्वारा चलाया गया वाल पेंटिंग अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



वाल पेंटिंग करता युवक त्रिलोकीनाथ

**नेहरू युवा** केन्द्र युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत शपथ ग्रहण, गोष्ठी, नुक्कड़ नाटक, बाल पेंटिंग, पोस्टर प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। ब्लाक शमशाबाद के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक त्रिलोकी नाथ ने दीवाल पर पेंटिंग कराकर ग्रामीणों को जागरूक किया। भारत भाग्य विधाता हूं, अब तो मैं मतदाता हूं। आओ मिलकर अलख जगाये, शत-प्रतिशत मतदान कराए। मेरा वोट मेरा अधिकार, छोड़कर अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान। हमको यह समझना है, सबको वोट दिलाना है आदि नारो से दीवारे पेंट कराये। जनपद के सभी ब्लॉकों में यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिला युवा अधिकारी सोनाली नेगी के निर्देशानुसार सभी ब्लॉकों में यह कार्यक्रम सही तरीके से संपन्न कराया गया।

# मत्स्य जीवी सहकारी समिति की बैठक में सर्वेश बने अध्यक्ष



मत्स्य जीवी बैठक में मौजूद मछुआ समाज के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मत्स्य जीवी सहकारी समिति ग्राम भटपुरा का प्रथम संगठात्मक बैठक का आयोजन हुआ। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रस्तावित सहमति मत्स्य जीवी सहकारी समिति भटपुरा के गठन की कार्यवाही प्रस्ताव पर चर्चा हुई। माता गमां देवी मंदिर आहूत बैठक में मछुआ समुदाय के व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया। निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप एवं युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष संदीप बाथम ने भाग लिया। संयोजक अवधेश कुमार की मौजूदगी में बैठक हुई। एडीआई आरके श्रीवास्तव द्वारा बैठक सम्पन्न करायी गई। जिसमें सर्व सम्मति से सर्वेश अध्यक्ष/मुख्य प्रवर्तक बने। बैठक में विजय कुमार, प्रमोद कुमार, रंजीत कुमार, मिथुन, आशू कुमार, सरवन कुमार, अमित कुमार, टिन्कू कश्यप, रामफेरे, समर पाल, रामबाबू, गयाप्रसाद, दिलीप कुमार, भोगीलाल, सौरभ, नरेन्द्र आदि लोग मौजूद रहे।

# आरपी इंटर कॉलेज में मतदाता साक्षरता क्लब के प्रशिक्षण का हुआ आयोजन




कार्यक्रम को सम्बोधित करते स्वीप कोआर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में मतदाता साक्षरता क्लब हेतु 195 भोजपुर के मतदाता साक्षरता क्लब प्रभारी के प्रशिक्षण का आयोजन आरपी इंटर कॉलेज कमालगंज के सभागार में किया गया। कक्षा 9, 10, 11, 12 में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए आयोग की तरफ से निर्धारित पाठ्यक्रम को स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया। सभी विद्यालयों के लिए सॉफ्ट कॉपी में लिंक को प्रेषित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शक्ति सैनिक इंटर कॉलेज मौदहा के प्रधानाचार्य कणवेंद्र सिंह राठौड़ ने की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने 14 से17 वर्ष उम्र के भावी मतदाताओं के रूप में छात्र-छात्राओं के लिए मतदाता साक्षरता क्लबों का गठन करने हेतु आदेशित किया है। जिसमें विद्यार्थी अपनी अपनी कक्षाओं में लोकतंत्र और चुनाव प्रक्रिया के बारे में जानकारी हासिल कर सकेंगे। स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा ने बताया कक्षा 9,10, 11 और 12 के समस्त कक्षा अध्यापक मतदाता साक्षरता क्लब की भूमिका में रहेंगे। प्रधानाचार्य बलविन्दर सिंह ने कहा कि मतदाता साक्षरता के तहत क्लब का गठन हुआ है। उसका समय-समय पर अवलोकन भी करते रहेंगे। प्रत्येक विद्यालय में एक मतदाता साक्षरता दीवार का चयन किया जाएगा। जिसमें समय-समय पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं करते हुए उनके द्वारा बनाए गए चित्रों को उस पर चस्पा किया जाएगा तथा कुछ बच्चे उस पर अपने हाथों से पेंटिंग भी कर सकते हैं। इसके अलावा चुनाव प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न पहलुओं जैसे मतदाता बने के लिए क्या उम्र है तथा मतदान प्रक्रिया में किस तरीके से भाग लिया जाता है, इसके बारे में भी विस्तार पूर्वक समय-समय पर जानकारी दी जाएगी। प्रधानाचार्य बलविन्दर सिंह ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रधानाचार्या संगीता यादव ने मतदाता जागरुकता की शपथ दिलायी। इस मौके पर प्रधानाचार्य फतेह चंद्र, आशुतोष पांडे, सत्य प्रकाश वर्मा, कैलाश चंद्र राठौर, राजेश कुमार पांडे, दशरथ सिंह राजपूत, रजनीश मौजूद रहे। संचालन संजीव कुमार ने किया। विद्यालय के एनसीसी तथा अन्य छात्र/छात्रा इस चुनाव में निश्चित रूप से अपनी भागीदारी करते हुए अधिक से अधिक मतदाताओं के वोट डलवाने में भावी मतदाता के रूप में अपना सहयोग करेंगे।

# डीएन कालेज में रोवर्स रेंसर्ज प्रशिक्षण का हुआ शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण का शुभारम्भ करती चमन शुक्ला

**दुर्गा नारायण** महाविद्यालय में तीन दिवसीय रोवर्स रेंजर्स के प्रशिक्षण शिविर का प्रथम दिन मां सरस्वती की प्रतिमा का पूजन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। मुख्य प्रशिक्षक रोवर्स रेंजर्स के रुप में चमन शुक्ला व योगेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम प्राचार्य वीके तिवारी के निर्देशन में प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। संचालन रोसर्व प्रभारी पंचम कुमार व रेंजर्स प्रभारी प्रज्ञा त्रिपाठी ने किया। प्रशिक्षिकों के द्वारा रेंजर्स का ध्वज व शिष्टाचार के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई है। स्काउट गाइड के इतिहास को समझाते हुए नियम प्रतिज्ञा एवं गांठ बंधन विषय पर लिखवाया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापक डा0 विनीता वर्मा, डा0 अजहर जुनैद आलम, डा0 रामनरेश सिंह व कर्मचारी ओमप्रकाश सिंह, प्रशांत कुमार, देवेन्द्र कुमार शर्मा, दिनेश देशमुख मौजूद रहे।

# कृष्णा नगर की सड़क बनवाने की स्थानीय लोगों ने उठायी मांग



कृष्णा नगर मार्ग पर सड़क भरा पानी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू सेना के प्रदेश संयोजक केके द्विवेदी व हरिशंकर गुप्ता ने नगर पालिका अध्यक्ष से भेंट की। शहर की मुख्य समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि कृष्णा नगर के मुख्य मार्ग में पानी भरा हुआ है। पैदल निकलना दूबर है। तीन साल से लगातार अवगत कराते चले आये है। इतने चक्कर लगाने के बाद भी अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। पारुल टेंट हाऊस से राकेश की चक्की तक सड़क खराब है। जिसे बनवाये जाने की मांग की। सभी क्षेत्रीय लोगों ने कहा कि सड़क नहीं बनी तो नगर पालिका कार्यालय के बाहर धरना देने के लिए मजबूर होंगे।

**जागरुकता** | छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक का मंचन कर लगाये नारे

# एनएसएस के शिविर में मतदाता जागरुकता के प्रति छात्र-छात्राओं को किया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



मतदाता जागरुकता पर नाटक प्रस्तुत करते छात्र-छात्रायें

**लक्ष्मी** अभिनंदन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर के चतुर्थ दिवश को स्वयंसेवकों ने कैम्प स्थल की साफ-सफाई की। कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र मिश्रा ने जीवन में स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया। गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में स्वयंसेवकों ने सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता, करे देश का जो उत्थान हम करेंगे उसी को मतदान, ना जाति पर ना धर्म पर बटन दबाओ कर्म पर, बच्चा-बच्चा करे पुकार वोट डालना तुम हर बार जैसे नारे लगाकर ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक किया। स्वयंसेवकों द्वारा गांव में मतदाता जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक भी किया गया। बौद्धिक सत्र में आज के युवा कल के नागरिक विषय के मुख्य वक्ता शिक्षा शास्त्र विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर बृजेश वर्मा रहे। बौद्धिक सत्र में मंच का संचालन करते हुए छात्रा ज्योति वर्मा ने आज के युवा कल के नागरिक् विषय को स्पष्ट करते हुए कहा कि लोकतंत्र में नागरिक ही राज्य के चरित्र का निर्माण करते हैं। इस संदर्भ में भारत की अधिकांश आबादी युवा है जो एक संभावना के साथ-साथ चुनौतियां भी प्रस्तुत करती है। बौद्धिक सत्र के मुख्य वक्ता शिक्षा शास्त्र विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर बृजेश वर्मा ने कहा कि युवा जितने शिक्षित होंगे। राष्ट्र उतना ही सशक्त होगा। असिस्टेंट प्रोफेसर अरविंद कुमार यादव ने कहा कि युवाओं को मैं नहीं आपकी भावना को अपनाना चाहिए।

# रमजानुल मुबारक मुकद्दस पवित्र महीना है

- रोजेदारों के लिए फरिश्ते दिन रात मगफिरत की दुआ करते हैं



राजा शमसी



इदरीश खान



मुखत्यार अहमद टेनी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माहे रमजान में गर्मी की तपिश के बावजूद भी रोजदार नमाज अदा कर रहे हैं। रोजेदारों ने कहा कि हमें रोजा रखना है और अल्लाह की इबादत करना है। गर्मी को अल्लाह देखकर अल्लाह करम करेगा। रमजानुल मुबारक मुकद्दस पवित्र महीना है। इसका अंदाजा कोई नहीं लगा सकता। अल्लाहताला ने इस बार अपनी तरफ से खास किया है और रहमत को बंदों पर आम कर दिया है। अल्लाहताला इस माह में बंदों के लिए दरवाजे खोल देता है और अनेक गुनाह बंदों को बख्श देता हैं। समाजसेवक राजा शमसी ने बताया कि रोजेदार के लिए फरिश्ते दिन रात मगफिरत की दुआ करते हैं। रोजेदार इस माह में अपने रब पर भरोसा करके भूख को प्यास को बर्दाश्त करते हैं और अपने रब को राजी करने की कोशिश करते हैं। अल्लाहताला की इबादत करते हैं और इसी हालात में वह गुनाहों से ऐसे पाक हो जाता है, जैसे अभी मां के पेट से किसी बच्चे ने जन्म लिया हो। अमेठी जदीद निवासी पूर्व प्रधान पति इदरीश खान ने बताया इस पवित्र महीने में रोजे हर इंसान पर फर्ज हैं। रोजा जानबूझकर छोड़ देने वाला व्यक्ति बड़ा गुनाहगार और अजीब सजा का हकदार है। रमजानुल मुबारक को तीन असरों में बांटा गया है। पहला असरा दस दिन का होता है। पहला रहमत का असरा है। दूसरा मगफिरत का असरा है। तीसरा जहान्नुम से आजादी का। इस माह में लोगों को चाहिये कि मगफिरत तलब करें। माह के तीसरे दस दिनों में खुदा से जहान्नुम की आजादी तलब करें। मुखत्यार अहमद टेनी कि रोजा अल्लाहताला को पसंद हैं। इबादत का खास तरीका है। अल्लाहताला खुद फरमाता है। हर इबादत नमाज, हक, जकात, जजा, शिला या बदला मैं बंदों को देता हूँ, लेकिन रोजा की जजा मैं खुद हूँ। रोजदारों के लिए हमेशा जन्नत के दरवाजे खुले रहते हैं।

# मां पाटेश्वरी देवी राज्य विवि का हुआ भूमिपूजन

समृद्धि न्यूज

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि वह सत्ता में इस संकल्प के साथ आये हैं कि राजनीति का अपराधीकरण किसी भी कीमत पर नहीं होने देंगे।

कोइलरा स्थित मां पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय के भूमिपूजन समारोह के उपरांत जनसभा को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा जिस बलरामपुर में एक विश्वविद्यालय की बात कभी कल्पना थी, हम आज उसे साकार करने जा रहे हैं। मां पाटेश्वरी की कृपा, भगवान श्रीराम के पुत्र लव की राजधानी, बुद्ध की तपोभूमि और महाराजा सुहेलदेव के शौर्य और पराक्रम की भूमि के सौंदर्य को चंद माफिया और आपराधिक तत्वों ने कुंद करने का कार्य किया था। हम सब इसी संकल्प के साथ सत्ता में आए हैं कि राजनीति का अपराधीकरण हर्गिज नहीं होने देंगे, जो भी हमारे नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करेगा उसको उसकी कीमत चुकानी पड़गी। इस अवसर पर उन्होंने बलरामपुर की 1488.89 करोड़ की 466 विकास परियोजनाओं और श्रावस्ती की 260.37 रुपये करोड़ की 31 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा और मार्गदर्शन से आकांक्षात्मक जनपदों को विकसित जनपदों की श्रेणी लाने का प्रयास हो रहा है।

बलरामपुर और श्रावस्ती का गौरवशाली इतिहास रहा है। यहां मां पाटेश्वरी की कृपा पूरे क्षेत्र में बरसती है। भारत और नेपाल के श्रद्धालु हर साल बड़ी संख्या में यहां दर्शन करने आते हैं। श्रावस्ती को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के पुत्र लव ने अपनी राजधानी बनाया था।

यही नहीं श्रावस्ती में भगवान बुद्ध ने चातुर्मास व्यतीत किया था। दसवीं ग्यारहवीं सदी में अपने शौर्य और पराक्रम से भारत की स्वाधीनता और स्वाभिमान को बनाए रखने वाले महाराज सुहेलदेव यहीं के राजा थे, जिन्होंने विदेशी आक्रांताओं को रौंदने का कार्य किया था।

उन्होने कहा कि जिस श्रीराम जन्मभूमि पर भगवान राम के विराजमान होने के गौरवमयी क्षण के हम हाल ही में साक्षी बने हैं, उसके लिए 1949 से रामजन्म भूमि आंदोलन की शुरुआत इसी बलरामपुर की धरती से हुई थी।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मां पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय, बलरामपुर का भूमिपूजन व शिलान्यास कार्यक्रम में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय व राज्य मंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी उपस्थित रहीं।

# आतंकी साजिश मामले में जम्मू के कई जिलों में सात स्थानों पर एसआईए ने मारे छापे

एजेंसी

**जम्मू।** राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी साजिश मामले की जांच के तहत शुक्रवार को जम्मू प्रांत के विभिन्न जिलों में सात स्थानों पर छापे मारे हैं।

आतंकवाद रोधी एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि कोर्ट से तलाशी वारंट हासिल करने के बाद एसआईए टीमों ने सुबह डोडा जिले में तीन स्थानों, रियासी जिले में दो स्थानों और रामबन और जम्मू जिलों में एक-एक स्थान पर एक साथ तलाशी ली। यह छापेमारी भगवा के हसन बाबर नेहरू, मोहम्मद इरफान और डोडा में फागसू के सबदर अली के आवासीय परिसरों पर की गई। जम्मू के सिधरा इलाके में अरनास के अब्दुल रशीद और रियासी में पौनी की शमशाद बेगम, रामबन में खारी के अब्दुल रशीद नाइक और सज्जाद अहमद उर्फ शादू के यहां भी छापेमारी की गई। प्रवक्ता ने बताया कि तलाशी के दौरान कई एंड्रॉइड मोबाइल फोन और आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई है। विभिन्न आतंकवादी संगठनों, उनके कैडर और ओवर ग्राउंड वर्कर्स की आतंकवादी और विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए रची गई आपराधिक साजिश को उजागर करने के लिए एसआईए ने जम्मू में दर्ज एक मामले की चल रही जांच के सिलसिले में छापेमारी की है।

## 5460 नशा तस्करों जेल में, 86की संपत्तियां जब्त

**सोनीपत।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी एसआई डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने शुक्रवार को कहा कि नशा अच्छा नहीं खुद बचो और दूसरों को भी बचाओं। नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचने का संदेश दिया। वे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजलू गढ़ी गन्नौर में एक दिवसीय नशे के विरुद्ध जागरुकता कार्यक्रम में बोल रहे थे। कार्यक्रम में प्रयास इंडिया से जुड़े विनोद कुमार शर्मा, जोगिंद्र और राजेश कौशिक समेत आईटीआई के 250 विद्यार्थियों एवं 15 प्रशिक्षक शामिल रहे। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा 25 अगस्त 2020 को हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का गठन इस आशय से किया कि युवाओं को नशे से मुक्त दिलाई जा सके। इसमें दो प्रकार से काम किया जा रहा है पहला जागृत करके दूसरा नशे से जूड़े नशा तस्करों को सलाखें के पीछे भेज कर। वर्ष 2023 में नशा तस्करों के विरुद्ध 3823 केस दर्ज किए और 5460 अपराधियों को जेल भेजा गया। 86 नशा तस्करों की संपत्तियां जब्त की गई हैं।

## भूटान के प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति से मुलाकात की



**नई दिल्ली।** भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग टोबगे ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। भारत में भूटानी प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए, राष्ट्रपति मुर्मू ने इस तथ्य की सराहना की कि उन्होंने प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना। उन्होंने कहा कि भारत और भूटान के बीच घनिष्ठ और अद्वितीय संबंध हैं, जो सभी स्तरों पर आपसी विश्वास, सद्भावना और समझ पर आधारित हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि बौद्ध धर्म की साझा आध्यात्मिक विरासत दोनों देशों को जोड़ती है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत भूटान के साथ ऊर्जा सहयोग, विकास साझेदारी, लोगों से लोगों के बीच संबंध, व्यापार और निवेश संबंधों जैसे क्षेत्रों में फैली अपनी बहुआयामी साझेदारी को गहराई से महत्व देता है।

## सीएए पर अमेरिका के बयान को भारत ने बताया अनावश्यक और बेतुका

**नई दिल्ली।** भारत ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) पर अमेरिका के बयान को खारिज करते हुए कहा है कि यह आनवश्यक, गलत सूचनाओं पर आधारित और बेतुका बयान है। संकट में फंसे लोगों की मदद करने के लिए उठाए गए इस प्रशंसनीय कदम को वोट बैंक की राजनीति के चश्मे से देखते हुए आलोचना नहीं की जानी चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि जिन लोगों को भारत की बहुलवादी परंपराओं और इस क्षेत्र में विभाजन के इतिहास के बारे में सीमित जानकारी है, उन्हें उपदेश नहीं देने चाहिए। भारत के सहयोगी और शुभचिंतकों को अच्छी मंशा से उठाए गए इस कदम का स्वागत करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यु मिलर ने सीएए कानून पर चिंता जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि उनका देश इस कानून को लेकर चिंतित है, वह इस कानून के क्रियान्वयन पर नजदीकी से नजर बनाए रखेगा।

# डॉ. दिनेश शर्मा ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

### श्रमिकों ने विकसित भारत के लिए भरें संकल्प फार्म

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी श्रम प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश द्वारा पॉवर हाउस चौराहा, निकट जॉगर्स पार्क, दुबग्गा रोड, लखनऊ में ÷विकसित भारत मोदी की गारंटी÷ के लिए संकल्प पत्र भरवाने हेतु बी.एन. मिश्र क्षेत्रीय सह संयोजक भाजपा श्रम प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन में मुकेश राज भटनागर, भाजपा श्रम प्रकोष्ठ, लखनऊ महानगर द्वारा श्रमिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

श्रमिक संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ0 दिनेश शर्मा, राज्यसभा सांसद व पूर्व उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, अति विशिष्ठ अतिथि ओम प्रकाश श्रीवास्तव, प्रभारी भाजपा विभाग प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश, विशिष्ठ अतिथि भूपेश अवस्थी, प्रदेश संयोजक, श्रम प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश एवं मुख्य वक्ता क्षेत्रीय संयोजक राम सूरत मौर्य के अतिरिक्त राजेन्द्र सिंह, अनिल त्रिपाठी, अंजनी कुमार श्रीवास्तव बी0एन0 मिश्र, किशन कुमार लोधी, मुकेश राज भटनागर, पंकज कुमार तिवारी, रामभवन मिश्र, विनोद कुमार मिश्र, अंजनी कुमार पाण्डेय, बब्लू यादव, विवेक निगम, प्रमोद गुप्ता, श्री कृष्ण कुमार जायसवाल तथा लगभग 500 महिला एवं पुरुष श्रमिक उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि डॉ0 दिनेश शर्मा द्वारा श्रमिकों के लिए मोदी सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। अति विशिष्ठ अतिथि ओम प्रकाश श्रीवास्तव एवं विशिष्ठ अतिथि भूपेश अवस्थी द्वारा श्रमिकों के पुत्रियों के शादी विवाह हेतु अनुदान प्राप्त करने के लिए एवं मोदी जी के सुझाव हेतु संकल्प पत्र भरवाने के लिए प्रेरित किया गया।

अंजनी कुमार श्रीवास्तव, राम सूरत मौर्य मुख्य वक्ता द्वारा भी श्रमिकों को ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित किये जाने हेतु अपने विचार व्यक्त किये गये। अंत में श्री बीएन मिश्र द्वारा सभी श्रमिकों तथा अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए संगोष्ठी को सधन्यवाद समाप्त किया गया।




## खबरें एक नजर में

### मप्र के सिंगरौली में 3.1 तीव्रता का भूकंप

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सिंगरौली में शुक्रवार दोपहर करीब 01 बजकर 48 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए। इसके चलते लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.1 तीव्रता मापी गई है। इसका केंद्र जमीन के पांच किलोमीटर अंदर था। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने एक्स पर लिखा कि भूकंप का केंद्र सिंगरौली में जमीन से पांच किलोमीटर नीचे गहराई में था। भूपंक के झटके दोपहर 01 बजकर 48 मिनट पर महूसस किये गए। फिलहाल जानमाल के किसी नुकसान की कोई जानकारी नहीं है। भूकंप की घटना के बाद सिंगरौली प्रशासन अलर्ट हो गया है। इससे पहले सिंगरौली में 31 दिसंबर 2023 को 3.6 तीव्रता का भूकंप आया था। पिछले साल दिसंबर महीने में दो बार भूकंप के झटके लगे थे। तीव्रता कम होने के कारण जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ था।

### एनआईए ने आईएसआईएस मॉड्यूल पर दाखिल की चार्जशीट

**मुंबई।** पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल के आतंकियों की महाराष्ट्र और गुजरात में बम धमाके करने की साजिश थी। यह जानकारी एनआईए ने विशेष कोर्ट में दाखिल पूरक चार्जशीट में दी है। एनआईए ने चार्जशीट में चार आतंकियों के नाम जोड़े हैं। एजेंसी की जांच में चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। इसमें कहा गया है कि आतंकियों ने कोंढवा इलाके में बम बनाने की ट्रेनिंग ली। आतंकी पुणे, सतारा और कोल्हापुर के जंगलों में बम धमाकों की प्रैक्टिस करने गए थे। एनआईए ने पुणे में आईएसआईएस के हथियारों और विस्फोटकों की जब्ती के मामले में अपनी पहली पूरक चार्जशीट दायर की है। इस चार्जशीट में चार आरोपितों मोहम्मद शाहनवाज आलम, रिजवान अली, अब्दुल्ला शेख, तल्हा लियाकत खान के नाम जोड़े गए हैं। इनमें से मोहम्मद इमरान, मोहम्मद यूनुस खान और मोहम्मद याकूब साकी को पुणे पुलिस ने 18 जुलाई 2023 को गिरफ्तार किया था। इमरान शेख और मोहम्मद यूनुस साकी चोरी के अपराध में पकड़े गए थे। एनआईए के अनुसार, यह सभी प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के सदस्य हैं। आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे थे।

### डोभाल की इजरायल यात्रा शांति व स्थिरता के लिए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की हाल की इजरायल यात्रा उस क्षेत्र में शांति और स्थिरता कायम करने के भारत के प्रयासों का एक हिस्सा थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की यात्रा के बारे में कहा कि उन्होंने उस दौरान प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की तथा अपने इजरायली समकक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से विचार-विमर्श किया। वार्ता में गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाए जाने तथा बंधकों की रिहाई के संबंध में भी चर्चा हुई। प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री पश्चिम एशिया में शांति और स्थायित्व को बहुत महत्व देते हैं। इस सिलसिले में वे विभिन्न अरब देशों के नेताओं के संपर्क में भी है। लैटिन अमेरिकी देश हैती में जारी संघर्ष के संबंध में प्रवक्ता ने कहा कि आवश्यक होने पर वहां फंसे भारतीय नागरिकों को स्वदेश लाने के लिए कदम उठाए जायेंगे। इस संबंध में हमारी तैयारी है। विदेश मंत्रालय में इस संबंध में एक नियंत्रण कक्ष बनाया गया है।

### यात्रियों को लेकर पहली बार दौड़ी देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में गंगा के नीचे चलने वाली ईस्ट-वेस्ट मेट्रो की यात्री सेवाएं शुक्रवार से शुरू हो गईं। न्यू गरिया से रूबी और जोका-तारातला लाइन से माझेरहाट तक विस्तारित खंड की सेवा शुरू हुई है। लंबे समय से प्रतीक्षित ईस्ट-वेस्ट मेट्रो के निचले गंगा खंड पर यात्री सेवाएं शुरू होने पर यात्री खुशी से झूम उठे। किसी ने पहले सफर को कैमरे पर रिकॉर्ड किया तो किसी ने वीडियो कॉल पर अनुभव साझा किया। गंगा के नीचे के पूरे मार्ग को नीली रोशनी से सजाया गया है, ताकि यात्रियों को पता चल सके कि मेट्रो कब गंगा के नीचे से गुजर रही है। गंगा के ठीक नीचे सुरंग में एक नीली रोशनी चमकती है, जिससे यात्रियों को पता चल जाता है कि वे उस समय नदी के नीचे से गुजर रहे हैं। इतना ही नहीं, गंगा के नीचे मेट्रो में सफर के दौरान यात्री फोन पर बात भी कर सकते हैं। ऑप्टिकल फाइबर नदी तल में काफी गहराई तक मौजूद है।

### टीएमसी को झटका अर्जुन व दिव्येंदु अधिकारी भाजपा में शामिल

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को शुक्रवार को दोहरा झटका लगा। बैरकपुर से सांसद एवं बागी नेता अर्जुन सिंह और तमलुक से सांसद दिव्येंदु अधिकारी भाजपा में शामिल हो गए। दोनों नेताओं ने भाजपा के दिल्ली स्थित मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। दिव्येंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल भाजपा के दिग्गज नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के भाई हैं। दिव्येंदु अधिकारी तमलुक लोकसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर जीते। ये क्षेत्र अधिकारी परिवार का गढ़ माना जाता रहा है। हालांकि, इस बार ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने दिव्येंदु की जगह देवांशु भट्टाचार्य को तमलुक से तृणमूल उम्मीदवार बनाया है। इसी के बाद दिव्येंदु ने तृणमूल छोड़ने का फैसला किया है। दूसरी ओर अर्जुन सिंह पश्चिम बंगाल के कद्दावर हिंदी भाषी नेताओं में से एक हैं।

# इलेक्टोरल बॉण्ड खरीदने वाली कंपनियों पर पहले पड़ चुके हैं छापे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** 2019 और 2024 के बीच राजनीतिक दलों को शीर्ष पांच चुनावी बॉन्ड दानकर्ताओं में से तीन ऐसी कंपनियां हैं, जिन्होंने प्रवर्तन निदेशालय और आयकर जांच का सामना करने के बावजूद बॉन्ड खरीदे हैं। इनमें लॉटरी कंपनी फ्यूचर गेमिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर फर्म मेघा इंजीनियरिंग और खनन दिग्गज वेदांता शामिल हैं। चुनाव आयोग द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों में चुनावी बॉन्ड का नंबर 1 खरीदार सैंटियागो मार्टिन द्वारा संचालित फ्यूचर गेमिंग एंड होटल्स प्राइवेट लिमिटेड है। लॉटरी कंपनी ने 2019 से 2024 के बीच 1,300 करोड़ रुपये के बॉन्ड खरीदे हैं।

विशेष रूप से, ईडी ने 2019 की शुरुआत में फ्यूचर गेमिंग के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच शुरू की थी। उस साल जुलाई तक, उसने कंपनी से संबंधित 250 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त कर ली थी। 2 अप्रैल 2022 को ईडी ने मामले में 409.92 करोड़ रुपये की चल संपत्ति कुर्क की थी। राजनीतिक दलों को दूसरा सबसे बड़ा दानकर्ता हैदराबाद स्थित मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड है जिसने 2019 और 2024 के बीच 1000 करोड़ रुपये के बांड खरीदे हैं। कृष्णा रेड्डी द्वारा संचालित, मेघा इंजीनियरिंग तेलंगाना सरकार की प्रमुख परियोजनाओं में शामिल है कालेश्वरम बांध परियोजना यह जोजिला सुरंग और पोलावरम बांध का भी निर्माण कर रहा है। अक्टूबर 2019 में आयकर विभाग ने कंपनी के दफ्तरों पर छापेमारी की थी। प्रवर्तन निदेशालय की ओर से भी जांच शुरू की गई।




### फ्यूचर गेमिंग के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच

ईडी ने सैंटियागो मार्टिन और उनकी कंपनी मेसर्स फ्यूचर गेमिंग सॉल्यूशंस (पी) लिमिटेड (वर्तमान में मेसर्स फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज (पी) लिमिटेड और पूर्व में मार्टिन लॉटरी एजेंसीज लिमिटेड) के खिलाफ पीएमएलए के प्रावधानों के तहत जांच शुरू की। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दायर एक आरोपपत्र। ईडी के अनुसार, मार्टिन और अन्य ने लॉटरी विनियमन अधिनियम, 1998 के प्रावधानों का उल्लंघन करने और सिक्किम सरकार को धोखा देकर गलत लाभ प्राप्त करने के लिए एक आपराधिक साजिश रची। ईडी ने 22 जुलाई, 2019 को एक बयान में कहा, मार्टिन और उनके सहयोगियों ने 01.04.2009 से 31.08.2010 की अवधि के लिए पुरस्कार विजेता टिकटों के दावे को बढ़ाकर 910.3 करोड़ रुपये का अवैध लाभ कमाया। 2019-2024 की अवधि में, कंपनी ने 21 अक्टूबर, 2020 को चुनावी बांड की पहली किश्त खरीदी।

### वेदांता समूह पांचवां सबसे बड़ा डोनर

अनिल अग्रवाल का वेदांत समूह पांचवां सबसे बड़ा दानकर्ता है, जिसने 376 करोड़ रुपये के बांड खरीदे हैं, जिसकी पहली किश्त अप्रैल 2019 में खरीदी गई थी। विशेष रूप से, 2018 के मध्य में, ईडी ने दावा किया था कि उसके पास वीज़ा के लिए रिश्वत मामले में वेदांत समूह की कथित संलिप्तता से संबंधित सबूत हैं, जहां कुछ चीनी नागरिकों को नियमों को कथित रूप से तोड़कर वीजा दिया गया था। ईडी द्वारा सीबीआई को भेजे गए एक संदर्भ में 2022 में भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया गया, जिसके बाद ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग जांच शुरू की। 16 अप्रैल, 2019 को वेदांता लिमिटेड ने 39 करोड़ रुपये से अधिक के बांड खरीदे। अगले चार वर्षों में, 2020 के महामारी वर्ष को छोड़कर, नवंबर 2023 तक, इसने 337 करोड़ रुपये से अधिक के बांड खरीदे, जिससे वेदांता द्वारा खरीदे गए बांड का संचयी मूल्य 376 करोड़ रुपये से अधिक हो गया। सुप्रीम कोर्ट के अदेश के बाद, ने 12 मार्च को चुनाव अयोग के साथ आंकड़े साझा किए थे। एसबीआई चुनावी बॉन्ड का अधिकृत विक्रता था।

# समावेशिता और परिवर्तन का सफर है पर्णा मेहता का सफर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** महिलाएं शक्ति, पारिवारिक जिम्मेदारियों और व्यावसायिक सफलता में संतुलन का उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। वो आधुनिक जीवन की मुश्किलों का सामना बहुत शिष्टता से करती हैं, और सफलता का अपना अद्वितीय मार्ग बनाती हैं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'इंस्पायर इंक्लुज़न' की थीम के अंतर्गत एमेज़ॉन का 'शी इज़ एमेज़ॉन' अभियान उन महिलाओं को सम्मानित कर रहा है, जो पारिवारिक और व्यक्तिगत जिम्मेदारियों में संतुलन बिठाते हुए अपनी एक अलग पहचान बना रही हैं। ऐसा ही एक उदाहरण पर्णा मेहता का है, जिनका जन्म एवं पालन-पोषण मुंबई में हुआ। उन्होंने 2002 में कंप्यूटर इंजीनियर की योग्यता हासिल करके आईटी के क्षेत्र में अपना करियर शुरू किया। उन्होंने छः सालों तक भारत, यूके और ऑस्ट्रेलिया में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के क्षेत्र में विभिन्न भूमिकाओं के लिए काम करते हुए अपना कौशल निखारा। इसके बाद पर्णा ने अपने करियर में 12 साल लंबा विराम लिया और अपना पूरा समय अपने परिवार एवं दो बच्चों के पालन-पोषण के लिए दिया। फिर वित्तीय आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की बढ़ती जरूरत के कारण पर्णा ने फिर से काम करने का निर्णय लिया। इतने लंबे समय के बाद फिर से काम शुरू करने में पर्णा को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने सीखने से कभी इंकार नहीं किया, प्रेरणा ने अपने कौशल को बढ़ाने के अवसर तलाशे। उन्होंने एमेज़ॉन वेब सर्विसेज़ (एडब्लूएस) रि/स्टार्ट कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जो 12 हफ्तों का फुल टाईम वर्कफोर्स डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम है, और लोगों को क्लाउड में करियर बनाने के लिए तैयार करके उनका संपर्क नियोक्ताओं से स्थापित करता है।



# पीएम व सीएम के नेतृत्व में यूपी का हो रहा विकास

### उद्योगों में बौद्धिक संपदा कितनी अहम, राष्ट्रीय आईपी यात्रा कार्यक्रम से जानें

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने ऑफिस ऑफ डेवलपमेंट कमिश्नर (माइक्रो, स्माल, एंड मीडियम एंटरप्राइजेज) एमएसएमई मंत्रालय (भारत सरकार) के सहयोग से 14 और 15 मार्च को लखनऊ के फेयरफील्ड बाय मैरिएट में राष्ट्रीय स्तर के बौद्धिक संपदा (आईपी) अधिकार कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है।

राष्ट्रीय आईपी यात्रा कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों, एमएसएमई मंत्रालय, पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के वरिष्ठ अधिकारियों और युनाइटेड ऐंड युनाइटेड के आईपीएआर विशेषज्ञ की भागीदारी कर रहे हैं। कार्यक्रम में एमएसएमई, स्टार्ट-अप क्षेत्र से और विधि और तकनीकी विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों सहित 150 से अधिक लोगों की भागीदारी रही। साथ ही पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने यूपी चैप्टर की महिला उप-समिति- वीमेन इन बिजनेस अलायंस के लॉन्च की घोषणा की। इस पहल का उद्देश्य राज्य में महिला उद्यमियों को नेटवर्किंग, मेंटरशिप और संसाधनों तक पहुंच के लिए एक मंच देकर सशक्त बनाना और उनका समर्थन करना है।

उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री-एमएसएमई, खादी और ग्रामोद्योग, रेशम उत्पादन, हथकरघा, श्री राकेश सचान ने सत्र का उद्घाटन किया। उन्होंने जोर देकर इस बात का जिक्र किया कि आज प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के गतिशील नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है। उन्होंने राज्य की उद्यमिता, एमएसएमई और स्टार्टअप को बढ़ावा देने पर केंद्रित यूपी सरकार की विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना के हालिया लॉन्च की भी जानकारी दी जिसके माध्यम से सूक्ष्म उद्यमियों को 5 लाख तक की वित्तीय सहायता दी जा रही है। उत्तर प्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग के सचिव प्रांजल यादव ने अपने संबोधन में कहा कि भारत औद्योगीकरण के मामले में वैश्विक बाजार बन गया है और निवेश के अवसरों और व्यापारिक सहयोग के लिए पूरी दुनिया की नजर भारत पर है।



## के. कविता के आवास पर ईडी ने की छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली शराब नीति मामले में हैदराबाद में बीआरएस नेता के कविता के घर पर छापा मारा। यह कार्रवाई नेता द्वारा जांच एजेंसी द्वारा जारी किए गए समन को नजरअंदाज करने के बाद हुई है। तेलंगाना में एमएलसी कविता ने जांच एजेंसी द्वारा उन्हें जारी किए गए कम से कम दो समन को नजरअंदाज कर दिया है। मामले के सिलसिले में ईडी ने बीआरएस नेता से आखिरी बार मार्च 2023 में पूछताछ की थी। आरोप है कि कविता आप के संचार प्रमुख विजय नायर के संपर्क में थी, जो नीतियों के निर्माण और कार्यान्वयन के दौरान शराब उद्योग के व्यवसायियों और राजनेताओं से बातचीत कर रहा था। इससे पहले पूर्व चार्टर्ड अकाउंटेंट बुचिबाबू गोरंटला और अरुण रामचंद्र पिल्लई की गवाही दी गई। बुचीबाबू को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने फरवरी में गिरफ्तार किया था, जबकि पिल्लई को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले साल मार्च में गिरफ्तार किया था।

# बार- बार आंखें फड़कना गंभीर बीमारियों का संकेत

भारत में आंखों का फड़कना को अक्सर अंधविश्वास से जोड़ कर देखा जाता है। लोग इसे अशुभ मानते हैं। लेकिन आपको बता दें इसके पीछे वजह है। जब पलक की मांसपेशियों में ऐंठन होती है, तब आंख फड़कती हैं। ज्यादातर ऊपर वाली पलक ही फड़कती है जो कुछ मिनटों या घंटे में अपने आप ही बंद हो जाती है।

आंख फड़कना को न लें हल्के में

आंखों के फड़कने को मेडिकल की भाषा में मायोकेमिया कहते है, जो ज्यादातर स्ट्रेस, आई स्ट्रेन, नींद की कमी और एल्कोहल के सेवन की वजह से होता है। इसके अलावा जिन्हें विजन संबंधी प्रॉब्लम्स होती हैं, उनकी आंखों पर जोर पड़ने से भी ये फड़कने लगती हैं। कैफीन का सेवन जैसे की चाय, कॉफी और चॉकलेट भी इसकी वजह हो सकती है। हालांकि अगर नीचे और ऊपर की दोनों पलके फड़कने लगे और ऐसा लंबे समय तक चलता रहे तो ये किसी गंभीर बीमारी की चेतावनी हो सकती है।



**आईलिड मायोकेमिया**

इस स्थित में आंखों का फड़कना हल्का होता है और ज्यादातर ये बिजी लाइफस्टाइल के चलते होता है। इसकी वजह हो सकती है स्ट्रेस, आंकों की थकावट, कैफीन का ज्यादा सेवन, नींद का पूरा न होना या स्क्रीन के सामने ज्यादा समय बिताना। वैसे ऐसे में आंख फड़कना कुछ घंटों में बंद हो जाता है।

**बिनाइन इसेन्शियल ब्लेफेरोस्पाज्म**

ये बीमारी तब होती है जब आंखों की मांसपेशियां सिकुड़ने लगती हैं। इससे आंखों को नुकसान पहुंच सकता है। इस बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को अपनी आंखों की पलकें झपकते हुए दर्द महसूस होता है। इसमें कई बार आंखों को खोलना मुश्किल हो जाता है, आंखों में सूजन रहती है और धुंधला दिखाई देता है।

**हेमीफेशियल स्पाज्म**

ये सबसे खतरनाक बीमारी है, जिसका असर चेहरे पर भी दिखने लगता है। चेहरे का आधा हिस्सा सिकुड़ जाता है। इसकी शुरुआत आंखें फड़कने से होती हैं और बाद में गाल और मुंह की मांसपेशियां भी फड़कने लगती हैं।

### ऐसे करें बचाव

1- अपनी डाइट में कैफीन और जंक फूड कम करें। हरी सब्जियां और फल भरपूर मात्रा में लें और खूब सारा पानी पीएं।

2- अगर आपका स्क्रीन टाइम ज्यादा है तो आंखों को आराम दें। लंबी वॉक पर जाएं और एक्सरसाइज करें। भरपूर नींद लें।

3- एक्सपर्ट्स से सलाह लेकर लुब्रिकेंट आई- ड्रॉप का इस्तेमाल करें। इसे दिन में कम से कम 2-3 बार अपनी आंखों में डालें। इससे आंखों में नमी बनी रहेगी और ड्राई-आई की समस्या से राहत मिलेगी।